सुप्रभात
रांची, रविवार
08.10.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
khabarmantra.net
आश्विन, कृष्ण पक्ष, नवमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 88



12 एयर इंडिया ने जारी किया ए350 विमान का पहला लुक

## न्यूज डायरी

### वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया भारत का मुकाबला आज

**चेन्नई।** रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम अपने विश्व कप 2023 अभियान की शुरुआत 8 अक्टूबर को चेन्नई के चेपॉक से करेगी। 'चेपॉक' के नाम से मशहूर एमए चिदम्बरम स्टेडियम में भारत, ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। विश्व कप 2023 में यहीं से भारत अपने अभियान की शुरुआत करेगी। मैच के सभी टिकट बिक चुके हैं। चेन्नई में फिलहाल काफी ज्यादा गर्मी है। क्यूरेटर को बारिश का डर है।

### सिक्किम : लापता 142 लोगों की तलाश जारी

**गंगटोक/जलपाईगुड़ी।** सिक्किम में बादल फटने से तीस्ता नदी में अचानक आयी बाढ़ के बाद से लापता 142 लोगों की तलाश शनिवार को भी जारी रही। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार तड़के बादल फटने से अचानक आयी बाढ़ में सात सैनिक समेत 26 लोगों की मौत हो चुकी है।

### अवैध खनन : सुनील की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** साहिबगंज में एक हजार करोड़ के अवैध खनन मामले के आरोपित सुनील यादव की जमानत याचिका ईडी कोर्ट ने खारिज कर दी है। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने शनिवार को यह फैसला सुनाया।

### बाइक सवार महिला की मौत, दो अन्य गंभीर

**खूंटी।** खूंटी-रांची रोड में जियारप्पा के समीप शनिवार को सड़क हादसे में बाइक पर सवार हुस्ना परवीन (37) की मौत हो गयी, जबकि बाइक चला रही महिला के पति मो सिराज अंसारी तथा दूसरे बाइक सवार कर्रा थाना क्षेत्र के सोमा महतो गंभीर रूप से घायल हैं।

### प्रतुल शाहदेव के खिलाफ दर्ज मामला हुआ निरस्त

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव पर लातेहार के बालूमाथ थाने में दायर प्राथमिकी को निरस्त कर दिया। कोर्ट ने कहा कि यदि किसी निर्दोष व्यक्ति को अदालत के सामने बदनीयती से गलत प्राथमिकी दर्ज कर फंसाया जायेगा तो अदालत को हस्तक्षेप करना ही पड़ता है।

### पुलिया के नीचे से अज्ञात पुरुष का शव बरामद

**खूंटी।** शहर के बाजार टांड़ और सदर अस्पताल के समीप मुख्य पथ पर बनी पुलिया के नीचे शनिवार को एक अज्ञात पुरुष का शव बरामद किया गया। जलापूर्ति की पाइप लाइन में शव झूल रहा था।

### सायको : डोभा में डूब कर ग्रामीण की मौत

**खूंटी।** सायको थानांतर्गत दिगड़ी निवासी खुदिया नाग (45) की गांव के समीप स्थित एक डोभा में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही सायको थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के उपरांत स्वजनों को सौंप दिया।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 53,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 71,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# भारत का रिकार्ड प्रदर्शन, पहली बार सौ पार

## एशियन गेम्स : आखिरी दिन 'गोल्डन सिक्सर', 107 पदकों के साथ अभियान खत्म

- भारतीय एथलीटों ने एशियन गेम्स में कर दिया कमाल
- एथलेटिक्स में सबसे ज्यादा मेडल, देशभर में जश्न
- राष्ट्रपति, पीएम, सीएम हेमंत सोरेन ने दी बधाई

**एजेंसी**






**नयी दिल्ली।** भारत ने एशियन गेम्स में अपना अभी तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भारतीय एथलीटों ने 14वें दिन यानी शनिवार को 6 गोल्ड सहित कुल 12 मेडल अपने नाम किये। 28 गोल्ड, 38 सिल्वर और 41 ब्रॉन्ज समेत कुल 107 पदकों के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए अपने अभियान का समापन किया। आखिरी दिन भारत की मेंस क्रिकेट टीम ने गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। वहीं कबड्डी में भारतीय पुरुष और महिला टीम चैंपियन बने। बैडमिंटन के पुरुष युगल स्पर्धा में भारत को गोल्ड मिला वहीं आर्चरी के पुरुष और महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में भारतीय तीरंदाजों ने गोल्ड पर निशाना साधा। भारत ने एथलेटिक्स में सबसे ज्यादा 29 मेडल अपने नाम किये। वहीं शूटिंग में 22 पदक आये। 2018 में जकार्ता एशियाई खेलों में भारत ने सबसे ज्यादा 70 पदक हासिल किये थे, जिसमें, 19 स्वर्ण पदक थे। भारतीय दल के इस रिकार्डतोड़ प्रदर्शन पर राष्ट्रपति, पीएम, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन समेत देश भर के लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

**अंतिम दिन क्रिकेट में भी गोल्ड :** भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने एशियन गेम्स में गोल्ड जीत लिया। 14वें दिन भारत का मुकाबला अफगानिस्तान से हुआ। ये मैच बारिश के चलते पूरा नहीं हुआ और भारत की टीम को वरीयता के आधार पर जीता हुआ घोषित किया गया और गोल्ड मेडल दिया गया। महिला कबड्डी टीम ने शनिवार को यहां फाइनल में चीनी ताइपे के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में 26-25 से स्वर्ण पदक जीत लिया। भारत के ओजस देवतले ने पुरुष तीरंदाजी के कंपाउंड में स्वर्ण पदक जीतकर अपना तीसरा स्वर्ण पदक हासिल किया। देवतले ने अभिषेक वर्मा को हराकार फाइनल जीता। इससे पहले गुरुवार को ओजस देवतले, अभिषेक वर्मा और प्रथमेश जावकर की तिकड़ी ने स्वर्ण पदक हासिल किया था।

### पहली बार 107 पदक

72 सालों में भारत ने एशियाई खेलों में पहली बार 100 से अधिक पदक जीते। भारतीय दल के 107 पदकों में 28 स्वर्ण, 38 रजत और 41 कांस्य पदक शामिल हैं। एथलेटिक्स में सर्वाधिक 29 पदक जीते, जिनमें 6 स्वर्ण, 14 रजत और 9 कांस्य पदक शामिल हैं। इसके बाद भारत ने शूटिंग में 22 पदक जीते, जिनमें 7 स्वर्ण, 9 रजत और 6 कांस्य पदक शामिल हैं। कुश्ती में 6 (1 रजत और 5 कांस्य), क्रिकेट में 2 (दोनों स्वर्ण), कबड्डी में 2 (दोनों स्वर्ण), हॉकी में 2 (एक स्वर्ण और एक कांस्य), रोईंग में 5 (2 रजत, तीन कांस्य), स्क्वैश में 5 (2 स्वर्ण, 1रजत और दो कांस्य) और मुक्केबाजी में 5 (1 रजत और 4 कांस्य), सेलिंग में 3 (1 रजत और 2 कांस्य), घुड़सवारी में 2 (1 स्वर्ण, 1 कांस्य). वुशु में 1 रजत, टेनिस में 2 (1 स्वर्ण, एक रजत), गोल्फ में एक रजत, बैडमिंटन में 3 (1 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य), रोलर स्केटिंग में दो कांस्य, टेबल टेनिस में 1 कांस्य, कौनोई में 1 कांस्य, सेपकटक्रा में 1 कांस्य, ब्रिज में एक रजत, और शतरंज में दो रजत पदक शामिल है।

### महत्वपूर्ण उपलब्धि : पीएम



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू समेत पीएम मोदी ने एशियाई खेलों में भारतीय दल की इस ऐतिहासिक सफलता की सराहना की और विजेताओं को बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा-यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। पीएम मोदी ने कहा एशियाई खेलों में भारत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि! भारत के लोग रोमांचित हैं कि हम 100 पदकों की एक उल्लेखनीय उपलब्धि तक पहुंच गये। हर कोई आश्चर्यचकित है। प्रेरणादायक प्रदर्शन ने इतिहास रच दिया है और हमारे दिलों को गर्व से भर दिया है। पीएम मोदी 10 अक्टूबर को एशियाई खेलों में भारतीय दल की मेजबानी करेंगे। उन एथलीटों के साथ बातचीत करेंगे, जिन्होंने देश को 100 तक पहुंचने में मदद की।

## श्रीअन्न करमुक्त, लेबल लगाने पर पांच फीसदी लगेगा टैक्स

- गुड़, शीरा, जरी पर जीएसटी घटा कर पांच फीसदी करने का फैसला

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में शनिवार को जीएसटी काउंसिल की 52वीं बैठक ने लेबल वाले मोटे अनाज (श्रीअन्न) पर पांच प्रतिशत कर लगाने का फैसला किया। बैठक में गुड़ समेत कई प्रोडक्ट और जरी पर जीएसटी कम करने का फैसला भी किया गया। बैठक में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के वित्त मंत्री शामिल थे। बैठक में वित्त मंत्री ने कहा कि आटे को पैक करके उस पर लेबल लगाकर बेचने पर जीएसटी लागू होगा। ऐसा आटा जिसमें कम से कम 70 फीसदी मोटा अनाज हो, उसे खुला बेचने पर शून्य जीएसटी लागू होगा। वहीं पैक करके और लेबल लगाकर बेचने पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगेगा। मिलेट के आटे से बने खाद्य पदार्थों पर जीएसटी दर कम करने का सरकार का उद्देश्य इसकी सार्वजनिक पहुंच बढ़ाना है।

**गुड़ और जरी पर टैक्स घटा :** वित्त मंत्री ने बताया कि गुड़ पर जीएसटी की दरें घटाकर 5 फीसदी कर दी गयी हैं। अभी तक गुड़ पर 28 फीसदी की दर से टैक्स लग रहा था। (शेष पेज 11 पर)

#### हमास के रॉकेट हमले में 100 इजराइली मरे, जवाबी हमले में 200 की मौत

## आतंकवाद को कुचलने के लिए इजराइल ने उतारे फाइटर जेट

**एजेंसी**



**यरुशलम।** इजराइल और फिलिस्तीन के बीच चल रहा घमासान शनिवार को युद्ध में तब्दील हो गया। इजराइल पर आतंकी संगठन हमास के हमले में 100 लोगों की मौत हो गयी और 700 से अधिक लोग घायल हो गये। इजराइल ने जवाब में युद्ध का ऐलान कर जवाबी हमला कर दिया। फिलिस्तीन का दावा है कि इस जवाबी हमले में 198 लोगों की मौत हुई है और 1600 से अधिक लोग घायल हुए हैं। हमास के हमले के बाद इजराइल ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। आतंकवाद को कुचलने के लिए इजराइल के टैंक, आर्मी और फाइटर जेट उतार दिया। लड़ाकू विमान आतंकियों के ठिकानों पर भयंकर हमला कर रहे हैं। इजराइली हमले में दो सौ से भी अधिक लोगों के मारे जाने की खबर है। हमास के हमले की भारत, अमेरिका, ब्रिटेन समेत तमाम देशों ने कड़ी निंदा की है। अपने-अपने देशों के नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। (शेष पेज 11 पर)

## पुष्पवर्षा के साथ 10 को रांची पहुंचेगा कार्डिनल का शव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का पार्थिव शरीर 10 को कॉन्सटेंट लिवंस हॉस्पिटल मांडर से रांची लाया जायेगा। मांडर के पल्ली पुरोहित प्रेसेनन तिर्की व नीलम संदीप तिड़ू की अगुवाई में विशेष प्रार्थना के बाद विशेष वाहन से पार्थिव शरीर को वहां रवाना होगा। वाहन के पीछे-पीछे भारी संख्या में बाइक पर सवार लोग शामिल होंगे। पार्थिव शरीर काठीटांड़, दलादिली, कटहल मोड़, अरगोड़ा होते हुए अल्बर्ट एक्का चौक तक लाया जायेगा। इस मार्ग पर सड़क के एक किनारे मानव श्रृंखला बना कर लोग पार्थिव शरीर पर फूलों की बारिश करेंगे। मखमंदरो चर्च और ब्रांबे के कलीसिया उन्हें पुष्प अर्पित करेंगे। इसके साथ ही मांडर से रांची तक सड़क किनारे कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के कटआउट लगाये जा रहे हैं। कार्डिनल टोप्पो का निधन 4 अक्टूबर को शाम 3.45 बजे हो गया था। उनका पार्थिव शरीर लिवंस हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखा गया है। यहां उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों का आना जाना लगा हुआ।

**11 को शाम चार बजे दफन संस्कार :** दस को शाम 3 बजे कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का पार्थिव शरीर के लोगों के दर्शन के लिए संत मरिया महागिरजा घर चर्च में रखा जायेगा। 11 को सुबह 6 से 12 बजे तक लोग वहां अंतिम दर्शन कर सकेंगे। एक बजे लोयला मैदान में कलीसिया के लोग विधि संस्कार करेंगे। उसके बाद शाम चार बजे देश-विदेश के कार्डिनल, बिशप, पल्ली पुरोहित, सिस्टर की अगुवाई में संत मरिया महागिरजा चर्च में दफन संस्कार होगा।

## रांची-टाटा में कैंसर ओपीडी शुरू करेगा मेदांता गुरुग्राम

- यूरो आंकोलॉजी व रोबोटिक सर्जरी से होगा इलाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जनसंख्या के साथ यूरो आंकोलॉजी (प्रोस्टेट, किडनी और ब्लैडर के कैंसर) के मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। इसे देख मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम के यूरो आंकोलॉजी और रोबोटिक सर्जरी के कंसल्टेंट डॉ गोपाल शर्मा झारखंड की राजधानी रांची में ओपीडी सेवा शुरू कर रहे हैं। प्रेस क्लब के प्रेस कांफ्रेंस के दौरान डॉ गोपाल ने कहा कि झारखंड में यूरो आंकोलॉजी और रोबोटिक सर्जरी नहीं होने से बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए बड़े शहरों का रुख करते हैं। ऐसे में राजधानी रांची और जमशेदपुर में अंतिम सोमवार को ओपीडी सेवा शुरू होगी।

### रोबोटिक सर्जरी से जल्द ठीक होते हैं मरीज

डॉ गोपाल ने कहा कि जिन मरीजों को रोबोटिक सर्जरी की जरूरत पड़ेगी, उन्हें मेदांता गुरुग्राम ले जाकर इलाज किया जायेगा। ओपन सर्जरी से ज्यादा खर्च रोबोटिक सर्जरी में होता है, लेकिन इससे मरीजों को ज्यादा समस्या नहीं होती और वे जल्द ही रिकवर करते हैं। इसमें रक्तस्राव और दर्द भी कम होता है। संक्रमण का खतरा कम होने से मरीज को अस्पताल में कम दिन रहना पड़ता है। वे जल्द अपने काम में वापस लौट जाते हैं। मेदांता गुरुग्राम के यूरो आंकोलॉजी और रोबोटिक सर्जरी विभाग के वाइस चेयरमैन डॉ गगन गौतम ने कहा कि चिकित्सा का क्षेत्र उन्नत होते जा रहा है। इसी कड़ी में रोबोटिक सर्जरी से जान को जोखिम बहुत कम है।

## तीन साइबर अपराधी धराये, सामान बरामद

**जामताड़ा।** साइबर थाना की पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर खोल साइबर अपराध करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने जामताड़ा जिला के सोमबाद में छापेमारी कर तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। हालांकि एक अपराधी भागने में सफल रहा। पकड़े गये साइबर अपराधियों में अनवर अंसारी, मनीर अंसारी और सगीर अंसारी शामिल हैं। तीनों जामताड़ा के ही रहने वाले हैं। पुलिस ने साइबर अपराधियों के पास से 15 मोबाइल, 21 फर्जी सिम कार्ड, एक लैपटॉप, दो वाईफाई डोंगल, तीन एटीएम कार्ड, पांच बैंक पासबुक, तीन चार पहिया वाहन जब्त किया है।

## एंटी नक्सल अभियान अब आइआरबी के हाथ

- सीआरपीएफ बटालियन सारंडा में होगा शिफ्ट
- पुलिस मुख्यालय ने जारी किया आदेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अब आइआरबी (इंडियन रिजर्व बटालियन) के हाथों में नक्सल विरोधी अभियान की कमान होगी। झारखंड-बिहार सीमा पर नक्सल अभियान में सीआरपीएफ की जगह आइआरबी के जवानों को तैनात किया जायेगा। आइआरबी के जवानों की तैनाती बिहार से सटे पलामू के इलाके में की जायेगी। इस संबंध में झारखंड पुलिस मुख्यालय की तरफ से आदेश जारी कर दिया गया है। दो दशक के बाद बिहार सीमा पर सीआरपीएफ की जगह आइआरबी नक्सल विरोधी अभियान का नेतृत्व करेगी। पलामू में सीआरपीएफ 134 बटालियन की सात कंपनियां तैनात थीं। चतरा और लातेहार सीमा पर तैनात थी। सीआरपीएफ की कंपनियों को हटा दिया गया है। पलामू के लेस्लीगंज में आइआरबी और जैप का मुख्यालय है।

### पलामू में जल्द होगी तैनाती

आइआरबी की टुकड़ी जल्द ही पलामू में तैनात होगी। पलामू के लेस्लीगंज में आइआरबी और जैप का मुख्यालय है। पलामू में तैनात सीआरपीएफ के 134 बटालियन को क्लोज किया जा रहा है। उन्हें सारंडा के इलाके में शिफ्ट किया जा रहा है। 1995-96 में पहली बार नक्सल विरोधी अभियान के लिए पलामू में सीआरपीएफ की दो कंपनी पहुंची थी। वर्ष 2003-04 में पहली बार पूरी बटालियन की तैनाती की गयी थी। कई इलाकों में ग्रामीण सीआरपीएफ को हटाने के विरोध में सीएम को पत्र भी लिखा है।

## सीएम कल करेंगे सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास

### तीन वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य, 484.35 करोड़ की लागत आयेगी, 1,11,174 आबादी को फायदा

- दो जिलों की 13,164 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** देवघर और जामताड़ा जिलान्तर्गत सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास नौ को होगा। इससे 13,164 हेक्टेयर भूमि सिंचित हो सकेगी। सीएम हेमंत सोरेन सोमवार को ग्राम सिकटिया, प्रखंड सारठ, जिला देवघर में इस मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास करेंगे। इस योजना का निर्माण 484.35 करोड़ रुपये से होगा। इस योजना के क्रियान्वयन के फलस्वरूप देवघर और जामताड़ा जिला चार प्रखंड के 27 पंचायत की 1,11,174 आबादी को लाभ होगा। इसमें 13,930 अनूसूचित जाति एवं 26,346 अनूसूचित जनजाति के लोग भी रहते हैं। योजना से सारठ प्रखण्ड के 06, करों प्रखंड के 06, विद्यासागर प्रखंड के 12 और जामताड़ा प्रखंड के 03 पंचायत के किसानों को लाभ होगा। योजना का कार्य तीन वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य तय किया गया है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने दुमका जिला अंतर्गत मसलिया एवं रानेश्वर प्रखंड में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मेगा लिफ्ट योजना का निर्माण प्रारंभ कराया है, जिससे 22 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। (शेष पेज 11 पर)

### क्यों तैयार की गयी योजना



देवघर और जामताड़ा जिला अंतर्गत सारठ, करो, विद्यासागर एवं जामताड़ा प्रखंड में नदी तल से अधिक ऊंचाई पर खेती योग्य भूमि में पारंपरिक नहर प्रणाली से सिंचाई संभव नहीं होने तथा इस प्रणाली में खेती योग्य भूमि का बहुत ज्यादा भू -अर्जन के कारण भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से जल लिफ्ट कर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना तैयार की गयी है। इसके जरिए पंपिंग के लिए जल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सिकटिया ग्राम के समीप अवस्थित अजय बराज के अपस्ट्रीम से पंप मोटर से जल पाइपलाइन के माध्यम से सिंचित क्षेत्र में चकवार सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराया जायेगा। प्रस्तावित पटवन क्षेत्र में धान के अतिरिक्त सरसों, मूंग, गेहूं एवं मक्का की खेती भी संभव हो सकेगी। खेती एवं पशुओं को पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अधिक वर्षा होने और खेतों में जल की जरूरत सीमित होने की स्थिति में पानी को स्थानांतरित कर नजदीक के तालाबों को भरने का प्रावधान किया है, ताकि ग्रामीणों को तालाबों के माध्यम से हमेशा जल मिल सके।

#### भैरवी में बहे पटना के दो युवकों को बचाया

## लातेहार में 6 लड़कियां डूबीं एक की मौत , एक लापता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़, लातेहार।** सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर स्थित भैरवी नदी के तेज बहाव में शनिवार को बिहार के दो युवक बह गये। दामोदर भैरवी संगम स्थल के पास दोनों युवक बचते-बचाते एक गड्ढे में किसी तरह चट्टान को पकड़े और खड़े होकर जान बचाने की गुहार लगाने लगे। यह देख स्थानीय और मंदिर न्यास समिति के पुजारी कड़ी मशक्कत के बाद दोनों युवकों को सकुशल नदी की तेजधार से बाहर निकाले। वहीं लातेहार के मनिका के भटको में शनिवार को औरंगा नदी में नहाने गयीं 6 बच्चियां डूब गयीं। चार लड़कियों को किसी तरह बचा लिया, एक लड़की तेज धार में बह गयी। वहीं एक लड़की की डूबने से मौत हो गयी।

**पटना से पूजा करने आये थे :** पटना से श्रद्धालुओं की एक टोली शनिवार को मां छिन्नमस्तिका के दर्शन करने के लिए पहुंची थी। (शेष पेज 11 पर)

## खबर एक नजर में

### झारखंड में शनिवार को डेंगू के मिले 54 मरीज



रांची। झारखंड में डेंगू का कहर खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को राज्य भर में डेंगू के 363 संदिग्ध मरीज मिले। जांच के बाद 54 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई। सबसे अधिक गिरिडीह जिले में डेंगू के 34 मरीज मिले। वहीं पूर्वी सिंहभूम में 17 मरीज मिले हैं। पश्चिमी सिंहभूम में 3 मरीज मिले हैं। वहीं राज्य में चिकनगुनिया के 45 संदिग्ध मामले मिले हैं। हालांकि जांच के बाद किसी भी मरीजों में चिकनगुनिया की पुष्टि नहीं हुई है।

### आजसू पार्टी की बैठक आज रांची में



रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता में पार्टी के सांसद, विधायकों, पूर्व मंत्रियों, जिला परषिद अध्यक्षों, उपाध्यक्ष्यों, सभी जिला अध्यक्षों, कार्यकारी अध्यक्षों एवं प्रमुख नेताओं के साथ संगठन विस्तार पर चर्चा के लिए महत्वपूर्ण बैठक बुलायी गयी है। यह बैठक रांची के हरमू स्थित पार्टी केंद्रीय कार्यलय में सुबह 10 बजे से होगी। बैठक में महाधिवेशन में लिये गए नवनिर्माण संकल्प समागम के निर्णयों पर चर्चा होगी।

### प्रदेश युवा कांग्रेस का मिलन समारोह आज

रांची। झारखण्ड प्रदेश युवा कांग्रेस कमिटी के द्वारा रविवार को युवा कांग्रेस मिलन सम्मेलन का आयोजन गीतांजलि बैंक्वेट हॉल, टैगोर हिल रोड, चिरौंदी, मोरहाबादी में किया गया है। कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे, भारतीय युवा कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अलावरु, कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख तथा झारखंड युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्षों की उपस्थिति होगी। कार्यक्रम का उद्देश्य वर्तमान तथा पूर्व जिलाध्यक्ष के साथ प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों को परस्पर संवाद के लिए एक मंच पर लाना है।

### भगवान भगत की जमानत पर आदेश सुरक्षित

रांची। साहिबगंज के पत्थर कारोबारी भगवान भगत की जमानत अर्जी पर ईडी कोर्ट में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने मामले में आदेश सुरक्षित रखा है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता पांडेय नीरज राय ने पैरवी की। बताते चलें कि भगवान भगत साहिबगंज में एक हजार करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले से जुड़ा हैं। ईडी इनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर चुकी है। भगवान भगत को ईडी ने 7 जुलाई को गिरफ्तार किया था। वह पंकज मिश्रा का खास सहयोगी माना जाता है। वह पत्थर खनन के पैसे पंकज मिश्रा को भी पहुंचाता था।

### झारखंड मोटरगाड़ी नियमावली-2023 के प्रारूप पर 28 अक्टूबर तक मांगे गये सुझाव

रांची। राज्य सरकार की ओर से झारखंड मोटरगाड़ी (संशोधन) नियमावली 2023 तैयार की गयी है। परिवहन विभाग, झारखंड ने इस नियमावली के प्रारूप को और बेहतर करने की योजना बनायी है। इसके लिए विभाग की ओर से विभागीय वेबसाइट पर जारी भी कर दिया गया है। विभागीय उप सचिव के स्तर पर जारी सूचना में कहा गया है कि मोटरगाड़ी नियमावली के प्रारूप पर जनसाधारण एवं प्रभावित व्यक्तियों से आपत्ति ली जानी है। चाहें तो इसके लिए सुझाव भी दिए जा सकते हैं। आपत्ति, सुझाव के लिए 21 दिनों के अंदर (28 अक्टूबर तक) अपनी राय साझा की जा सकती है। इसके लिए एफएफपी भवन, धुर्वा (रांची) स्थित विभागीय सचिव के पते पर डाक द्वारा इसे भेजा जा सकता है। मेल आईडी के जरिये भी आपत्ति, सुझाव दिए जा सकते हैं।

### झारखंड में हो जातीय जनगणना : लालचंद



रांची। पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष और झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री लालचंद महतो ने झारखंड में भी जल्द जातीय जनगणना कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में जातीय जनगणना करने का साहसिक कदम उठाया है, जिसका पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा सराहना करता है। झारखंड में फिलहाल इंडिया गठबंधन की ही सरकार है। ऐसे में झारखंड में भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सभी दलों को विश्वास में लेकर अविलंब जातीय जनगणना कराने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर प्रस्ताव पास कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की भूमिका इस मामले में हमेशा से संदिग्ध रही है। इस मामले में भाजपा को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए।

### जेएससएसी ने निकाली 863 पदों पर वेकेंसी

रांची। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने झारखंड इंटर स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा- 2023 के लिए आवेदन मांगा है। कुल 863 पदों पर नियुक्ति होनी है। आवेदन शुल्क 100 रुपये निर्धारित किया गया है। इसके लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास होनी चाहिए। उम्र सीमा जनरल के लिए 35 वर्ष, बीसी-1 और बीसी-2 के लिए 37 वर्ष, महिलाओं के लिए 38, अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के लिए 40 वर्ष है। इच्छुक अभ्यर्थी जेएसएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 20 अक्टूबर 2023 से 19 नवंबर 2023 तक आवेदन करने की तिथि निर्धारित है। आवेदन में हुई त्रुटि के सुधार के लिए 27 नवंबर 2023 से 29 नवंबर 2023 तक का डेट निश्चित किया गया है।

### धनबाद बाजार समिति में गड़बड़ियों की जांच करेंगे धनबाद एसडीओ

रांची। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री सह धनबाद जिले के प्रभारी मंत्री बन्ना गुप्ता ने धनबाद एसडीओ को धनबाद बाजार समिति में गड़बड़ी की जांच करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में व्यपारियों ने मंत्री बन्ना गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर भ्रष्टाचार के आरोपी प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी राकेश सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। स्वास्थ्य मंत्री ने व्यापारी अनिल कुमार जैन की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसडीओ धनबाद से जांच करने का निर्देश दिया है। मंत्री ने एसडीओ को लिखे पत्र में कहा है कि इस मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने से व्यापारियों में मायूसी है। उनकी शिकायतों पर अभिलंब कार्रवाई करें। निर्देश के बाद एसडीओ ने दो अधिकारियों को इस जांच की जिम्मेवारी दी है। उन्हें तीन दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट देने को कहा है। हालांकि कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीक के आदेश पर धनबाद डीसी ने मामले की जांच एडीएम स्तर के अधिकारी से कराकर कृषि सचिव को भेज दी है। वहीं मार्केटिंग बोर्ड की एमडी ने भी पूरे मामले की जांच पत्राचार लिपिक से कराकर कृषि सचिव को सौंप दी है।

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन से की शिकायत

# जेएसइआरसी से बिना अनुमोदन के जेयूएसएनएल ने जारी किया टेंडर

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने ऊर्जा विभाग झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड (जेयूएसएनएल) द्वारा जारी टेंडरों को लेकर सवाल उठाया है। इसे लेकर उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन को भी चिट्ठी भी लिखी है। उन्होंने कहा है कि जेयूएसएनएल ने एक निविदा निकाली है। इसे जेएसइआरसी के द्वारा अनुमोदन नहीं दिया गया है। उसके मुताबिक इसकी अभी कोई जरूरत नहीं है। दो ग्रिड सब स्टेशन (चांडिल-169 करोड़, कोडरमा-213 करोड़) के लिए निकाली गयी निविदा की अनुमानित लागत 382 करोड़ रुपये है। जेएसइआरसी के अनुमोदन के बिना इस निविदा को निकाला जाना सरकारी राशि का दुरूपयोग है, क्योंकि भविष्य में बिजली दर निर्धारण के समय यह खर्च न्यायसंगत नहीं होगा। साथ ही इस पर जेएसइआरसी के द्वारा टैरिफ निर्धारण में कोई विचार नहीं किया जायेगा।

### राज्य में बन रहा अनियमितता का कीर्तिमान



बाबूलाल मरांडी ने लिखा है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में जेएसइआरसी द्वारा 175 करोड़ रुपये का थ्रेस होल्ड लिमिट तय किया गया है। यदि इसके उपर कोई कार्य का निष्पादन होना है, तो उसे टीबीसीबी के माध्यम से होना है न कि आरटीएम के माध्यम से। परंतु 213 करोड़ रुपये के कार्य कराये जा रहे हैं जो नियम विरुद्ध हैं। इसके अलावा बलियापुर व अन्य जगहों के लिए निविदा निकाली गयी है। इस पर जेएसइआरसी का अनुमोदन नहीं लिया गया है। इस कार्य को भी जेएसइआरसी के द्वारा मना किया जा चुका है। ये सारे कार्य नियम कानून को ताक पर रख कर किए जा रहे हैं। बाबूलाल ने सवाल उठाते कहा है कि सीएम ऊर्जा विभाग के मंत्री भी हैं। उनकी सहमति के बिना कोई अधिकारी इतनी बड़ी अनियमितता का नया कीर्तिमान कैसे बना सकते हैं? सीएम से अनुरोध करते हुए बाबूलाल ने इस मसले पर समुचित कार्रवाई करने की मांग की है।

### आरोप लगाने के पहले पीपीए और जेएसइआरसी का एप्रूवल लेटर का अध्ययन करना चाहिए था...

**बाबूलाल के आरोप पर ऊर्जा विभाग के ट्रांसमिशन एमडी केके वर्मा ने रखा पक्ष**

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी के आरोप पर ऊर्जा विभाग ट्रांसमिशन निगम के एमडी केके वर्मा ने पक्ष रखा है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी को यह आरोप लगाने से पहले उन्हें पूरा पीपीए एक बार पढ़ लेना चाहिए, या फिर किसी जानकार से पढ़वा लेना चाहिए। श्री वर्मा ने कहा कि आरोप लगाने से पहले बिजली अफसरों से बात कर लेनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि पतरातू के पूरे प्रोजेक्ट की कड़ी मॉनिटरिंग होती है। वर्ष 2016 में ही नियामक आयोग ने इसे रूल एंड रेगुलेशन के तहत एप्रुव कर दिया था।

**केके वर्मा ने जारी किया जेएसईआरसी का पत्र** : श्री वर्मा ने कहा कि बाबूलाल ने आरोप लगाया है कि जेएसईआरसी के अनुमोदन के बिना टेंडर निकला है, और यह सरकारी राशि का दुरपयोग है। अगर भविष्य में बिजली दर निर्धारण के समय यह खर्च न्यासंगत नहीं हुआ तो जेएसईआरसी टैरिफ निर्धारण पर कोई विचार नहीं करेगा। वर्मा ने कहा कि बहुत अजीब बात है बिना जानकारी लिए यह बातें कही गईं।

### भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव पर दर्ज प्राथमिकी हाइकोर्ट से निरस्त



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड हाईकोर्ट से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव को बड़ी राहत मिली है। उन पर लातेहार के बालूमाथ थाने में दर्ज प्राथमिकी को हाईकोर्ट ने निरस्त कर दिया है। प्रतुल शाहदेव पर मंटु राम नामक व्यक्ति ने मारपीट करने, जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने व हत्या के प्रयास को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। गवाहों की सूची में एजाज अंसारी, पूर्व पत्रकार आदर्श रविराज आदि का नाम दिया था। इसके खिलाफ प्रतुल शाहदेव ने झारखंड हाईकोर्ट का रुख किया था। उन्होंने अपनी याचिका में खुद को निर्दोष बताते हुए कहा था कि चंदवा के अभिजीत प्लांट में स्क्रैप की लूट के खिलाफ आवाज उठाने के कारण प्रशासन और स्क्रैप माफियाओं की शह पर फर्जी मुकदमा कराया गया है। प्रतुल की ओर से वरीय अधिवक्ता और पूर्व महाधिवक्ता अजीत कुमार ने दलील देते हुए इस पूरी प्राथमिकी को स्क्रैप माफिया की साजिश बताया। दस्तावेज पेश कर कोर्ट में शिकायतकर्ता और गवाहों के आपराधिक इतिहास को भी दिखाया। उन्होंने प्राथमिकी दर्ज करने में 6 माह के विलंब पर भी बड़ा प्रश्न उठाया।

हाईकोर्ट ने इस मामले में प्रतुल शाहदेव को निर्दोष बताते हुए दर्ज प्राथमिकी को फर्जी पाया और उसे निरस्त करने का आदेश दिया। कहा कि अगर किसी निर्दोष व्यक्ति को अदालत के सामने बदनीयती से गलत प्राथमिकी दर्ज कर फंसाया जाएगा, तो अदालत को हस्तक्षेप करना ही पड़ता है। उच्च न्यायालय ने कहा कि पूरी प्लानिंग करके शिकायतकर्ता ने प्राथमिक में ऐसी घटनाओं का उल्लेख किया है, जिससे लगाई गई धाराओं को बल मिल सके। अदालत ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि यह प्राथमिकी एक सोची समझी प्लानिंग के तहत किया गया है।

## थिंक-2024 एक विजन है और उस लक्ष्य के तहत काम करेगी प्रोफेशनल्स कांग्रेस

# समाज की मजबूती और उत्थान व्यापार के बिना संभव नहीं हो सकता : अविनाश पांडे




खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल की अध्यक्षता में शनिवार को रांची में थिंक-2024 का आयोजन किया गया। मौके पर झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि हर व्यक्ति सबसे पहले देश का नागरिक होता है, कोई भी समाज बिना व्यापार से मजबूत नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि तीन राज्यों के निर्माण को मैंने नजदीक से देखा है झारखंड में जो स्किल्ड, सोच, बुद्धिजीवी वर्ग का समूह है वह अन्य राज्यों में नहीं है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि हमारी सरकार प्रोफेशनल्स के मुद्दे को लेकर काफी संजीदा है। उन्होंने कहा कि हमारे पास मानव श्रम होते हुए भी लोग रोजगार के लिए बाहर पलायन कर रहे हैं। इस पर रोक लगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में बेरोजगारी बढ़ी है। मोदी सरकार के आने से देश में आर्थिक समानता काफी बढ़ी है।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि व्यापार क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए जब तक पब्लिक पार्टनरशिप नहीं होगा तब किसान का उत्पादन खराब होता रहेगा। खनिज भंडार से समृद्ध हमारे झारखंड राज्य में अद्यौगिक विकास के क्षेत्र में स्वर्णिम अवसर है। राज्य में ऐसे उद्योगों की स्थापना की जाय जो रोजगार के सृजन के साथ साथ राज्य सरकार को राजस्व की भी प्राप्ति हो सके।

कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि हर व्यक्ति अपने राज्य के लिए, प्रोफेशन के लिए, अपने करियर के लिए अच्छा करना चाहता है। राजनीति एक अच्छा विषय है जिसके जरिये राज्य का विकास होता है, हालांकि आजकल यह क्षेत्र पैसा बन गया है जिससे भ्रष्टाचार बढ़ गया है। प्रोफेशनल्स लोगों को सेवा के क्षेत्र में आगे आने की जरूरत है।

मौके पर प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि झारखंड में प्रोफेशनल्स कांग्रेस सभी व्यापारी वर्ग के लोगों को पार्टी से जोड़कर थिंक 2024 के लक्ष्य के साथ राहुल गांधी की सपनों को पूरा करने का काम करेगी।

प्रोफेशनल्स कांग्रेस के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि झारखंड प्रदेश में प्रोफेशनल्स कांग्रेस थिंक-2024 लक्ष्य के तहत पूरी संजीदगी के साथ काम करेगी और प्रोफेशनल्स के मुद्दों को पार्टी संगठन और सरकार के बीच समन्वय बनाकर निवारण करने का काम करेगी।

# ई-विद्यावाहिनी को लेकर नया आदेश जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् की परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी ने ई-विद्यावाहिनी को लेकर नया आदेश जारी किया है। इसकी जानकारी सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक को दे दी गयी है। इसमें दिए गए निर्देश का पालन हर हाल में 31 अक्टूबर, 2023 तक पूरा करने को कहा है। जारी आदेश में निदेशक ने लिखा है कि वर्ष 2023-24 में छात्रवार आंकड़ा ई-विद्यावाहिनी के माध्यम से अद्यतन/प्रोग्रेशन और नए बच्चों का संकलन 31 जुलाई, 2023 तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया था। खेद के साथ सूचित करना है कि अब तक आपके जिले द्वारा उक्त कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। उक्त के संबंध में कई निर्देश दिए गए हैं।

**छात्र संबंधित आंकड़ों के संकलन और अपडेशन का आदेश :** वर्ष 2022-23 में नामांकित सभी छात्र-छात्राओं का प्रोग्रेसन उनके वार्षिक प्राप्तांक, उपस्थिति दिवस, प्राप्त पोशाक एवं पाठ्य पुस्तक के आंकड़ों के साथ वर्ष 2023-24 के लिए किया जाना है। वर्ष 2023-24 में नामांकित सभी नए विद्यार्थियों के आंकड़ों की प्रविष्टि ई-विद्यावाहिनी में की जानी है। भारत सरकार द्वारा प्राप्त डीसीएफ के आधार पर वर्ष 2023-24 में यू-डायस मैनडेटरी फिल्ड्स में कुछ नए फिल्ड्स जोड़े गए हैं। इसलिए सभी छात्रों के आंकड़ों का यू-डायस मैनडेटरी फिल्ड्स में नए फिल्ड्स का अपडेशन किया जाना है।

विद्यालय स्तर से यह सुनिश्चित और सत्यापित किया जाना है कि वर्ष 2023-24 में नामांकित सभी बच्चों का विवरण यथा वर्ग, वर्ग अनुभाग, कोटि, छात्र लिंग, आधार संख्या, बैंक खाता जैसे आंकड़े की जानकारी सही भरी गई है।

शत प्रतिशत छात्रों का आधार संख्या और बैंक खाता अद्यतन एवं ई-विद्यावाहिनी के आंकड़ों के आधार पर छात्रों के चाइल्ड इंटाइटलमेंट की राशि डीबीटी करने की पूर्ण जबावदेही प्रखंड संसाधन केंद्र एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कार्यरत लेखापाल-सह-कम्प्यूटर ऑपरेटर की होगी।

**विद्यालय संबंधित आंकड़ों के संकलन एवं अपडेशन** : जिला अंतर्गत भौतिक रूप से संचालित सभी कोटि एवं प्रबंधन के विद्यालय जिसे अब तक यू-डायस कोड आवंटित नहीं किया गया है, को ई-विद्यावाहिनी में जोड़ा जाना है। साथ ही, सभी विद्यालयों के आधारभूत संरचना, शिक्षक एवं छात्र से संबंधित आवश्यक आंकड़ों का संकलण ई-विद्यावाहिनी के माध्यम से किया जाना है।

### 80 उत्कृष्ट विद्यालयों समेत 41 अन्य स्कूलों में लागू होगी हर्ष जोहार पाठ्यचर्या योजना

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड के शिक्षा विभाग द्वारा 80 उत्कृष्ट विद्यालयों और और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को मिलाकर कुल 121 स्कूलों में हर्ष जोहार कार्यक्रम के तहत हर्ष जोहार पाठ्यचर्या को लागू करने की पहल की जा रही है। इसे लेकर 80 उत्कृष्ट विद्यालयों और कस्तूरबा विद्यालयों में से प्रत्येक विद्यालय से 10 शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण प्रोजेक्ट के तहत हर्ष जोहार कार्यक्रम चलाया जा रहा है, इसी के तहत राज्य के 121 स्कूलों में बच्चों के अंदर सोशल इमोशनल लर्निंग, एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग, इंटरैक्टिव सेशंस, सेफ स्पेस फॉर लर्निंग आदि के माध्यम से जीवन कौशल विकसित किया जाएगा। यह पाठ्यक्रम 6 से 12वीं तक के बच्चों के लिए होगा।

हर्ष जोहार पाठ्यचर्या के तहत बच्चों में भावनात्मक लचीलापन विकसित करने, महत्वपूर्ण विचार कौशल, जिम्मेदार निर्णय लेने, आत्म जागरूकता, आत्म सम्मान, विकासोन्मुख मानसिकता, सकारात्मक संबंध स्थापित करने और उसे बनाये रखने, दूसरों के प्रति सहानुभूति रखने जैसे जीवन कौशल विकसित किये जाएंगे।

## पुलिस ड्यूटी मीट-2023 संपन्न, दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय पुलिस ड्यूटी मीट में भाग लेंगे विजयी प्रतिभागी

# दुमका ओवर-ऑल चैंपियन, रांची टीम बनी रनरअप



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राजधानी रांची के जैप वन ग्राउंड में चल रहे तीन दिवसीय पुलिस ड्यूटी मीट 2023 शनिवार को संपन्न हो गया। तीन दिनों तक चले इस आयोजन के दौरान झारखंड पुलिस की सात टीमों के प्रतिभागियों ने अपराध अनुसंधान के विषयों को लेकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। झारखंड पुलिस ड्यूटी मीट में सर्वाधिक पुरस्कार के साथ दुमका ओवर ऑल चैंपियन बनी, जबकि रांची की टीम दूसरे स्थान पर रही। समापन समारोह के मुख्य अतिथि मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने 4 से 07 अक्टूबर तक चली प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न और कप देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान डीजीपी अजय कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड में पुलिसिंग को दुरूस्त करने के लिए हर तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। झारखंड पुलिस ड्यूटी मीट एक बेहतर मंच है जहां आकर प्रतियोगिता के तौर पर पुलिसकर्मी अपने अनुसंधान के गुर का प्रदर्शन करते हैं। प्रतियोगिता में विजेता रहे पुलिसकर्मी दिल्ली में राष्ट्रीय पुलिस ड्यूटी मीट में शामिल होंगे। इसके लिए उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।



### पुलिस मजबूत हो तभी जनता सुरक्षित : मिथिलेश

पुलिस ड्यूटी मीट समापन समारोह के मुख्य अतिथि मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि पुलिस मजबूत होगी तभी जनता सुरक्षित रहेगी। मिथिलेश ठाकुर के अनुसार हमारी पुलिस अब तकनीकि रूप से दक्ष है। मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ झारखंड पुलिस में अभूतपूर्व सफलता पाई है। उन्होंने डीजीपी से यह अनुरोध किया कि साइबर क्राइम पर विशेष तौर पर काम होना चाहिए ताकि राज्य से साइबर अपराध का भी खात्मा हो सके।

### शाहदेव प्रसाद ने जीते सबसे ज्यादा मेडल

पुलिस ड्यूटी मीट 2023 में संथाल रेंज का दबदबा रहा। सर्वाधिक पुरस्कार के साथ दुमका ओवरऑल चैंपियन रहा, दूसरा स्थान रांची जिला रहा। सबसे ज्यादा मेडल देवघर जिला बल के शाहदेव प्रसाद ने जीता है।

### किस प्रतियोगिता में कौन कितने नंबर पर रहा

**फॉरेंसिक साइंस (लिखित)**
इंस्पेक्टर शाहदेव प्रसाद, देवघर सब इंस्पेक्टर मीनू कुमारी, वेस्ट सिंहभूमसब इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार, बोकारो

**फिंगर प्रिंट (प्रेक्टिकल एंड ओरल)**
सब इंस्पेक्टर नविता कुमारी, लोहरदगा इंस्पेक्टर अनिल कुमार तिवारी, एटीएससब इंस्पेक्टर मीनू कुमारी, वेस्ट सिंहभूम

**फोटोग्राफी (सीन एंड क्राइम)**
इंस्पेक्टर शाहदेव प्रसाद, देवघर इंस्पेक्टर अनिल कुमार तिवारी, एटीएस सब इंस्पेक्टर मीनू कुमारी, वेस्ट सिंहभूम

**क्राइम इंवेस्टिगेशन लॉ रूल्स एंड प्रोसिजर्स एंड कोर्ट जजमेंट**
इंस्पेक्टर शाहदेव प्रसाद, देवघर सब इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार, बोकारो इंस्पेक्टर राजीव रंजन (साहेबगंज)और अनिल तिवारी ( एटीएस)

**मेडिको लीगल (ओरल)**
इंस्पेक्टर शाहदेव प्रसाद, देवघरसब इंस्पेक्टर नविता कुमारी महतो, लोहरदगा सब इंस्पेक्टर रवि शंकर, रांची

**लिफ्टिंग पैकिंग एंड फारवार्डिंग ऑफ एविजविट्स**
सब इंस्पेक्टर इकबाल हुसैन, कोडरमा सब इंस्पेक्टर रोहित कुमार कालिंदी, रांची इंस्पेक्टर सतीश कुमार, सीआईडी और सब इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार, बोकारो

## झारखंड में बढ़ी हैं हत्या की घटनाएं

# हत्या के मामले में रांची टॉप पर, जुलाई में हुई 18 हत्या

| जिला | जून | जुलाई | जिला | जून | जुलाई |
|---|---|---|---|---|---|
| रांची | 11 | 18 | रामगढ़ | 02 | 03 |
| खूंटी | 02 | 07 | कोडरमा | 03 | 05 |
| गुमला | 06 | 10 | चतरा | 11 | 10 |
| सिमडेगा | 06 | 05 | गिरिडीह | 10 | 08 |
| लोहरदगा | 01 | 05 | धनबाद | 13 | 07 |
| चाईबासा | 05 | 05 | बोकारो | 03 | 05 |
| सराइकेला | 03 | 07 | दुमका | 05 | 06 |
| जमशेदपुर | 07 | 06 | गोड्डा | 09 | 05 |
| पलामू | 16 | 14 | जामताड़ा | 01 | 02 |
| लातेहार | 04 | 09 | देवघर | 06 | 08 |
| गढ़वा | 15 | 09 | साहेबगंज | 04 | 02 |
| हजारीबाग | 07 | 16 | पाकुड़ | 03 | 01 |

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड में लोग एक दूसरे के खून के प्यासे हो गये हैं। यदि स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की बात करें तो झारखंड में हत्या की घटनाओं में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है। हत्या की सबसे अधिक वारदात जून और जुलाई महीने में हुई है। जून में हत्या की 151 घटनाएं घटित हुई थी, जबकि जुलाई में 173 हो गयी।

झारखंड में पलामू और हजारीबाग जिला में सबसे अधिक हत्या की घटनाएं हुई हैं। वहीं, राज्य की राजधानी रांची में जुलाई में हत्या की वारदात 18 रिकॉर्ड किया गया है। कहा जा सकता है हत्या के मामले में रांची टॉप पर है।

स्पीड न्यूज

## राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में नेत्र शिविर का शुभारंभ

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से टाटा स्टील एवं निप्पन स्टील की संयुक्त उपक्रम जेसीएपीसीपीएल के कम्पनी सामाजिक दायित्व अभियान के तहत इस वर्ष का दूसरा नेत्र शिविर बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में शुभारंभ हुआ, जाने माने नेत्र चिकित्सक डॉ बी पी सिंह एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम ने 64 नेत्र रोगियों के आंखों की जांच की तथा 38 मोतियाबिन्द ग्रस्त नेत्र रोगियों का चयन किया। इन नेत्र रोगियों के स्वास्थ्य जांच के पश्चात रविवार को राम मनोहर लोहिया नेत्रालय के ऑपरेशन थियेटर में नेत्र चिकित्सक डॉ बी पी सिंह, डॉ. भारती शर्मा, डॉ पूनम सिंह, डॉ विवेक केडिया, डॉ. आनन्द सुश्रुत एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा ऑपरेशन लेंस प्रत्यारोपण किया जायेगा। आज नेत्र जांच के अवसर पर जेसीएपीसीपीएल के पदाधिकारी धनन्जय शर्मा, रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव बिजय कुमार सिंह, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय के अध्यक्ष बालमुकुन्द गोयल, रेड क्रॉस कार्यकर्ता राकेश मिश्र, आशीष सिंह, राधेश्याम कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थें।

## भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी का रक्तदान शिविर आज

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा प्रत्येक माह की 8 तारीख को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है, इस कड़ी में इस माह 8 अक्टूबर को रक्तदान शिविर का आयोजन रेड क्रॉस भवन में प्रातः 9 से संध्या 4 बजे तक आयोजित किया जायेगा, जो कि 1 अक्टूबर राष्ट्रीय रक्तदान दिवस के रक्तदान महायज्ञ के पूरक रक्तदान शिविर के रूप में आयोजित होगा। 1 अक्टूबर को दिन भर बारिश होने के कारण अनेकों रक्तदाता रेड क्रॉस भवन में नहीं पहुंच पायें, जिस हेतु रक्तदाताओं को सूचित किया गया कि वे 8 अक्टूबर को पूरक रक्तदान शिविर में अपना रक्तदान कर सकेंगे। रक्तदान शिविर में लायंस क्लब की इकाइयां भी अपने सदस्यों के साथ भाग ले रही है।

## विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह ने मेदिनीनगर विद्युत महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर/पाटन।** छतरपुर-पाटन विधानसभा क्षेत्र जिला परिषद के विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह ने मेदिनीनगर विद्युत महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर बिजली समस्या से अवगत कराया है। सिंह ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि पाटन प्रखंड के ग्राम कुम्हवा स्थित विद्युत सब स्टेशन में चारो विद्युत फिडर को चालू किया जाये। उन्होंने कहा कि किशुनपुर फिडर का रूट ज्यादा लंबा होने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित होती रहती है जिसका लोड कम करने हेतू पूर्व में 26 मई को भी ज्ञापन दिया था लेकिन इसमें अभी तक मात्र ग्राम नवादा और जंघासी गांव के कुम्हवा फीडर में जोड़ने के अलावे कोई भी कार्य नहीं हुआ है। उन्होंने ग्रामीणों व बिजली उपभोक्ताओं की परेशानियों को महाप्रबंधक को अवगत कराया। उन्होंने महाप्रबंधक से किशुनपुर क्षेत्र को कुम्हवा सब स्टेशन या पाटन सब स्टेशन से स्पेशल जोड़ने, ग्राम सूठा व राजहरा को अलग फीडर से जोड़ने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में किशुनपुर रूट की बिजली तरहसी प्रखंड के छकनाडीह, भालोगाड़ी, तेलडीहा व गोगदा तक चला गया है। इस कारण इसका रूट काफी लंबा हो गया है इस कारण इस रूट को चालू करने में कम से कम ढाई मेगावाट बिजली की आवश्यकता होती है। जबकि उपर से कम बिजली औंर फाल्ट होने के कारण ज्यादा बाधित होती है। इस रूट की 11 हजार वोल्ट की बिजली को पाटन प्रखंड के सुखरो नदी तक सीमित रखा जाए और उस क्षेत्र की बिजली को पदमा सब स्टेशन या परसिया सब स्टेशन से जोड़ा जाये। इस रूट का लोड कम जो जाने से काला पहाड़ व लोइंगा रूट को काफी राहत मिलेगा।

# अर्जुन मुंडा ने जमशेदपुर में किया आदि महोत्सव का शुभारंभ

खबर मन्त्र ब्यूरो







**जमशेदपुर।** शनिवार को भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के तहत ट्राइबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ट्राइफेड) ने भव्य आदि महोत्सव, एक जनजातीय महोत्सव की शुरूआत की है।

महोत्सव का उद्घाटन माननीय केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक (जमशेदपुर पूर्वी) सरयू राय, चाणक्य चौधरी (उपाध्यक्ष (कॉर्पोरेट मामले), टाटा स्टील) और सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों एवं आदिवासी उत्साही लोगों की उपस्थिति में, बिस्टुपुर, गोपाल मैदान, जमशेदपुर, झारखंड में हुआ। समारोह में लोगों ने इस सांस्कृतिक रूप से समृद्ध कार्यक्रम में आनंद और महत्व को जोड़ा और इस आयोजन को एक यादगार और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध अनुभव बनाने में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आदि महोत्सव हमारे देश की जनजातीय संस्कृति, परम्पराओं और कला को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में पहुंचाने का एक प्रमुख मंच है।

यह हमारे आदिवासी पूर्वजों, विभिन्न अद्वितीय आदिवासी समुदायों की संस्कृति, उनकी जीवनशैली और स्वयं आदिवासियों के योगदान का उत्सव है। जमशेदपुर में आयोजित यह महोत्सव विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) और वन धन केंद्र लाभार्थियों सहित लगभग 336 जनजातीय कारीगरों और कलाकारों की मेजबानी कर रहा है।

देश के कोने कोने से आए मेरे आदिवासी भाई बहनों के संगीत, कला, चित्रकला और व्यंजनों के अलावा, आदि महोत्सव कारीगरों से मिलने, उनके जीवन जीने के तरीके के बारे में जानने और जनजातीय संस्कृति व परंपराओं से रूबरू होने का यह अवसर है। यह आदि महोत्सव 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की अनुभूति को पूर्ण करता है। अगली 16 तारीख तक हमारे झारखंड के लोग जनजातीय रंग में रंगने वाले हैं। आपकी जिज्ञासा, आपके समर्थन से इनको उत्साह मिलेगा आइये इन 10 दिनों को यादगार बना दें, आपके लिए भी और इनके लिए भी है। आदिवासी उद्यमिता, शिल्प, संस्कृति, व्यंजन और वाणिज्य का वार्षिक उत्सव, आदि महोत्सव, देश भर की जनजातियों की समृद्ध और विविध विरासत को प्रदर्शित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है।

इस वर्ष यह महोत्सव विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) और वन धन केंद्र लाभार्थियों सहित 336 आदिवासी कारीगरों और कलाकारों की प्रतिभा को उजागर करेगा। इस कार्यक्रम में झारखंड के 30 कारीगरों के स्टॉल, लगभग 11 वीडीवीके के स्टॉल और 5 व्यंजन स्टॉल शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में 15 व्यंजन स्टालों सहित अन्य राज्यों के 68 कारीगरों के स्टालों का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें कपड़ा, पेंटिंग, आभूषण, धातु, बेंत और बांस और व्यंजन जैसी विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया जाएगा।

विभिन्न मंत्रालय और उनके विभाग भी इस आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। जनजातीय कार्य मंत्रालय के तहत एक अग्रणी संगठन के रूप में ट्राइफेड, जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने, विपणन सहायता, ब्रांडिंग प्रदान करने और उनकी अनूठी कला, संस्कृति और उत्पादों के लिए बाजार तक पहुंच का विस्तार करने की अपनी प्रतिबद्धता जारी रखेगा।

# जन सुनवाई कार्यक्रम में जनता की समस्याओं को सुना और समाधान का प्रयास किया : बन्ना

## आम जनता की समस्याओं से संबंधित 150 से अधिक मामले पर सुनवाई किया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**कुईयानी, बोडाम।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर माननीय मंत्री बन्ना गुप्ता के द्वारा 'जन सुनवाई कार्यक्रम' का आयोजन शनिवार को जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के कुईयानी पंचायत भवन, बोडाम प्रखण्ड में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मंत्री बना गुप्ता ने आम जनता के समस्याओं से संबंधित 150 से अधिक मामले पर सुनवाई किया। अनेकों मामले को उन्होंने तत्काल समाधान किया, आम जनता ने अपने मंत्री से मिलकर बेबाक रूप से अपने समस्याओं को साझा किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे उपस्थित रहे। माननीय मंत्री बन्ना गुप्ता ने दिव्यांग से संबंधित,



'जन सुनवाई कार्यक्रम' के दौरान आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनते मंत्री बन्ना गुप्ता।

दस बेड का अस्पताल, कृषि के मामले, थाना से एक महिला की समस्या, ईलाज से संबंधित, अनाज आवंटन का मामला अंचल कार्यालय, प्रखण्ड विकास कार्यालय से संबंधित सैकड़ो समस्याओं का सुनवाई किया तथा समाधान का प्रयास भी किया, समस्याओं से संबंधित आवेदन माननीय मंत्री ने ले लिया और उचित कार्यवाही कर संबंधित विभाग को प्रेषित करने के लिए जनता को आश्वस्त दिया और सभी समस्याओं का समाधान उचित माध्यम से की जाएगी। इसका आश्वासन दिया। इस दौरान काफी संख्या में विधान सभा क्षेत्र के ग्रामवासी शामिल हुए।

जन सुनवाई कार्यक्रम का संचालन किशन लाल महतो, ललन झा ने किया। जनसुनवाई कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रखण्ड संगठन प्रभारी मोहनलाल बनर्जी, बलराम महतो, डॉ मनोज महतो प्रखण्ड अध्यक्ष, सुधारी टुडू,मनोज झा, संजय तिवारी, संजय ठाकुर, माजिद अख्तर, बिलाल, सरत चन्द्र महतो सहित काफी संख्या में कार्यकर्तागण शामिल थे। जन सुनवाई कार्यक्रम में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी, थाना प्रभारी, आपूर्ति पदाधिकारी सहित विभागीय पदाधिकारी शामिल हुए। द्वितीय जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन मानगो ओल्ड पुरूलिया रोड स्थित कैम्प कार्यालय में दोपहर 3 बजे से आयोजित की गई।

जिसमें बड़े पैमाने पर फरियाद करने वाले आवेदन के साथ पहुंचे, माननीय मंत्री बन्ना गुप्ता ने सभी मामले को सुना और समाधान का प्रयास किया। इस अवसर पर माननीय मंत्री बना गुप्ता ने आम जनता के समस्याओं से संबंधित 141 से अधिक मामले पर सुनवाई किया.जन-सुनवाई कार्यक्रम को सफल बनाने में शाहनवाज आलम, शाहनवाज अहमद, मोती खान, मो अख्तर, आर डी राय, अफ्ताब अहमद सिद्दीकी,सहित कांग्रेस जन शामिल हुए।

## सारथी ने बागुनहातु बस्ती में कराया फॉगिंग



**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक संस्था सारथी द्वारा शनिवार की शाम को डेंगू रोकथाम के लिए बागुनहातु बस्ती के कई क्षेत्र में साफ सफाई कर फॉगिंग कराया गया, ताकि डेंगू मच्छर पैदा ना हो सके। साथ ही बस्ती वासियों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम सारथी संस्था के अध्यक्ष पूजा अग्रवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अभियान में विजय अग्रवाल, शंभु सिंह, सुशांत, दीपक, निखिल मोनू, संगीता, आशीष, राजेश, सोहनी शामिल थे।

## 'रिमांड और जमानत के प्रमुख मुद्दे' को लेकर लोयोला स्कूल सभागार में क्षेत्रीय सम्मेलन आज

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** न्यायिक अकादमी, झारखंड एवं पूर्वी सिंहभूम जजशिप द्वारा जिला प्रशासन पूर्वी सिंहभूम के सहयोग से 'रिमांड और जमानत न्यायशास्त्र के प्रमुख मुद्दे' विषय पर क्षेत्रीय सम्मेलन का जमशेदपुर के लोयोला स्कूल सभागार में रविवार, 08.10.2023 को आयोजित किया गया है।

इस सम्मेलन में झारखंड हाईकोर्ट के माननीय न्यायाधीश, राज्य के विभिन्न जिलों से माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायिक पदाधिकारीगण, जिलों के वरीय पदाधिकारीगण, अधिवक्तागण आदि शामिल होंगे। इसी क्षेत्रीय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जमशेदपुर अनिल कुमार मिश्रा, उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री, एसएसपी किशोर कौशल ने लोयोला स्कूल सभागार एवं परिसर में चल रही तैयारियों का जायजा लिया तथा ससमय कार्य पूर्ण करने के लिए पदाधिकारी/कर्मियों को निर्देश दिया। कहा कि तैयारियों में किसी तरह की कोई चूक नहीं हो, ससमय जिन्हें जो दायित्व दिया गया है उसका निष्पादन करेंगे। उल्लेखनीय हो कि, आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि न्यायाधीश झारखंड उच्च न्यायालय-सह-संरक्षक प्रमुख न्यायिक अकादमी झारखंड संजय कुमार मिश्रा, सम्मानित अतिथि न्यायाधीश झारखंड उच्च न्यायालय सुजित नारायण प्रसाद समेत झारखंड उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश आदि शामिल होंगे।

## टाटा स्टील के वेस्ट बोकारो डिवीजन ने डीजीएमएस व यूनियन के साथ बैठक आयोजित की

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर/रांची।** टाटा स्टील के वेस्ट बोकारो डिवीजन ने खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) और यूनियन के सहयोग से आज होटल बीएनआर चाणक्य, रांची में त्रिपक्षीय समिति की बैठक का आयोजन किया। यह बैठक टाटा स्टील के तीन डिवीजनों - ओएमक्यू डिवीजन, वेस्ट बोकारो डिवीजन और एफएएमडी और उनके संबंधित लोकेशन्स के यूनियनों के लिए आयोजित की गई थी। बैठक के दौरान, ओपनकास्ट खनन में उपयोग की जाने वाली प्रौद्योगिकियों और कार्यस्थल पर्यवेक्षण को बढ़ाने के





तरीकों से संबंधित प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने मूल्यवान सुझाव भी साझा किए। बैठक की अध्यक्षता एसडी चिद्दरवार, उप महानिदेशक (एसईजेड), अतिरिक्त प्रभार, और डीबी सुंदरा रामम, वाईस प्रेसिडेंट, रॉ मटेरियल्स, टाटा स्टील द्वारा अनुराग दीक्षित, जेनरल मैनेजर, वेस्ट बोकारो डिवीजन, अतुल कुमार भटनागर, जेनरल मैनेजर, ओएमक्यू डिवीजन, और पंकज कुमार सतीजा, ईआईसी, एफएएमडी, टाटा स्टील की उपस्थिति में हुई। बैठक में उपस्थित टाटा स्टील के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों में सिरसेंदु मुखर्जी (चीफ ऑपरेशन्स, एफएएमडी), नीरज कुमार सिन्हा (चीफ, सेफ्टी), सरोज बनर्जी, अवनीश कुमार, अमित रंजन, राजेश कुमार, जीवी सत्यनारायण, राजेश पटेल, मृणाल भद्र, डी विजयेंद्र, ओएमक्यू डिवीजन), और निर्मल कांति भट्टाचार्जी (चीफ, इंजीनियरिंग सर्विसेज एंड प्रोजेक्ट्स, ओएमक्यू डिवीजन) शामिल थे।

## जमशेदपुर वीमेंस विवि के आईक्यूएसी सेल द्वारा कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में आईक्यूएसी सेल ने 'नैक एक्रेडिटेशन प्रोसेस ऑपर्च्युनिटीज एंड चैलेंज' पर वर्कशॉप का आयोजन किया। कार्यशाला की अध्यक्ष माननीय कुलपति प्रो.(डॉ.) अंजिला गुप्ता, रिसोर्स पर्सन प्रो (डॉ.) मंजुश्री गुप्ता, आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर, गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज, अजमेर, राजस्थान, रजिस्ट्रार डॉ राजेंद्र कुमार जयसवाल तथा आईक्यूएसी डायरेक्टर ने दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ किया। सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत झारखंड राज्य की संस्कृति के अनुरूप चित्रित शॉल, प्रतीक चिन्ह एवं जीवंत पौधों के साथ किया गया। स्वागत भाषण आईक्यूएसी डायरेक्टर डॉ. रत्ना मित्रा ने किया। कार्यशाला की संसाधन सेवी का परिचय यूनिवर्सिटी के प्रॉक्टर डॉ. सुधीर कुमार साहू के द्वारा किया गया। रिसोर्स पर्सन प्रो.(डॉ.) मंजुश्री गुप्ता ने नैक के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि नैक एक्रेडिटेशन यूनिवर्सिटीज के क्वालिटी एजुकेशन की ट्रेडमार्क होती हैं।

## टाटा स्टील ने अपनी तरह का पहला जमशेदपुर सिटी फॉरेस्ट नागरिकों को समर्पित किया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शनिवार को शहरी वनों की अवधारणा को ध्यान में रखते हुए, टाटा स्टील ने अपनी तरह का पहला जमशेदपुर सिटी फॉरेस्ट जमशेदपुर के नागरिकों को समर्पित किया।

चाणक्य चौधरी, वाईस प्रेसिडेंट, (कॉर्पोरेट सर्विसेज) टाटा स्टील ने टाटा वर्कर्स यूनियन (टीडब्ल्यूयू) के अध्यक्ष संजीव चौधरी के साथ अवनीश गुप्ता, वाईस प्रेसिडेंट, (टीक्यूएम और ईएंडपी) टाटा स्टील, अत्रेयी सान्याल, वाईस प्रेसिडेंट (ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट), टाटा स्टील, शैलेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष, टीडब्ल्यूयू और सतीश कुमार सिंह,





महासचिव, टीडब्ल्यूयू और टाटा स्टील के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में कदमा में जमशेदपुर सिटी फॉरेस्ट का उद्घाटन किया।

जमशेदपुर सिटी फॉरेस्ट शहरीकरण के कारण शहरों में हरे-भरे स्थानों की कमी को दूर करने का एक सचेत प्रयास है। जमशेदपुर सिटी फॉरेस्ट 5.10 एकड़ भूमि में फैला हुआ है और इसमें 37,000 से अधिक वृक्षारोपण किये गए हैं।

यह वृक्षारोपण की मियावाकी पद्धति का उपयोग करता है, जो 15-20 वर्षों के भीतर देशी शहरी वन पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करता है। यह जंगल जेएमडी पार्क, कदमा बायोडायवर्सिटी पार्क, जमशेदपुर नेचर ट्रेल, दलमा व्यू प्वाइंट, सीआरएम बारा आदि जैसे बड़े पैमाने के पहल के अनुरूप है, जिसने 2016 में जमशेदपुर में हरित आवरण को लगभग 35% से 2023 में लगभग 38% तक बढ़ाने में मदद की है। शहरी वन मानव कल्याण के लिए फायदेमंद हैं, जैव विविधता का समर्थन करते हैं और ताजी हवा के लिए शहर के भीतर सांस लेने के लिए खुली जगह प्रदान करते हैं, जो बड़े कार्बन सिंक के रूप में कार्य करते हैं। टाटा स्टील के जमशेदपुर सिटी फॉरेस्ट में पेड़ों के पूर्ण परिपक्वता तक पहुँचने पर सालाना 460 टन उड2 अवशोषित करने की उम्मीद है।

जंगल में लगभग 2 मिलियन लीटर की जल धारण क्षमता और एक वर्षा जल संचयन तालाब भी है। शहरी हरियाली कोई विकल्प नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का मुकाबला करने और एक सस्टेनेबल भविष्य बनाने के लिए सबसे प्रभावशाली, लागत प्रभावी और समावेशी विकल्प है।

## खबर एक नजर में

### टाटा स्टील यूआईएसएल ने 500 केएलडी पैकेज्ड सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन किया



जमशेदपुर। सीवेज को प्रभावी ढंग से उपचारित करने और अपशिष्ट जल के सुरक्षित निपटान को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, टाटा स्टील यूआईएसएल ने उड़िया बस्ती, मनीफिट, जमशेदपुर में अत्याधुनिक 500 केएलडी पैकेज्ड सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन किया। इस सुविधा का उद्घाटन टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी ने प्रणय सिन्हा, चीफ, कॉर्पोरेट सर्विसेज,टाटा स्टीलके साथ किया। इस कार्यक्रम में सम्मानित अतिथियों ने भाग लिया, जिनमें टाउन ओएंडएम और आरई के वरिष्ठ महाप्रबंधक कैप्टन धनंजय मिश्रा, संजीव कुमार झा, ईआईसी, जल और अपशिष्ट जल सेवाएं और वरुण बजाज, चीफ, टाउन इंफ्रास्ट्रक्चर एंड लॉजिस्टिक्स, टाटा स्टील शामिल थे। यह सुविधा मनिफि ट क्षेत्र को कवर करेगी, जिससे उस स्थान के निवासियों को लाभ होगा। प्रति दिन 500,000 लीटर सीवेज का उपचार करने की क्षमता के साथ, यह संयंत्र स्थानीय समुदाय की जरूरतों को पूरा करेगा, जिससे क्षेत्र में स्वच्छता और स्वच्छता बढ़ाने में बहुमूल्य योगदान मिलेगा। टाटा स्टील यूआईएसएल टिकाऊ और समावेशी समुदाय बनाने के अपने मिशन के लिए प्रतिबद्ध है। उड़िया बस्ती में 500 केएलडी पैकेज्ड सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### विधायक सरयू राय ने भुयांडीह में बन रहे वाटर ट्रीटमेंट कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने आज भुयांडीह के ऑक्सीजन कॉलोनी मैदान में बन रहे वाटर ट्रीटमेंट कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने बस्तीवासियों के लिए वहां छोड़े गए पूजा मैदान मे बेदी निर्माण और जमीन समतलीकरण कार्य को भी देखा। राय ने कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। वहां एकत्र बस्तीवासियों ने भी कार्य की गुणवता और प्रगति की सराहना किया। पूजा मैदान इस वर्ष दुर्गा पूजा तक पूरी तरह तैयार हो जाएगा। मैदान में सौन्दर्यीकरण का कार्य और कुछ अतिरिक्त करना होगा तो वह विधायक निधि से पूरा किया जाएगा। निर्माण कार्य टाटा स्टील युआईएसएल कर रहा है। कार्य की प्रगति देखते हुए विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि एक साल के भीतर भुईयाडीह से बाबूडीह-लाल भट्टा इलाका के सभी घरों में पीने का साफ पानी पहुंचेगा।

### वरीय पुलिस अधीक्षक ने मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया



**जमशेदपुर।** शनिवार को वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक, नगर/ग्रामीण की उपस्थिति में शहरी/ग्रामीण क्षेत्र के सभी पुलिस उपाधीक्षक/पु0नि0/थाना प्रभारियों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में पूर्व से लंबित कांड/वारंट/कुर्की का शीघ्र निष्पादन, क्षेत्र में सघन गश्ती एवं छापामारी, बैंक तथा एटीएम की सुरक्षा में विशेष सतर्कता बरतने आदि विषयों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

### जमशेदपुर ब्लड सेन्टर में कर अपने प्लेटलेट डोनेशन अभियान की शुरूआत

जमशेदपुर। शोभानाथ दुबे, प्रान्तिक पसारी तथा मुकेश कुमार सिंह ने अपना पहला एसडीपी डोनेशन जमशेदपुर ब्लड सेन्टर में कर अपने प्लेटलेट डोनेशन अभियान की शुरूआत की। ये तीनों युवा रक्तदाता होल ब्लड जिसमें रक्त के सभी कम्पोनेन्ट होते हैं, लगातार दान करते रहे हैं, लेकिन इन्होने जरूरतमंद लोगों के लिए रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह की प्रेरणा से प्लेटलेट डोनेशन अभियान में अपना कदम रखा। प्लेटलेट्स डोनेशन के अभियान में 13वीं बार एसडीपी का दान ए आलम ने किया, जो कि नियमित रक्तदाता हैं।

स्पीड न्यूज

## बीजेएमसी जिलाध्यक्ष ने बाबूलाल से की मुलाकात, कई मुद्दों पर चर्चा



बिश्रामपुर (पलामू)। बीजेएमसी के पलामू जिलाध्यक्ष ऋतुराज मिश्रा ने पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से पलामू प्रवास के दौरान मुलाकात किया। मिश्रा ने बाबूलाल मरांडी को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इसके अलावा अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित भी किया। ऋतुराज मिश्रा ने पलामू के राजनीतिक हालात से श्री मरांडी को अवगत कराया। भारतीय जनता मजदूर सेल संगठन के बारे में भी विस्तृत रूप से बताया। मरांडी ने ऋतुराज मिश्रा को आगामी लोस चुनाव से पहले संगठन को और मजबूत करने को कहा। मिश्रा ने भी बाबूलाल को आश्वस्त कराया कि आगामी लोस और विस चुनाव में बीजेएमसी पूरी तैयारी के साथ भाजपा प्रत्याशियों को चुनाव जिताने का काम करेगा। मौके पर चंद्रशेखर मिश्रा, दीपक पांडेय, बुल्लू चंद्रवंशी, तीर्थराज सहित कई लोग मौजूद थे।

## डीएएचओ ने खामडीह गांव में गौशाला का किया निरीक्षण



सतबरवा पलामू। प्रखंड क्षेत्र के खामडीह गांव में गौशाला का संचालन कर रहे मनोरमा गोपाल आश्रम का निरीक्षण शनिवार को जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर प्रभाकर सिन्हा, सहायक कुकुट पदाधिकारी डॉ उदय कुमार सिंहा तथा सदर डाल्टनगंज पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनूप विलियम लकड़ा ने किया। डीएएचओ प्रभाकर सिन्हा ने कहा कि गौशाला संचालक का कार्य काफी सराहनीय है। यहां पर 36 मवेशियों का सेवा, सुरक्षा तथा उचित देखरेख कर चारा पानी दिया जाता है। इसमें एक भी दुधारू मवेशी नहीं है। उन्होंने कहा कि मनोरमा गोपाल गौशाला के संचालक शिवेंदु शेखर वर्मा तथा उनकी बहन प्रीति रंजन शशि बाला और उन्होंने दो कर्मी सुनील उरांव तिर्की तथा सिकंदर कच्छप को अपने खर्च पर रखा है। पांच लोग मिलकर गौशाला की देखरेख निःस्वार्थ भाव से करके मवेशियों की देखभाल करते हैं। उन्होंने बताया कि अगर कोई गौशाला चलाने के लिए इन्हें जमीन दान करेंगे तो भवन तथा चाहार दीवारी निर्माण के लिए जीव जंतु कल्याण बोर्ड की बैठक में उपायुक्त से आग्रह किया जाएगा। सबसे सुखदः स्थिति यह है कि मुस्लिम समुदाय के लोग इन लोगों को दुर्घटना से घायल मवेशी को लाकर पहुंचाते हैं। जिस जमीन पर गौशाला चल रहा है यह जमीन भी मुस्लिम व्यक्ति का है। डॉ अनूप विलियम लकडा ने बताया कि इस नेक कार्य में मुस्लिम समुदाय के व्यक्ति के द्वारा जमीन गौशाला चलाने के लिए दी गई है जो काफी सराहनीय कार्य है। संचालक को जमीन की व्यवस्था दानदाता कर देंगे तो भवन तथा बाउंड्री के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा। शिवेंदु शेखर ने बताया कि गौशाला का संचालन 2 साल से किया जा रहा है। हर माह करीब 90 हजार खर्च होते हैं।

## नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत उन्मुखीकरण का आयोजन



सतबरवा पलामू। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट उच्च विद्यालय पलामू के प्रशांल में एकदिवसीय नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत उन्मुखीकरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला शिक्षा अधीक्षक पलामू मनोज कुमार, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी पांकी अमृता सिंह, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी सदर हरेंद्र कुमार तिवारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, जितवाहन सिंह के अलावा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजीव रंजन सिंह, मणि कुमार पांडेय, बच्चन कुमार पंकज, ओम प्रकाश, अनु सिंह एवं सब्या कुमारी संकुल साधन सेवी मनोज कुमार सराफ विनोद कुमार यादव सतीश शुक्ला विजय दुबे अश्विनी सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे। उन्मुखीकरण कार्यक्रम पर मुख्य रूप से प्रकाश डालने एवं आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए राज्य समन्वयक कीर्तिवास कुमार उपस्थित थे। कीर्तिवास कुमार के द्वारा बताया गया की उल्लास कार्यक्रम अंतर्गत नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य वैसे निरक्षर लोगों को साक्षर बनाने यथा उन्हें समझने का भी ज्ञान प्राप्त हो सके। व्यावहारिक रूप से उन्हें समाज के लिए जागृत करने का प्रयास किया जाना है। उक्त हेतु समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत कार्यरत सभी लोगों को मिलकर प्रयास करना है। इसका लक्ष्य 2027 तक रखा गया है। उक्त अवधी तक सभी को साक्षर बनाते हुए सामाजिक सूझबूझ की जानकारी हो इस लायक उन्हें बनाना है। मंच का संचालन डॉक्टर मनोज तिवारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सतबरवा द्वारा किया गया।

## प्रखंड संसाधन केंद्र तरहसी में प्रखंडस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन



तरहसी पलामू। तरहसी प्रखंड संसाधन केंद्र में समावेशी शिक्षा अंतर्गत प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्कूली विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगोली बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मौके पर शिक्षकों ने कहा कि प्रतियोगिता से विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्द्धा की भावना जागृत होगी। साथ ही आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन आगे भी किया जायेगा।

## पाटन एमओ ने की डीलरों के साथ बैठक



पाटन पलामू। पााटन एमओ सखी चन्द दास ने पाटन प्रखंड सभागार में पीडीएस डीलरों के साथ बैठक किया। बैठक में आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर चर्चा की गई। पाटन एमओ ने सभी डीलर से कितना आयुष्मान कार्ड बन पाया है इसकी डीलर वार समीक्षा किया तथा आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु प्रतिनियुक्ति किये गये पंचायत वार प्रज्ञा केंद्र संचालक सुचि एवं मोबाइल नंबर डीलरों को उपलब्ध कराई । एमओ ने बैठक में आयुष्मान कार्ड का प्रतिदिन का रिपोर्टर देने के लिए निर्देश दिया तथा निर्देश दिया कि प्रज्ञा संचालकों से बात करें और दुकान पर लाभुकों को बुलाकर चार दिन के अन्दर शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने का काम करें । बैठक में पाटन डीलर संघ के अध्यक्ष शेषनाथ सिंह, धनंजय पाण्डेय ,दीनानाथ सिंह, प्रितम कुमार, विरेन्द्र पासवान, प्रमोद पासवान, शारदा सिंह ,प्रेम कुमार, वीतन शुक्ला, नवल राम, सतेन्द्र पासवान, संजय सिंह सहित सैकड़ों पीडीएस डीलर उपस्थित थे।

## पाटन प्रखंड के पाल्हे गांव के लाभूकों ने उपायुक्त कार्यालय का किया घेराव




मेदिनीनगर। केंद्र व राज्य सरकार ने गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों के जीविकोपार्जन के लिए जन वितरण प्रणाली के अंतर्गत निःशुल्क एवं सस्ते दर पर खाद्यान्न सामग्री प्रत्येक माह उपलब्ध कराती है। लेकिन पलामू जिला में जिला खाद्य आपूर्ति विभाग पूरी तरह से विफल साबित हो रही है। बावजूद इसके न तो डीलरों पर कोई असर पड़ रहा है न ही तो जिला खाद्य आपूर्ति विभाग के कानों पर जू रेंग रहा है। नतीजा यह है कि लाभूकों एक माह से लेकर दो माह तक का राशन उपलब्ध नहीं हो पाया है। इन्हीं सारी समस्या को लेकर पाटन प्रख्ंड के नौडीहा पंचायत अंतर्गत ग्राम पाल्हे के महिला-पुरूष लाभूक आवेदन लेकर उपायुक्त कार्यालय का घेराव किया। लाभूकों ने कहा कि डीलर उमेश कुमार शुक्ला द्वारा जुलाई एवं अगस्त सितंबर माह का राशन नहीं दिया गया है। जब इस बावत डीलर से पूछताछ किया गया तो डीलर प्रति यूनिट तीन किलो 500 ग्राम अनाज लेने को कहता है। जब अधिक की मांग की जाती है तो डीलर द्वारा यह कहा जाता है कि हमें पर्याप्त मात्रा में अनाज मिला ही नहीं है तुमलोगों को जहां भी जाना है जो कोई फर्क नहीं पड़ता है। अंत में हमसभी गरीब आदिवासी लोग सुखाड़ का दंश झेलते हुए उपायुक्त के पास आवेदन देकर अनाज उपलब्ध कराने की मांग कर रहे हैं। मांग करनेवालों में दिनेश पासवान, अनुप कुमार समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# शहर के बच्चों को मिला एक और तोहफा जैरी लैंड

### आज छह बजे प्रथम महापौर अरुणा शंकर करेंगी उद्घाटन






खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। रविवार आठ अक्टूबर की शाम शहर के बच्चों को जैरी लैंड के रूप में एक और शानदार तोहफा प्राप्त होगा। यह तोहफा नगर निगम के प्रथम महापौर अरुणा शंकर द्वारा दिया जाएगा। जैरी लैंड का निर्माण गांधी उद्यान में किया गया है। जानकारी साझा करते हुए मैसूर की कंपनी जिसके देखरेख में जैरी लैंड का काम किया गया है उसके मालिक सुनील ने बताया कि बड़े शहरों की तर्ज पर मेरी कंपनी द्वारा झारखंड का तीसरा एक प्लेटफार्म के नीचे बेहतरीन गेम जोन बनाया गया है। इससे पूर्व रांची एवं टाटा के मॉल में संचालित है। यहां 7 डी पिक्चर, भूत बंगला, बंपर कार, बुल फाइट बच्चों को अपनी और आकर्षित करेगा। इस गेम्स जॉन को लगाने वाले कंपनी के मालिक सुनील ने बताया कि मुझे खुशी है कि यहां के लोग काफी अच्छे एवं उत्साही हैं। खासकर यहां की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने मुझे हर रूप से सुझाव एवं सहयोग करती रही है। मुझे विश्वास है कि हमारी कंपनी द्वारा लगाया गया गेम जोन बच्चों को पसंद आएगा। उन्होंने कहा कि इस गेम जोन की एक और खूबी है। हर गेम्स को बच्चे एवं बड़े सारे लोग इंजॉय कर पाएंगे। फ्रेंड्स ग्रुप जिन्होंने इस पूरे प्रोजेक्ट में अपना निजी पैसा लगाया है उसके व्यवस्थापक आलोक माथुर ने बताया कि इस प्रोजेक्ट में लगभग 90 लाख रुपया लगे हैं जिसका उदघाटन नगर आयुक्त एवं प्रथम महापौर कल शाम छह बजे करेंगे।

# लोस व विस चुनाव में परचम लहरायेगी भाजपा : डॉ शशिभूषण

### बांसडीह में विधायक ने पीसीसी सड़क का किया शिलान्यास





खबर मन्त्र संवाददाता

नीलांबर पीताम्बरपुर। पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड नीलाम्बर पीताम्बरपुर के पंचायत चौरा के बांसडीह ग्राम में विधायक कोटे की राशि से पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक डॉ मेहता का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन सिकंदर पांडेय ने किया। डॉ मेहता ने कहा कि ग्रामीणों की मांग थी कि जनहित में इस पथ का निर्माण जरूरी है। इसे प्राथमिकता से लेते हुए उक्त पथ का निर्माण करना जरूरी समझते हुए उक्त पथ का विधायक मद की राशि से पीसीसी निर्माण कराने का निर्णय लिया। इस पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास कर मुझे बहुत खुशी है। उन्होंने कहा की आसन्न लोकसभा चुनाव हो अथवा विधानसभा चुनाव भाजपा की प्रचंड बहुमत से जीत निश्चित है। उन्होंने कहा की पलामू की सभी विधानसभा क्षेत्रों समेत झारखंड में भाजपा परचम लहराएगी। पांकी विधानसभा क्षेत्र में भी फिर से कमल खिलेगा। विकास की गति और रफ्तार से होगी। विधायक ने कहा कि देश आजादी के बाद पांकी विधानसभा क्षेत्र में जो भी प्रतिनिधि आये वे जनता को गुमराह कर ठगने का काम किया। जिसका परिणाम है कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के सुदूरवर्ती जंगली एवं पठारी क्षेत्रों के सड़कों की हाल बेहाल है। जनता ने अपना मन बदलते हुए पांकी विधानसभा में कमल का फूल खिलाते हुए मुझे अपना जनप्रतिनिधि चुना। इस मौके पर सुरेश महतो, रामजी गुरुजी, नंदलाल महतो, सुदामा महतो, संतोष वर्मा, प्रो बच्चन ठाकुर, मनदीप मेहता, कमेश यादव, चंदन सोनी, संजय मेहता, निर्मल मेहता, देवराज कुमार, सुमित कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

# तेज गति से क्षेत्र में हो रहा विकास : डॉ चंद्रवंशी

बिश्रामपुर प्रखंड के लालगढ़ पंचायत मुख्यालय में तहसील भवन की रखी गई आधारशिला



खबर मन्त्र संवाददाता

बिश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर प्रखंड के लालगढ़ पंचायत मुख्यालय में शनिवार को तहसील भवन की आधारशिला रखी गई। भवन निर्माण का शिलान्यास भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने शिलापट्ट का अनावरण कर के किया। शिलान्यास समारोह में बोलते हुए श्री चंद्रवंशी ने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा का हर क्षेत्र में विकास के साथ विकास हो रहा है। यह सब विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के अथक प्रयास से ही संभव हो पा रहा है।

उन्होंने कहा कि तहसील भवन बन जाने के बाद तहसीलदार यहां बैठेंगे। पंचायत के राजस्व और जमीन संबंधी कार्यों के लिए यहां के लोगों को प्रखंड मुख्यालय का चक्कर नही लगाना पड़ेगा। शिलान्यास समारोह की अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी और संचालन मुखिया धर्मेंद्र चौधरी ने किया। मौके पर रामानंद तिवारी, विकाश चंद्रवंशी, अजीत चौधरी, मीना देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल के नरेश सिंह वाली कमिटी को किया पुर्नबहाल



मेदिनीनगर। सतबहिनी झरना तीर्थस्थल कांडी में कमिटी को लेकर वर्षों से विवाद चलता आ रहा था। इस तीर्थस्थल पर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी अपनी दावा करते थे। वहीं नरेश प्रसाद सिंह तीर्थस्थल पर अपनी कमिटी की दावा करते थे। इन्हीं बातों को लेकर दोनों के बीच काफी लंबे समय से विवाद चलता आ रहा था। जिस कारण तीर्थस्थल का विकास नहीं हो रहा था। यह मामला जब झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्याय बोर्ड में पहुंचा तो बोर्ड के द्वारा चयनित सदस्य संजीव कुमारा तिवारी के नेतृत्व में जांच की गई। जांच के बाद आमसभा का आयोजन किया गया। लेकिन इस आम सभा में विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी नहीं पहुंचे और ना ही इनका कोई प्रतिनिधि ही पहुंचा। उपस्थित ग्रामीणों से पूछताछ की गई तो ग्रामीणों ने एक स्वर से कहा कि नरेश प्रसाद सिंह वर्षों से सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल के विकास के लिए कार्य करते आ रहे हैं। उनके द्वारा बनाई गई कमिटी ही असली कमिटी है इसलिए नरेश सिंह वाली कमिटी को ही पुर्नबहाल किया जाये।

10 से 18 अक्टूबर तक कांग्रेस करेगी हल्ला बोल पोल खोल कार्यक्रम

# केंद्र की जनविरोधी नीतियों को जन जन तक पंहुचाना है: धनंजय तिवारी



खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद पलामू। पार्टी कार्यालय पार्टी के प्रदेश सचिव व अन्य नेताओं ने केंद्र सरकार के जन विरोधी नीतियों और महंगाई अन्य मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी 10-18 अक्टूबर तक हल्ला बोल पोलखोल खोल कार्यक्रम करेगी। उक्त बातें पार्टी के प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी व जिला उपाध्यक्ष मसरूर अहमद ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। उन्होंने ने कहा कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ। नेताओं ने बताया कि पीएम जनविरोधी हैं उनके गलत नीतियों एवं विफलताओं को ग्रामीणों को बताएंगे। महंगाई पर रोक, डीजल पेट्रोल में बेहताशा वृद्धि, उनके जुमलेबाजी को बताएंगे। मौके पर अवधेश सिंह, जिला महासचिव शैलेश सिंह, प्रखंड अध्यक्ष लल्लू सिंह, नगर अध्यक्ष रंजीत कुमार वाराणसी के जिला महासचिव सुनील श्रीवास्तव, वरिष्ठ नेता शभु सिंह, अम्बिका सिंह, विजय सिंह, टुनटुन सिंह मौजूद थे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिला खरवार एकता संघ का प्रतिनिधिमंडल



बिश्रामपुर (पलामू)। खरवार एकता संघ का एक प्रतिनिधिमंडल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से बेतला गेस्ट हाउस में जाकर मिला। प्रतिनिधिमंडल ने मरांडी को एक ज्ञापन भी दिया। ज्ञापन में खरवार जाति को राजनीत में उचित हिस्सेदारी देने की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल में संघ के केन्द्रीय उप-सचिव अखिलेश सिंह, जिला अध्यक्ष उमेश्वर सिंह, कोषाध्यक्ष राजेश्वर सिंह, लोक सेवक संघ पलामू सचिव सुरेन्द्र सिंह, उदय सिंह,भीष्म सिंह सहित कई लोग शामिल थे।

## बीडीओ ने मुरमा एवम लोहड़ा पंचायत में आम बागबानी एवं आवास की प्रगति का जायजा लिया



खबर मन्त्र संवाददाता

पड़वा पलामू। पंडवा प्रखण्ड के बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने मुरमा एवम लोहड़ा पंचायत में मनरेगा एवम आवास निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। मुरमा पंचायत के भूसरा एवम सरैया में मनरेगा के तहत बिरसा हरित ग्राम योजना के लाभुकों से मिलते हुए आम बागबानी का भौतिक सत्यापन किया एवं पौधों के अच्छे रख रखाव एवम सुरक्षा को ले कर किसानों को सजग रहने का निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा कि पांच वर्षों तक पौधों का ख्याल रखना चुनौतीपूर्ण कार्य है लेकिन अगर आप इसमें सफल होते हैं तो निःसंदेह कृषि के माध्यम से एक बेहतर व्यवसाय को क्रियान्वित करने की स्थिति में होंगे। पंचायत लोहड़ा में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के लाभुकों से मिलकर अविलंब आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया गया ताकि कम से कम लाभुकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करनी पड़े। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार से राशि ले लेने के बाद निर्माण कार्य करने के जगह अन्य कार्यों में लाभुकों के द्वारा राशि खर्च कर देना खेदजनक है। निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण नही होने पर सरकार कार्रवाई करने को मजबूर हो जाती है इसे लाभुकों को समझने की आवश्यकता है।

## पं शंभूनाथ दुबे की मनायी गयी चौथी पुण्यतिथि



बिश्रामपुर (पलामू) । बिश्रामपुर के प्रसिद्ध समाजसेवी पंडित शंभूनाथ दुबे की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन नप मुख्यालय स्थित स्व.दुबे के आवास पर हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित शंभूनाथ दुबे के चित्र पर उनके परिजनों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। नगड़ी सीओ संतोष शुक्ला, चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र प्रसाद,थाना प्रभारी शशि रंजन व विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने स्व.दुबे के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इससे पहले स्व.दुबे के बड़े पुत्र दया शंकर दुबे ने पिता के आत्मा की शांति हेतु पिंडदान किया। वहीं छोटे पुत्र सह युवा समाजसेवी प्रेम शंकर दुबे ने पिता की स्मृति में उनकी कई बातें लोगो के साथ साझा किया। कार्यक्रम में भंडारा का भी आयोजन किया गया था। श्रद्धांजलि सभा में नप के प्रथाम उपाध्यक्ष अजय बक्स राय उर्फ बढ़कू सिंह, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, जेई विभूति भूषण, मनोज सिंह, सुधीर दुबे, अशोक दुबे, सोनू दुबे, शंकर केशरी, कृष्णा चंद्रवंशी, राजेंद्र केसरी,संजय शाह सहित कई लोग शामिल थे।

## दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मौत



नीलांबर पीतांबरपुर। लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के कोटखास निवासी शिव शंकर सिंह उर्फ. डब्ल्यू सिंह उम्र 45 वर्ष की मौत इलाज के क्रम में हो गया। बताते चले की 4 अक्टूबर को डब्लू सिंह जैप आठ के समीप साइकिल से अपने खेत तरफ जा रहे थे। इस क्रम में विपरीत दिशा लेस्लीगंज बाजार से आ रहे आनंद कुमार राय पूणार्डीह निवासी अपने मोटरसाइकिल से टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां उसे बेहतर इलाज के लिए आरएमसीएच रांची भेजा गया। लेकिन इलाज के क्रम में बीते रात्रि उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता मदन सिंह ने बताया कि उनका पुत्र डब्लू सिंह लेस्लीगंज में किराने की दुकान में काम किया करता था।

## हरिहरगंज में आबकारी विभाग ने की छापेमारी, दो भट्ठियों को किया ध्वस्त



हरिहरगंज पलामू। उत्पाद विभाग ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ शनिवार को हरिहरगंज थाना पुलिस के सहयोग से छापामारी अभियान चलाया। उत्पाद निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि वैद्य विगहा, पाठक बिगहा तथा अररुआ खुर्द में छापेमारी अभियान चलाकर दो अवैध महुआ शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। वहीं 20 क्विंटल जावा महुआ तथा शराब बनाने के उपकरण को नष्ट किया गया। हालांकि शराब कारोबारी मौके से फरार हो गए। छापेमारी अभियान में हवलदार कृष्णा महतो, उदय, रामलाल सहित हरिहरगंज के पुलिस के जवान शामिल थें।

## माताओं ने की संतान की दीघार्यु की कामना

सतबरवा पलामू। प्रखंड क्षेत्र के गांवों में शनिवार और रविवार को माताओं ने अपने संतान के सलामती के लिए दुआएं मांगी। इस दौरान 24 घंटे का निर्जला उपवास रखकर माताओं ने जीवित्पुत्रिका व्रत रखी और अपने संतान के सलामती की कामना की। काली मंदिर के पुजारी पंडित सुनील पाठक ने वर्ती महिलाओं को कथा का श्रवण कराते हुए कहा कि मां के आशीर्वाद से उनके संतान फलते फूलते हैं। मां को संतान से प्रिय कुछ नहीं हो सकता है।

## फार्मासिस्ट के नाम पर दवा व्यवसायियों का शोषण बंद हो : केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन

मांगें पूरी नहीं होने पर संवैधानिक तरीके से आंदोलन करेगा फेडरेशन



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन के पदाधिकारियों ने दवा व्यवसायियों की समस्या पर विस्तार से चर्चा की। शनिवार को आईएमए हाल में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में फेडरेशन के मृत्युंजय शर्मा, रमेश शुक्ला व अमिताभ कुमार मिश्रा ने कहा कि एक दशक पूर्व अपने स्थापना काल से पलामू जिले में अपने संघर्ष के बदौलत पलामू जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन दवा व्यवसायियों की समस्या पर मुखर होकर कार्य करते आ रही है। वर्तमान में करीब 500 थोक व खुदरा सदस्य हैं। गत दिन रजिस्टर व नारकोटिक्स दवा के क्रय विक्रय से संबंधित गाईड लाईन के मुताबिक करने या न करने की सलाह जारी की गई है। फेडरेशन ने कहा कि संगठन ने सरकार से एक अपील जारी कर ऑन लाईन दवाओं के बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है। फेडरेशन ने सरकार से मांग की है कि फार्मासिस्ट के नाम पर दवा व्यवसायियों के साथ हो रहे दोहन व शोषण बंद की जाये। फेडरेशन दवा व्यवसायियों को विशेष सुविधा नहीं मिलने पर संवैधानिक तरीके से आंदोलन करेगी जिसकी पूरी जवाबदेही औषधि प्रशासन की होगी।

## हरिहरगंज : विद्यालयों में शिक्षा एक संकल्प कार्यक्रम संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

हरिहरगंज पलामू। प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में शनिवार को जिउतिया का घोषित अवकाश के बावजूद आकांक्षी प्रखंड के तहत निर्देशित शिक्षा एक संकल्प कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस के तहत डिजिटल साक्षरता निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता, पढ़ेगी बेटी बढ़ेगी बेटी, सर्वश्रेष्ठ शिक्षक, छात्र पुरस्कार समारोह सहित स्कूल क्लब प्रतियोगिता संपन्न कराया गया। इस दौरान बीडीओ जयप्रकाश नारायण, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामनरेश राम तथा पिरामल फाउंडेशन के सदस्यों ने स्तरोन्नत उच्च विद्यालय कटैया, मध्य विद्यालय हरिहरगंज,भगत तेंदुआ, स्तरोन्नत उच्च विद्यालय खड़गपुर सहित प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में जाकर कार्यक्रम का अनुश्रवण किया। बीडीओ ने बताया कि आकांक्षी प्रखंड के तहत शिक्षा स्तर का गुणवत्ता पूर्ण विकास के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिससे शिक्षा के प्रति छात्रों में रोचकता लाई जा सके। वहीं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने बेटियों की शिक्षा को आवश्यक बताया। इस अवसर पर अभिलाषा कुमारी सहित शिक्षक व छात्र उपस्थित थे।

# करमा गांव में दूसरी बार भी सर्वे शुरू नहीं करा सके अधिकारी



खबर मन्त्र संवाददाता

सतबरवा पलामू। भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (जूलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया) ने प्रखंड क्षेत्र के करमा गांव में सर्वे का काम दूसरी बार भी पदाधिकारी शूरु नहीं करा सके। शुक्रवार को लेस्लीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले सतबरवा के करमा गांव पहुंचे सदर एसडीएम राजेश कुमार साह और जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन सर्वे कार्य शुरू कराने के लिए ग्रामीणों को समझाने पहुंचे थे। पदाधिकारियों ने ग्रामीणों से कहा की जूलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया के द्वारा सर्वेक्षण कराया जा रहा है। वह काम केंद्र के निर्देश पर किया जा रहा। काम में बाधा डालने वालों पर कार्रवाई भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण का काम करमा गांव के बगल में किया जा रहा है। जिसे आप सबों ने बाधित कर दिया और सर्वे का काम नहीं होने दी। यहां तक की बीते दिनों काम स्थल पर धावा बोलकर वहां पर सर्वेक्षण के लिए रखे गए सामान को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था और प्रहरी के साथ अभद्र व्यवहार भी की गई थी। वही पदाधिकारियों ने कहा कि रोज सर्वेक्षण कर रहे कर्मियों के ऊपर तथा अन्य खुदाई के सामानों पर हर रोज हजारों खर्च होती है। गांव में मिनरल्स निकालने के बाद आसपास के लोगों का स्थिति में सुधार होगा तथा क्षेत्र में समृद्धि आएगी। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि सर्वेक्षण के बाद खनिज पदार्थ निकलने पर कोई कंपनी इसे अधिग्रहण कर लेगा और हमलोगों को विस्थापित कर देगा। इस दौरान हम लोगों को लाख दो लाख रुपए मुआवजा मिलेगा। हम सभी ग्रामीण एकजुट है और सर्वेक्षण का काम किसी भी हाल में शुरू नहीं होने देंगे। इस मुद्दे पर पदाधिकारीयों ने सुझाव दिया कि आपलोगों की जो भी समस्या है उसे उपायुक्त पलामू के पास अपना प्रस्ताव जाकर रखें। इस अवसर पर एसडीएम, डीटीओ के साथ बीडीओ सह सीओ राजकिशोर प्रसाद और बीपीआरओ सुरेश ठाकुर, सरफराज आलम, नीलांबर पितांबरपुर थाना पुलिस मौजूद थीं। बताया जाता है कि करमा गांव का पूरा रकबा 500 एकड़ का है। जिसमें 200 एकड़ जमीन पर घर तथा बारी कुछ एकड़ में नहर का कैनाल है। 200 एकड़ खाली भूखंड है।

उसी जमीन पर जीएसआई सर्वे कर रही थी। ग्रामीणों का यह भी कहना है मिनरल्स निकालने के लिए सर्वे टीम जमीन के अंदर सुराख कर देगी। पलायन हम बर्दाश्त नही कर सकते। यह गांव आर्थिक रूप से समृद्ध गांव है। भारत सरकार खान मंत्रालय के अधीन जीएसआई संगठन ने करमा गांव में सर्वेक्षण के दौरान ग्रामीणों के द्वारा काम बाधित कर दिया जाने की सूचना दी है। जीएसआई की स्थापना 1851 में हुई थी। इसका कार्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और अध्ययन करना है।

# राशन नहीं मिलने पर डीलर का घेराव



खबर मन्त्र संवाददाता

पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के मेराल पंचायत अंतर्गत डीलर लल्लू सिंह के द्वारा तीन माह का राशन नहीं मिलने से आक्रोशित लाभूकों ने डीलर के जन वितरण प्रणाली दुकान का घेराव किया। लाभूकों ने कहा कि एक तरफ अकाल सुखाड़ की बोझ से परेशान है वहीं दूसरी तरफ डीलर की मनमानी से भूखमरी के कगार पर हैं। कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा मिलने वाला दो वक्त का राशन भी डीलर द्वारा नहीं दिया जा रहा है। लाभूकों का कहना है कि डीलर द्वारा हर माह का पर्ची निकाल कर रख लिया जाता है और हम लोगों को कागज में लिखकर पर्ची दे देते हैं। डीलर कहता है कि अगले माह में दे राशन दे देंगे लेकिन आज तीन माह बीत जाने के बाद भी डीलर द्वारा राशन नहीं दिया जा रहा है। राशन मांगने पर डीलर दुकान बंद करके कहीं दूसरे जगह चला गया। इससे लाभूकों का आक्रोश बढ़ गया। लाभूकों ने डीलर के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस संबंध में डीलर से फोन कॉल पर संपर्क किया गया तो डीलर ने जानकारी देते हुए बताया कि जो लोगों का पर्ची निकल गया है उन सभी लोगों का राशन हम वितरण कर दिए हैं। वहीं पंचायत मेराल पंचाय के मुखिया छोटू सिंह ने कहा कि डीलर की शिकायत ग्रामीण द्वारा मिला है अगर इस तरह का हरकत डीलर कर रहे हैं तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वही पाटन प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी सखी चंद दास ने बताया कि डीलर को हर माह में प्रखंड गोदाम से राशन उपलब्ध करा दिया गया है। डीलर किस कारण से अभी तक राशन वितरण नहीं किए है, इस संबंध में हमें मुखिया द्वारा सूचना प्राप्त हुई है। जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। मौके पर ग्रामीण रीता देवी, बजरंगी सिंह, बरती देवी, मनोज देवी, माला सिंह, अवधेश चौधरी, संतु चौधरी, प्रवीण कुमार सिंह, सागर सिंह, लक्ष्मण चौधरी समते काफी संख्या में लाभूक मौजूद थे।

समय संवाद

एशियाई खेल 2022 (जो 2023 में आयोजित हुआ) में भारत ने 28 स्वर्ण ,38 रजत और 41 कांस्य सहित कुल 107 पदक जीते। जो एशियाई खेलों के इतिहास में सर्वाधिक है। इससे पहले 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में 70 पदक भारत ने जीते थे ।

हम जो ऐसे ही खेलों में कुछ स्पर्धा में अंपायरिंग खराब रही और विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हुई। 100 मीटर बाधा दौड़ में अंपायरों के विवादित फैसले के कारण भारत की खिलाड़ी ज्योति यराजी के मनोबल पर पड़ा और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।इसी तरह पुरुष कबड्डी के फाइनल में अंतिम क्षणों में एक रेड पर फैसला देने में अंपायर एक घंटे से अधिक समय तक अनिर्णय की स्थिति में रहे। अंततः भारत ने इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

# एशियाड में बना कीर्तिमान भारत सौ पार



**सत्यनारायण गुप्ता**

एक तरफ जहां भारत में आयोजित क्रिकेट विश्व कप में शतकों की झड़ी लगी हुई है। वहीं दूसरी ओर चीन के हांगझाऊ में एशियाई खेलों में एक और शतक बना है यह है भारत द्वारा जीते गए पदकों का । एशियाई खेलों के इतिहास में पहली बार भारत ने 100 से अधिक पदक हासिल करके नया रिकॉर्ड बना दिया है। लेकिन अभी इसे लंबा सफर तय करना है क्योंकि इन्हीं खेलों में चीन के पदकों का आंकड़ा 300 से ऊपर है।

हमने वह दौर भी देखा है जब भारत एक स्वर्ण पदक प्राप्त करने के लिए भी मशक्कत करता हुआ दिखता था। 1990 में भारत को मात्र एक स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ था वह भी कबड्डी में। लेकिन हांगजाऊ में हमने 28 स्वर्ण पदक जीते हैं जो एशियाई खेलों के इतिहास में सर्वाधिक है। इससे पहले 2014 और 2018 के एशियाई खेलों में भारत को 16-16 स्वर्ण पद हासिल हुए थे। निशानेबाजी, तीरंदाजी,जैवलीन थ्रो,शॉटपुट थ्रो,इक्वेस्ट्रियन(घुड़सवारी), क्रिकेट, कबड्डी, हॉकी और एथलेटिक्स में भारत का प्रदर्शन शानदार रहा। रोइंग, सेलिंग, वुशु, स्क्वैश , गोल्फ , बॉक्सिंग, बैडमिंटन, रोलर स्केटिंग, कैनोस्प्रिंट , सेपकटकरा, ब्रिज, शतरंज और कुश्ती जैसे खेलों में भी भारत ने पदक जीते। एथलेटिक्स में भारत ने 29 पदक अपने नाम किए, जिनमें 6 स्वर्ण ,14 रजत, 9 कांस्य पदक हैं, जबकि निशानेबाजी में भारत ने कुल 22 पदक जीते जिसमें सात स्वर्ण 9 रजत और 6 कांस्य पदक शामिल हैं। घुड़सवारी में 41 साल बाद भारत ने कोई पदक जीता है।

भारत को आशा अनुरूप क्रिकेट और कबड्डी के महिला और पुरुष दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक मिले। पुरुष हॉकी में स्वर्ण पदक मिला,जबकि महिला हॉकी में कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। फुटबॉल,वॉलीबॉल और बास्केटबॉल जैसे टीम स्पधाओं में हमेशा की तरह निराशा हाथ लगी। कुश्ती और बॉक्सिंग में भारत के पुराने इतिहास को देखते हुए प्रदर्शन निराशा जनक की कहा जाएगा। कुश्ती में निराशा जनक प्रदर्शन का कारण जग जाहिर है।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने फाइनल में जापान को हराकर न सिर्फ स्वर्ण पदक जीता बल्कि अगले साल होने वाले पेरिस ओलंपिक खेलों के का टिकट भी हासिल कर लिया। भारतीय हॉकी टीम का उत्साह और तैयारी का पता इसी से चलता है कि पूरे टूनामेंट में इसने कुल 68 गोल किए। भारतीय महिला हॉकी टीम भी पूरी प्रतियोगिता में सिर्फ सेमीफाइनल में चीन से हारी और कुल 33 गोल करके कांस्य पदक जीता। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व में पुरुष हॉकी टीम ने पेनल्टी कॉर्नर में वेरिएशन का खूब प्रयोग किया और मैदानी गोल भी किये।हालांकि पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलने की क्षमता को और भी विकसित करने की आवश्यकता है और। महिला हॉकी टीम को पेरिस ओलंपिक का टिकट हासिल करने के लिए अब क्वालीफाइंग दौर का सामना करना पड़ेगा। उसे अपनी कमियों को दूर करते हुए यह लक्ष्य हासिल करना होगा।हम जो ऐसे ही खेलों में कुछ स्पर्धा में अंपायरिंग खराब रही और विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हुई। 100 मीटर बाधा दौड़ में अंपायरों के विवादित फैसले के कारण भारत की खिलाड़ी ज्योति यराजी के मनोबल पर पड़ा और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।इसी तरह पुरुष कबड्डी के फाइनल में अंतिम क्षणों में एक रेड पर फैसला देने में अंपायर एक घंटे से अधिक समय तक अनिर्णय की स्थिति में रहे। अंततः भारत ने इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

19वां एशियाई खेल निश्चित रूप से भारतीय खेल प्रेमियों के उत्साह को बढ़ाएगा। 100पदकों का लक्ष्य हमने हासिल कर लिया है। लेकिन यह सफलता ऐसे ही नहीं मिली है। इसके पीछे खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल प्रशासकों का कठिन परिश्रम है।

साथ ही पिछले कुछ वर्षों में भारत में बढ़ी खेल संस्कृति और खेलों की आधारभूत संरचना में किये गये निवेश भी इसके कारण हैं। सरकार की फिट इंडिया मूवमेंट, खेलो इंडिया,खेल प्रतिभा खोज पोर्टल और टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना के सकारात्मक परिणाम अब नजर आने लगे हैं। किंतु खिलाड़ियों के व्यक्तिगत प्रयासों और संघर्ष को भी नकारा नहीं जा सकता। देश में इस समय विश्व कप क्रिकेट के हंगामे के बीच कहीं हम इन खिलाड़ियों के संघर्ष को भूल न जाएं।

# जब समाज में प्रेम था तब भारत विश्व गुरु था

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**समाज** की मजबूती प्रेम से संभव है। अगर किसी व्यक्ति को जंगल में अकेले भेज दिया और सभी साधन उसके पास हो तब भी वह खुश नहीं रहता है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, यह सभी जानते हैं और शौक से गुलामी भी की जाए तो बुरी नहीं लगती है। उन्होंने कहा कि तन, मन और धन के समर्पण की बात की जाती है। तन और धन का समर्पण ज्यादा कठिन नहीं है लेकिन मन का समर्पण सबसे कठिन है। कंचन तजना सरल है सरल त्रिया का मोह, लेकिन मन जो मान से बना है और उसे मांद से समझना आसान होता है। उसमें जीव सबसे ज्यादा घिरा होता है। इसमें सबसे ज्यादा लोग फंसते हैं। जिसने मन का समर्पण कर दिया वह मान-अपमान से उपर हो जाता है।

लक्ष्मण का उदाहरण देते हुए स्वामी जी ने बताया कि लक्ष्मण का मन राम को समर्पित था। लक्ष्मण ने जितनी बार क्रोध किया वह राम के अपमान पर किया, चाहे चित्रकूट में भरत पर, गंगा पार कराते निसाध पर, धनुषभंग के क्रम में परशुराम पर। जीव सबसे ज्यादा मान अपमान में फंसता है और इससे ही अहंकार पैदा होता है। इस मन को हम प्रेम के माध्यम से ही समर्पित करते हैं।

भारतीय समाज में जब प्रेम था तब भारत दुनिया का सबसे समृद्ध और सुदंर देश था। भारतीय मन कभी हिंसक और साम्रज्यवादी नहीं रहा। मौर्य वंश के बाद गुप्त वंश तक लगभग 800 वर्षों तक पूरे विश्व में भारत का डंका बजता रहा। यूरोपीय देश भारत से व्यापार करते थे। लोग बहुत समृद्ध थे। प्रेम और त्याग की भावना से भरे थे। यूरोपीय देश अरब होकर भारत से व्यापार करते थे। अरब के लोगों को इस व्यापार के कारण भारत की समृद्धि की जानकारी मिली।

इस कारण नादिरशाह, तैमूरलंग जैसे कई अरबी शासकों ने भारत पर आक्रमण कर लूट-पाट की और लौट गये। दूसरी ओर भारत की समृद्धि के कारण यूरोपीय देशों ने भारत तक आने को समुद्री मार्ग खोजना चाहा क्योंकि अरब देशों में चुंगी अधिक हो गयी। इसी क्रम में कोलंबस 1498 में निकला और अमेरिका की खोज हो गयी, जिसे रेड इंडियंस कहा गया। फिर वास्कोडिगामा ने भारत की खोज की। अंग्रेजों ने इसी समृद्धि के कारण देश को गुलाम बना लिया। दुनिया की सबसे अच्छी आबोहवा भारत के गंगा युमना के मैदानी क्षेत्र और पंजाब के पंचनद क्षेत्र की है। समतल मैदान, उपजाउ भूमि, धर्म में आस्था रखने वाले लोग। दूसरे विश्व युद्ध में ब्रिटेन तबाह हो गया और भारत को आजाद करना उसकी बाध्यता हो गयी। इस बीच मुगलों ने शासन किया और उन्हें भारतीय समाज ने सहजता से स्वीकार किया। उस काल में भी धार्मिक निष्ठा हमारी सुरक्षा कवच के तौर पर काम करती है। समाज को एक करने में धर्म का महत्वपूर्ण योगदान है। पूरे विश्व में ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम की स्थापना प्रेम बढ़ाने के लिये ही की गयी है जिससे धर्म की स्थापना स्वतः होती है। श्री राम का जीवन संतोष, प्रेम, त्याग और तप का जीवन था । यही कारण है कि आज भी भारतीय जीवनशैली एक मात्र संतोष प्रधान है। जो दिया अच्छा दिया। न्यायालय के उपर दयालय की कल्पना है। ईश्वर और कुदरत के बीच का सूक्ष्म अंतर भारतीय संतों ने दुनिया को बताया। स्वामी सदगुरु शिवर्धमानंदजी ने कहा था कि भारत समृद्ध था और फिर देश को समृद्ध होने से कोई नहीं रोक सकता है। कोई भी संप्रदाय देश की मूल भावना से हटकर कार्य करें तो असंतोष पनपेगा इसलिए सभी को देश के मूल भावना का, मूल प्रकृति का सहयोगी वृति का ख्याल रखना चाहिए।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम मुख्य स्थानः छोटका राजपुर, बक्सर, बिहार)

# ड्राई आई सिंड्रोम से बचें

**रितु ढिल्लों**

**आंखें** कुदरत का अनमोल रतन हैं। इनका ध्यान रखें। लंबे समय तक लैपटॉप और मोबाइल का इस्तेमाल करने से बच्चों में ड्राई आई सिंड्रोम की समस्या आम हो गई है। यूं तो पहले भी टीवी ज्यादा देखने वाले बच्चों में ऐसी परेशानी देखी जाती थी, लेकिन कोविड-19 के चलते बच्चों की पढ़ाई ऑनलाइन होने से यह समस्या बढ़ गई। बच्चे ही नहीं, बड़े भी ड्राई आई सिंड्रोम का शिकार हो रहे हैं। लेकिन मोबाइल और लैपटॉप के अंधाधुंध प्रयोग ने बच्चों को ऐसा बांधा कि लगातार एक ही जगह पर नजरें टिकाए रहने से न तो उनकी आंखों का व्यायाम हो पाता है और न ही बीच-बीच में जरूरी आराम मिल पाता। समय के हिसाब से ऑफिस या स्कूल के काम का भले ही अंदाज बदला हो, लेकिन अपनी आंखों का ध्यान हर किसी को रखना चाहिए।

कोशिश करें कि समय-समय पर आपकी आंखों को आराम मिले और लगातार आप किसी स्क्रीन की तरफ देखते नहीं रहें।

**क्या हैं लक्षण**

आंखों में जलन और खुजली होने के साथ ही दृष्टि धुंधली होने लगती है। ऐसा भी देखा गया है कि आंखों से पानी आना भी ड्राई आई सिंड्रोम का लक्षण हो सकता है। सामान्यतः आई सिंड्रोम के लक्षण हैं-आंखों में जलन (इचिंग) महसूस होना, आंखें भारी होना, आंखे शुष्क होना, आंखें लाल होना, दृष्टि धुंधली होना। ऐसी समस्या आए तो चिकित्सक से परामर्श लें। इस समस्या से बचाव के लिए विटामिन-ए युक्त चीजों का अधिक सेवन करें। साथ ही पेय पदार्थ अधिक लें। बच्चों को अनावश्यक रूप से मोबाइल का इस्तेमाल करने से रोकें। चिकित्सक की सलाह के बिना आंख में कुछ भी न डालें।

**इस सिंड्रोम के कारण और निदान**

मुख्य कारणों में शामिल हैं, लंबे समय तक डिजिटल डिवाइस का इस्तेमाल करना, ज्यादा समय तक एसी में रहना, लगातार कॉन्टेक्ट लैंस का प्रयोग करना, फैटी एसिड वाले भोजन का न करना, बहुत ज्यादा किताबें पढ़ना। आई सिंड्रोम की परेशानी से बचने के लिए जरूरी है कि लगातार स्क्रीन के सामने न रहें, ब्रेक लेते रहें, विटामिन-ए युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें, पेय पदार्थों का सेवन अधिक करें, तंबाकू और एल्कोहल के प्रयोग से बचें और साबुत अनाज, फल और सब्जियों का सेवन करें।

# मेदांता में यूरो-ऑन्कोलॉजी और रोबोटिक सर्जरी पर विमर्श

**मेदांता हॉस्पिटल ने एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया**

**मेदांता अस्पताल, गुरुग्राम ने यूरो-ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में रोबोटिक सर्जरी की भूमिका पर एक इंटरैक्टिव जागरूकता सत्र का आयोजन किया।**




सत्र का नेतृत्व प्रख्यात डॉक्टरों ने किया, जिनमें डॉ. गगन गौतम (उपाध्यक्ष - यूरो-ऑन्कोलॉजी और रोबोटिक सर्जरी, किडनी और यूरोलॉजी संस्थान, मेदांता, गुरुग्राम) और डॉ. गोपाल शर्मा (सलाहकार - यूरो-ऑन्कोलॉजी और रोबोटिक सर्जरी, किडनी) शामिल थे।

हाल के विकास पर प्रकाश डालते हुए, डॉ. गगन गौतम ने बताया कि कैसे रोबोटिक सर्जरी ने यूरो-ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में कई मायनों में क्रांति ला दी है। उन्होंने कहा, पारंपरिक ओपन सर्जरी या लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की तुलना में रोबोटिक सर्जरी के कई फायदे हैं।

प्रमुख लाभों में से एक यह तथ्य है कि यह न्यूनतम आक्रामक है, जिसका अर्थ है कि सर्जिकल चीरे छोटे होते हैं। इसके अलावा, चूंकि रोबोट की भुजाएं उस तरह से बढ़ सकती हैं जिस तरह से मानव हाथ नहीं फैल सकता, रोबोटिक सर्जरी अधिक सटीकता की अनुमति देती है

इस तकनीक ने यूरो-ऑन्कोलॉजिकल सर्जरी में कई मायनों में क्रांति ला दी हैः

**-रोबोटिक सर्जिकल** सिस्टम सर्जनों को सर्जिकल क्षेत्र का एक उच्च-परिभाषा, 3डी दृश्य प्रदान करता है, जिससे ट्यूमर हटाने और अंग-बख्शने की प्रक्रियाओं में अधिक सटीकता की अनुमति मिलती है।

**-पारंपरिक खुली सर्जरी** के विपरीत, रोबोटिक प्रक्रियाओं में छोटे चीरे लगाए जाते हैं, जिससे दर्द, घाव और संक्रमण का खतरा कम होता है। मरीजों को आमतौर पर तेजी से ठीक होने में समय लगता है और अस्पताल में कम समय तक रहना पड़ता है।

पारंपरिक खुली सर्जरी के विपरीत, रोबोटिक प्रक्रियाओं में छोटे चीरे लगाए जाते हैं, जिससे दर्द, घाव और संक्रमण का खतरा कम होता है। मरीजों को आमतौर पर तेजी से ठीक होने में समय लगता है और अस्पताल में कम समय तक रहना पड़ता है।

**-रोबोटिक सर्जरी** का सुव्यवस्थित नियंत्रण और बढ़ी हुई दृष्टि सर्जनों को प्रक्रियाओं के दौरान रक्त की हानि को कम करने में सक्षम बनाती है, जिससे ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता कम हो जाती है।

**-जो मरीज रोबोटिक सर्जरी** से गुजरते हैं, उन्हें अक्सर काम और शारीरिक गतिविधियों सहित अपनी दैनिक दिनचर्या में जल्दी वापसी का अनुभव होता है।

# सोच बदलोगे क्या?



**ओनम सिंह**

**वासना** है तुम्हारी नजर ही में तो मैं क्या क्या ढकूं,
तू ही बता क्या करूं की चैन की जिंदगी जी सकूं।।
साडी पहनती हूं तो तुझे मेरी कमर दिखती है
चलती हूं तो मेरी लचक पर अंगुली उठती है।।
दुप्पटे को क्या शरीर पर नाप के लगाउ मै।
कैसे अपने शरीर की संरचना को तुमसे छुपाउ मैं ।।
पीठ दिख जाए तो वो भी काम निशानी है।
क्या क्या छुपाउ तुमसे
तुम्हारी तो मेरे झूमके को देख के बहकती जवानी है।।
घाघरा चोली पहनू तो सीने पर तुम्हारी नजर टिकती है,
पीछे से देखो तो मेरे ूह्य पर तेरी आंखे सटती है ।
केश खोल के रखू तो वो भी बेहयाई है।

**क्या करे**

तेरी निगाहों मे समायी काम परछाई है।
हाथो को कगंन से ढक लूं चेहरे पर घुंघट का परदा रखलूं
किसी की जागिर हूं दिखाने के लिए अपनी मांग भरलूं।
पर तुम्हे क्या परवाह
मैं किसकी बेटी किसकी पत्नी किसकी बहन हूं।
तुम्हारे लिए तो बस
तुम्हारी वासना को मिलने वाला चयन हूं।।
सिर से पांव के नख तक को छुपालूंगी
तो भी कुछ नहीं बदलेगा,
तेरी वासना का भूजंग तो नया बहाना
बनकर के हमें डस लेगा।।

(फेसबुक वॉल से)

# बाजारवाद मूल्यों को समाप्त कर देगा?



**सुधीर शर्मा**

**बाजारवाद** में सामान पहले बनाया जाता है, और जरूरतें फिर पैदा की जाती हैं।इसे ऐसे समझिए कि जब आपकी जरूरत साफ पीने योग्य पानी है, तो बाजारवाद आपको बिसलेरी का पानी पीने को बाध्य करेगा। समझाया जाएगा ये प्योर है, सबसे अच्छा है, सबसे साफ है। ऐसे ही, जब आपकी जरूरत तेल, साबुन, मंजन है, तब बाजारवाद आपको समझायेगा कि फलाना ब्रांड का तेल, साबुन, मंजन लेना चाहिए क्योंकि वो सबसे अच्छा है, बेहतरीन क्वालिटी का है। खैर, बात वापस अपने मुद्दे की। चर्चा ईगो पर पहुंची थी। तो फि लहाल बाजारवाद आपकी-हमारी ईगो का मसाज ऐसे कर रहा है कि हमें-आपको कंज्यूमर इज किंग कर राजा घोषित कर रहा है। एक आभासी दुनिया में राजा बना रहा है।

अब आपको राजा घोषित कर दिया गया तो आपको राजा की परिभाषा पर पूरा भी उतरना पड़ेगा। मतलब राजसी तरीके से रहना और खर्चा करना। खर्च करने के लिए बाजारवाद ने आपके लिए सामान पहले ही बना कर रख लिए हैं, मसलन सबसे अच्छा तेल, मंजन, शैम्पू।

तो अब आप राजा बनने के एहसास में राजसी खर्च करने लगे। भले ही आपको जरूरत न हो, आपने नयी जरूरतें बना लीं। मसलन कोई खास क्रीम या कोई स्पेशल फूड। और उन जरूरतों को पूरा करने और राजा सा दिखने के चक्कर में आपने अपने आर्थिक संसाधनों का दोहन शुरू कर दिया। और अब आपके इस किंग होने के एहसास के चलते, आपके परिवार की आदतें भी वैसी बनने लगीं। अब आपके बच्चे भी प्रिंस और प्रिंसेज बन गए। अब राजा साहब और रानी साहिबा सुबह से शाम या रात तक दफ़्तरों में काम करते हैं चुपचाप क्योंकि अब वो राजा सा दिखने के लिए दफ़्तर के गुलाम बन चुके हैं। नौकरी नहीं तो राजसी शौक और जीवनशैली कैसे मैनिज करेंगे? और राजा भी अब अमूमन वीकेंड पर ही बन पाते हैं, या बहुत हुआ तो दफ़्तर के बाद कभी-कभी शामों को जब ईगो मसाज के लिए राजा साहब, क्वीन और प्रिंस और प्रिंसेज के साथ किसी रेस्टोरेंट में राजसी खाने के अनुभव के लिए जाते हैं।

इस सब के बीच वो बाजारवाद का चेहरा खी-खी कर छिप कर हंस रहा होता है। बिल्कुल वैसे ही, जैसे आप हैरत से हंसेंगे अगर आप सड़क पर किसी परिवार को राजसी वेशभूषा में टहलता और नॉर्मल सा बिहेव करता देखेंगे। आपको पता है वो राजा नहीं, न किसी फि ल्म की शूटिंग चल रही है, और न कोई फैंसी ड्रेस शो। आपके मूँह से शायद निकले ये पगला गए हैं क्या?

बस ठीक ऐसा ही बाजारवाद को बढ़ाती ब्रांड्स को लगता है। वो हँसते हैं आप पर मन ही मन क्योंकि आप उसी फजी राज परिवार से हैं जैसा सड़क पर आपने घूमता देखा। वो हँसते हैं आपको देख कर क्योंकि आप उनके जाल में फंस उनकी जेब गरम कर रहे हैं। और वो ब्रांड्स आपके सामने अब और ज्यादा जोश और संजीदगी से बताते हैं कि आप जो कर रहे हैं वो सही है क्योंकि आपके ह्यपरिवार की सेहत और सुरक्षा और खुशीह्न के लिए वो सब जरूरी है। और आप फिर इमोशनल गेम में उनके फंस गए।

खैर, अब राजा साहब ने इतना प्रचार कर दिया अपने राजा होने का कि वो अगर अपने नॉर्मल रूप में घूमेंगे को उन्हें अजीब लगेगा और शायद शर्मिंदा महसूस करेंगे। इसलिए अब राजा साहब ओढ़े रहते हैं वही घिसा हुआ राजसी चोला जिसके पीछे से झाँकती है असलियत।

वैसे न जाने क्यों राजा साहब का सुनते ही शादियों में गेट पर खड़े उन चमकीले कपड़ों और नकली मूंछों और भाले लिए राजसी सुरक्षा कर्मी याद आ गए। जिन्हें मेजबान ने शायद किसी राजसी आभास के लिए खड़ा किया था लेकिन असलियत आपको पता होती है। अंदर न राजा होता है न रानी, और प्लेट पर मिलती है वही पुड़ी-पनीर और ग्लास में होता है वही पानी। सब सोच कर हंसी आ रही है।

# कसम से...



**अल्का हेम्बरोम**

**कसम से ....** कहा उसने ..हम सुनते रहे .... कसम खाने की है ...हर रिश्ते की लेकिन मैं कभी #कसम नहीं खाती ....??

मैं इसके बदले मनपसंद चीजे जरूर खा लेती हूँ ?

ना जाने क्यूं जिंदगी में होता है ऐसा क्यूं कि किसी को यकीन दिलाने के लिए ...

ऐसा ही मामला एक आया जब ...उस 14 वर्ष की बच्ची को मुंबई से अगवा कर झारखण्ड ले आया 24 वर्ष का लड़का ...सूचना मिलते ही पुलिस उस लड़की को ..ले आई हमारे पास ...।

उस लड़की ने बस कसम...खाते हुए दस्तां सुनाई ...कि उस लड़के से प्यार कर बैठी ...मोबाईल में कोई गेम के टीम का में दोनों ही थे ....।

लड़की ने मुझे ...कहा कसम खाईए कि ..मेरे मां पिता को मत बताईएगा कि हम ...इसके प्रेम नहीं धमकी सुन कर भागे है ...।

जब पिता मुंबई पुलिस के साथ पहूंची तो सुरक्षित हमने पिता के हाथो सौपा उसे ....।

कसम तो हमने खाई नहीं लेकिन ...उन बातों को बताना उचित नहीं समझा क्योंकि साझा करना उसके पिता से जिन बातो को उसने बताया था .।

पिता की इकलौती संतान ...पिता बहुत ही खुश थे उसे पाकर ...?सच तो ये भी था कि उस अपरिपक्व उम्र में लड़की भी लड़के के #कसम खाने वाले अंदाज पर फिदा थी ....

मैं तो मानती हूँ .....कसम के बदले कुछ मिठाई ही खा लो ?

**आह ....**

लगती है लोगों की ..मेरा मानना है ? बात उन दिनों की जब मैं पढ़ती थी ..पिता के कठोर वचन सुना था ..लेकिन माँ का ममता तले कितनी कुछ बाते सीखी उसका बयां कर सकती हूँ लेकिन कितना अपने जिंदगी में लागू किया या नहीं ...सही से नहीं बता पाऊंगी ...।

एक पंचायत बैठी थी माँ के खिलाफ दोष देने वाले परिवार के लोग ही थे ...माँ ने चुपचाप सब कुछ सह लिया ...

जवाब नहीं दिया ...हाँ ...उन्हें बहुत ठेस लगी थी ...। पिता बाहर दूसरे राज्य में नौकरी पर थे ...माँ घर के काम काज खेती बारी संभालती ...और हमारा बहुत ही सम्पन्न जीवन था ..खेती बारी के मामले में और इन्ही विषयो पर चोरी होने की शिकायत अपने परिवार वालों ने ..माँ पर लगाया ...जब वह इस घटना का जिक्र करती थी ..तो खून खौलता मेरा लेकिन ...माँ ने सीख दी थी ....

जब आह !! दिल से निकलती है तो...

इसकी वेआवज ..कितनी दूरी और कितना वक्त अगले पर लगती है ...इसके लिए बस चुप्पी से बड़ा हथियार कोई नहीं होता .....?

और आह !!! का असर हमने देखा ...

अन्याय कोई भी इंसान करे तो ...आह! का असर इसी जीवन काल में लगती है ।

माँ मेरे स्वभाव को अच्छे से जानती थी ..मेरे चिल्लाने और धीरज खोने का ...

बस सीखा कर गयी ...जिन लोगों ने मुझे सरेआम ..बेईज्जत किया ...उन लोगों के किसी पीढ़ी से बुरा वर्ताव नहीं करना

हाँ उनके बच्चों को अब भी देखती हूँ ...तो मन में माँ की आवाज गूंजती है लेकिन जिन लोगों ने ऐसा वर्ताव किया,

जीवन के अंतिम दिनों में ..उन लोगों ने शरण लिया ..तो माँ के पास ही ... हाँ ये ...सच है न्याय भी इंसान के जीते जी हो जाता है ....

बहुत डरती हूँ ...किसी की आह !! मुझ पर ना लगे ...

आंखो पर पट्टी बांधी ...वो स्त्री ....तराजू को संतुलित हमेशा करती सी दिखती है ...बस इस पर नजर रहती है। (लेखिका समाज कल्याण अधिकारी गिरिडीह हैं।)

# समर्थ गुरु रामदास का जीवन और सनातन के प्रति समर्पण

**-अशोक प्रवृद्ध**

**प्रसिद्ध** सन्त और हिन्दू पद पादशाही के संस्थापक छत्रपति शिवाजी के गुरु एवं मराठी ग्रन्थ दासबोध के रचयिता समर्थ रामदास (1608-1682) का जन्म महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले के जाम्ब नामक स्थान पर चैत्र शुक्ल नवमी अर्थात रामनवमी को विक्रम सम्वत 1665 तदनुसार शालिवाहन शके 1530 (1608 ई0) को दोपहर में जमदग्नी गोत्र के देशस्थ ऋग्वेदी ब्राह्मण परिवार में हुआ था । समर्थ रामदास का मूल नाम नारायण सूर्य (सूर्या) जीपंत कुलकर्णी (ठोसर) था। बाल्यकाल में उन्हें नारायण कहकर पुकारा जाता था ।श्री राम के जन्म दिन श्रीरामनवमी के दिन इनका जन्म होने के कारण इनका नाम रामदास रखा गया । एक अन्य कथा के अनुसार, बचपन में ही उन्हें साक्षात प्रभु श्रीराम के दर्शन हुए थे। सूर्यदेव की कृपा से सूयाजी पन्त को दो पुत्र गंगाधर स्वामी और नारायण (समर्थ रामदास) प्राप्त हुए। समर्थ रामदास के बड़े भाई का नाम गंगाधर को सब 'श्रेष्ठ' कहते थे। वे आध्यात्मिक सत्पुरुष थे। उन्होंने सुगमोपायनामक ग्रन्थ की रचना की है। मामा भानजी गोसावी प्रसिद्ध कीर्तनकार थे।

सात वर्ष की अवस्था में उन्होंने हनुमान जी को अपना गुरु मान लिया। इसके बाद तो उनका अधिकांश समय हनुमानमन्दिर में पूजा में बीतने लगा। इसके साथ ही उन्होंने शक्ति के उपासक हनुमानजी की मूर्ति की स्थापना की। समस्त भारत का उन्होंने पद-भ्रमण किया।

वे प्रातः ब्रह्ममुहूर्त में उठकर प्रतिदिन बारह सौ सूर्यनमस्कार लगाते, तत्पश्चात गोदावरी नदी में खड़े होकर राम नाम और गायत्री मंत्र का जाप किया करते थे। मध्याह्न काल अर्थात दोपहर में सिर्फ पाँच घर की भिक्षा माँग कर वह प्रभु श्रीराम को भोगलगाते थे। उन्होंने स्वयं एक रामायण लिखा। हिन्दुओं की दुर्दशा देखसमर्थ रामदास का हृदय संतप्त हो उठा और उन्होंने मोक्षसाधना के साथ ही अपने जीवन का लक्ष्य स्वराज्य की स्थापना द्वारा आततायी मुगल शासकों के अत्याचारों से जनता को मुक्ति दिलाना बना लिया। इसी प्रयत्न में उन्हें छत्रपति श्रीशिवाजी महाराज जैसे योग्य शिष्य का लाभ हुआ और स्वराज्यस्थापना के स्वप्न को साकार होते हुए देखने का सौभाग्य उन्हें अपने जीवनकाल में ही प्राप्त हो सका। उस समय महाराष्ट्र में मराठों का शासन थाऔर शिवाजी महाराज समर्थ रामदास के कार्य से बहुत प्रभावित हुए । इतना प्रभावित कि जब इनका मिलन हुआ, तब शिवाजी महाराज ने अपना राज्य ही समर्थ रामदास की झोली में डाल दिया। इस पर रामदास ने शिवाजी से कहा- यह राज्य न तुम्हारा है न मेरा। यह राज्य भगवान का है, हम सिर्फ. इसके न्यासी हैं।शिवाजी समय-समय पर उनसे सलाह-मशविरा किया करते थे। छत्रपति शिवाजी और रामदास स्वामी पहली बार 1674ई० में मिले और शिवाजी ने रामदास स्वामी को अपना धार्मिक गुरु व मार्गदर्शक मान लिया था । उन्होंने शके 1603तदनुसार सन 1682में 73 वर्ष की अवस्था में महाराष्ट्र में सज्जनगढ़ नामक स्थान पर समाधि ली। समर्थ रामदास ने दासबोध, आत्माराम, मनोबोध,चौदह शतक ,जन्स्वभावा,पञ्च समाधी ,पुकाश मानस पूजा ,जुना राय बोध राम गीत आदि ग्रंथों की रचना की है। मानपंचक, पंचीकरण, चतुर्थमान, बाग प्रकरण, स्फूट अभंग इत्यादि समर्थ रामदास की अन्य रचनाएँ हैं। यह सभी रचनाएँ मराठी भाषा के ओवी नामक छंद में हैं।

कश्मीर से कन्याकुमारी तक उन्होंने 1100 मठ तथा अखाड़े स्थापित कर स्वराज्यस्थापना हेतु जनता को तैयार करने का प्रयत्न किया। शक्ति एवं भक्ति के आदर्श श्री हनुमान जी की मूर्तियाँ उन्होंनें गाँव- गाँव में स्थापित कर अपने सभी शिष्योंको विभिन्न

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### दूधमटिया में लगा पर्यावरण मेला



टीटीझरिया । प्रखंड के टाटीझरिया से बगोदर जाने के रास्ते दूधमटिया जंगल में पर्यावरण बचाओ वृक्ष लगाओ के तहत हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी वृक्षों का रक्षाबंधन पूजा अर्चना कर पेड़ पौधे बचाने का संकल्प को लेकर कई नुक्कड़ नाटक, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्र के सनफोर्ड डीएवी पब्लिक स्कूल टाटीझरिया,आई. एम. एस इंग्लिश पब्लिक स्कूल पिपचो,उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय झरपो,नेशनल पब्लिक स्कूल टाटीझरिया, क्रिएटिव पब्लिक स्कूल डहरभंगा , अन्य विभिन्न विद्यालय के बच्चों द्वारा किया गया । यह पर्यावरण मेला का आयोजन 7अक्टूबर शनिवार को आरंभ वन पर्यावरण समिति बेरहो टाटीझरिया के ओर से किया गया था। आज पर्यावरण मेला में झारखंड प्रदेश के विभिन्न जिलों से लोगों का आगमन होता है। भव्य पर्यावरण मेला में बच्चों ने खिलौना, झूला, समौसा, चाट, गुप चुप समेत अन्य मिठाइयों का आनंद लिया। मेला परिसर में शांति व्यवस्था बनाए जाने को लेकर वन समिति के पदाधिकारी, वन पर्यावरण विभाग के डीएफओ सौरभ चंद्रा,रेंजर सुरेश राम,समाज सेवी ,जनप्रतिनिधि संग टाटीझरिया थाना प्रभारी आनंद आजाद अपने दल बल के साथ तैनात थे।

### परवरिश स्कूल में स्पेलिंग प्रतियोगिता



**कुजू।** परवरिश एजुकेयर स्कूल को दो रोमांचक इंटर-क्लास और इंटर हाउस प्रतियोगिताओं का समापन हुआ। निदेशक शैलेंद्र कुमार, प्रबंध निदेशक विकास सिंह व प्राचार्या नेहाराज बनर्जी ने पीजी से यूकेजी कक्षाओं के लिए डिजाइन की गई पिक एंड स्पीक प्रतियोगिता और स्पेलिंग बी प्रतियोगिता में उत्साही भागीदारी और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सरहाना की। साथ ही कहा कि पीजी से यूकेजी के छात्रों के लिए पिक एंड स्पीक प्रतियोगिता एक आनंददायक कार्यक्रम थ। जिसने हमारे सबसे कम उम्र के शिक्षार्थियों की बोलने की क्षमता को उजागर किया। इन उभरते वक्ताओं ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सब का मन मोह लिया। समानांतर में, कक्षा कसे शक्कके लिए स्पेलिंग बी प्रतियोगिता भाषा कौशल, शब्दावली और सटीकता की सच्ची परीक्षा थी। यह प्रतियोगिता हमारे छात्रों के भाषा कौशल को निखारने के समर्पण और कड़ी मेहनत का प्रमाण थी। परवरिश एजुकेयर स्कूल उन शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों को हार्दिक धन्यवाद देता है जिन्होंने इन प्रतियोगिताओं के दौरान छात्रों का समर्थन किया और उन्हें प्रोत्साहित किया। मौके पर सिमिस्टी प्रकाश, आयुष्मान, तल्हा सरवर, लक्ष्मी कुमारी, सोनाक्षी, हामिद रजा, अवनी, टिया, ओम कुमार, प्रतीक कुमार, पूजा, इम्तियाज, शहजादी फातिमा, निकिता प्रसाद एवं अन्य छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया।

### सौंदा डी में लगा पशु चिकित्सा शिविर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा डी पंचायत भवन में शनिवार को पशु चिकित्सा शिविर लगा। शिविर में पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार द्वारा गाय, भैंस, बकरी, मुर्गी-मुर्गा पालने वाले पशुपालकों को पशुओं की देख-रेख, बीमारी से बचाव आदि के बाबत उचित परामर्श दिया गया। साथ ही नि:शुल्क दवा का भी वितरण किया गया। शिविर को सफल बनाने में मुखिया उपेंद्र शर्मा, पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय, जवाहर यादव व सुदर्शन प्रसाद का विशेष योगदान रहा। मौके पर पशु पालक राकेश यादव, वैधनाथ यादव, संजय कुमार, सुधीर यादव, जितनी देवी, मो साहिद, गोविन्द, प्रकाश सहित लगभग 50 लोगों ने शिविर का लाभ उठाया।

### राशन दुकान से हजारों रुपये की चोरी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा बाजार में एक बार फिर शुक्रवार रात एस्बेस्टस तोड़कर चोरों द्वारा राशन दुकान में चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार भुरकुंडा बाजार गल्ला पट्टी स्थित भोला प्रसाद अग्रवाल की राशन दुकान में चोरों द्वारा एस्बेस्टस तोड़कर नकदी सहित हजारों रुपए के समानों की चोरी कर ली गई है। भुक्तभोगी ने बताया कि गल्ला में रखे चार-पांच हजार रुपए नकद सहित कई समानो की चोरी चोरों ने की।

### पटना से पूजा करने रजरप्पा आये दो युवक भैरवी नदी में बाल-बाल बचे



**रजरप्पा।** सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका रजरप्पा स्थित भैरवी नदी के तेज बहाव में बिहार से आए दो युवक फंस गये। दामोदर भैरवी संगम स्थल के पास दोनों युवक बचते बचाते एक गड्ढे में किसी तरह चट्टान को पकड़ा और खड़े होकर जान बचाने की गुहार लगाने लगे। यह देख स्थानीय और मंदिर न्यास समिति के पुजारी ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों युवकों को सकुशल नदी की तेजधार से बाहर निकाला। बिहार के पटना से श्रद्धालुओं की एक टोली शनिवार सुबह मां छिन्नमस्तिका के दर्शन करने के लिए पहुंची थी। जिसमें से एक युवक भैरवी नदी में नहाने के लिए चला गया। इस दौरान चट्टान पर उसका पैर फिसल गया और देखते ही देखते युवक बहने लगा। अपने मित्र को डूबता देख दूसरा युवक उसे बचाने के लिए नदी में कूद गया। देखते ही देखते दोनों युवक पानी के तेज बहाव में बहने लगे। रस्सी के सहारे स्थानीय युवक पिंटू भैरवी नदी की तेज धार में दोनों युवकों के पास पहुंचे। फिर एक-एक करके दोनों को रस्सी से बांधकर भैरवी नदी की तेज धार से निकालकर बाहर ले आए।

### गणतंत्र दिवस परेड के लिए अंजली का चयन



**भुरकुंडा।** जेएम कॉलेज भुरकुंडा की छात्रा अंजली कुमारी का विश्वविद्यालय स्तर पर गणतंत्र दिवस पूर्व परेड के लिए राज्य स्तर पर चयन हुआ है। अंजली राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक की स्वयंसेविका और सेमेस्टर चार राजनीति शास्त्र प्रतिष्ठा की छात्रा है। अंजली का चयन विनोवा भावे विश्वविद्यालय में 9 सितंबर को कई कठिन प्रतियोगिता के आधार पर चार छात्राओ का चयन हुआ है जिसमें से एक अंजली भी शामिल है।

## चौपारण में भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा का विधायक ने किया अनावरण

# मेरा सपना हो रहा है साकार : अकेला

खबर मन्त्र संवाददाता



**चौपारण।** कांग्रेस विधायक उमाशंकर अकेला के आवासीय परिसर में महान स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा का अनावरण भगत सिंह के भाई के पोते यादवेन्द्र सिंह संधू ने शनिवार को किया। इस दौरान बडी संख्या में विशिष्ट अतिथियों तथा आमजनों की उपस्थिति कांग्रेस कार्यकताओं के साथ दिखी। समारोह में कांग्रेस के विधायक इरफान अंसारी, पूर्णिमा सिंह, राजेश कच्छप, नमन विक्सल, अंबा प्रसाद, बगोदर विधायक बिनोद सिंह, जेएमएम विधायक मथुरा महतो, पूर्व सांसद भुनेश्वर मेहता, पूर्व विधायक रामलखन सिंह समेत हजारों की भीड प्रतिमा अनावरण सभा का हिस्सा बनें। इसके पूर्व यादवेन्द्र सिंह का झारखंड की सीमा चोरदाहा में बडी संख्या में विधायक पुत्र रविशंकर अकेला के नेतृत्व में स्वागत किया गया। सैकड़ों बाईक और कार से स्वागत करते हुए जुलूस की शक्ल में भव्य स्वागत करते हुए विधायक आवास लाया गया। इस दौरान चौपारण से लेकर चोरदाहा तक भक्ति की बहार दिखी। स्वागत से अभिभूत होकर केबीएसएस प्लस टू विधालय में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए यादवेन्द्र सिंह ने कहा कि झारखंड की धरती से भगत सिंह परिवार का रिश्ता रहा है।

यहां के नौजवानों ने काफी स्नेह और प्यार दिया। गर्व के साथ कहता हूं कि भगत सिंह का अकेला मैं ही वारिस नहीं बल्कि यहां के सभी लोग हैं। कहा कि विधायक उमाशंकर अकेला ने भगत सिंह और आजाद प्रतिमा लगाकर इतिहास बना दिया। इनका आभार है। विधायक उमाशंकर अकेला ने अपने पोते का नाम भगत सिंह रखा, इरफान अंसारी ने आज अपने बेटे का नाम अशफाकुल्लाह रखा। यह सही विरासत है। विधायक उमाशंकर ने कहा कि पंद्रह साल की उम्र से भगत सिंह का दीवाना हूं। यही कारण है कि अपने पोते का नामकरण उन्हीं के नाम पर किया। कहा आने वाले साल में चतरा मोड पर बडी प्रतिमा लगेगी और चतरा मोड को भगत सिंह चौक के नाम से जाना जायेगा।

जामताड़ा विधायक समारोह में अपने बेटे को साथ लेकर आये। बेटे के नाम को बदलने पर प्रसन्नता जाहिर की। कहा कि चौपारण में उमडी भीड दिखाती है कि नफरत हार गया और मुहब्बत जीत गई है। मौके पर पूर्व विधायक जानकी यादव, पूर्व विधायक योगेंद्र बैठा, पूर्व विधायक ममता देवी, मुन्ना सिंह, डॉ निजामुद्दीन, मुखिया अर्चना हेमरोम, मुखिया सुनीता देवी, मुखिया पूजा देवी, मुखिया गुलाबी यादव, प्रतिनिधि बिनोद सिंह,प्रखंड अध्यक्ष मंटू यादव,अपर समाहर्ता, स्वागतकर्ता रविशंकर अकेला सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### पदमा के सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता हुए शामिल

**पदमा।** प्रखंड से सैकड़ों कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता चौपारण स्थित विधायक उमाशंकर अकेला की आवास पर भगत सिंह एवं चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शामिल हुए।

अनावरण कार्यक्रम में पदमा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता के नेतृत्व में भारी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ने चौपारण के लिए प्रस्थान किया , मौके पर विधायक प्रतिनिधि अनिल मेहता 20सूत्री अध्यक्ष संजय यादव इस अवसर पर मोहम्मद नईम अंसारी, पूर्व उप प्रमुख राजेंद्र मेहता , रोमी मुखिया प्रतिनिधि सुनील मेहता,राजकुमार चुनु कुमार परमेश्वर मेहता, संजय मेहता ,राजेश मेहता, कुलदीप रविदास, पंकज कुमार बीरबल कुमार भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, रामचरित्र मेहता, प्रभु प्रसाद मेहता, विनोद मेहता, सिकंदर मेहता, धनु भुइयां, अशोक केसरी, अशोक राणा मुकेश यादव सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता चौपारण गए।

## अधिकारों को जानना ही मूल मंत्र : अंशु

**बरही में जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया विधिक जागरूकता कार्यक्रम**

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** प्रखंड अन्तर्गत ग्राम डपोक, दुलमहा, विजैया में विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत लोगों को कानून के संबंध में संक्षिप्तरूप से जानकारी दी गयी। जिसके तहत प्रखंड के विभिन्न गांवों में घूम कर लोगों को विधिक जानकारी एवं उनके अधिकारों के बारे में बताया गया।

अधिवक्ता सौरभ अंशु ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हर बच्चों को शिक्षा पाना उनके मूलभूत अधिकार में से एक है, आप अपने विवेक एवं ज्ञान से सशक्त एवं सबल व्यक्ति बन सकते हैं। शिक्षा के आभाव में लोग अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों से वंचित रह पाते हैं। साथ ही पोस्को एक्ट एवं इनसे मिलने वाले कंपनसेशन, लैबर लॉज, ह्यूमन हराशमेंट, ह्यूमन फंडामेंटल राइट्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। विधिक के जानकारी के अभाव में उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।इसलिए सभी को अपने मूलभूत अधिकारों को जानना अति आवश्यक है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार का मुख्य लक्ष्य है कि प्रत्येक व्यक्तियों को अपने अधिकारों एवं कानून को जानना अति आवश्यक है इसलिए हमलोग हर एक कस्बे गली मोहल्ले में जाकर लोगों को विधिक के बारे में बताया करते हैं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पीएलवी जीतू कुमार एवं पंकज कुमार ने ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि अपने अधिकारों की जानकारी नहीं होने के कारण सभी सरकारी संस्थानों में लोग अपने अधिकार का सेवा नहीं ले पाते हैं।इसलिए सभी को अपने बारे में जानकारी होना अति आवश्यक है।

### विहिप ने धर्मसभा में हिस्सा लेने का किया आह्वान

रामगढ़ । शौर्य जागरण यात्रा के समापन और अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के निमित रविवार को रांची धुर्वा मैदान में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वधान में आयोजित विशाल धर्म सभा में रामगढ़ जिले से भारी संख्या में माताओं बहनों और सभी सनातनी भाइयों से उपस्थिति दर्ज करवाने का आग्रह किया गया है।

विहिप के जिला मंत्री छोटू वर्मा ने कहा कि पांच सौ सालों बाद हमें यह सौभाग्य मिला है की हम अपने आराध्य प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर निर्माण होते हुए हम अपनी आंखों से देख पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देशव्यापी शौर्य जागरण यात्रा के तहत चार रथ पूरे झारखंड प्रदेश में भ्रमण करते हुए आठ अक्तूबर को रांची धुर्वा मैदान पहुंचेगी। पूरे झारखंड से आयोजन स्थल पहुंचे श्रद्धालुओं को धर्मसभा के माध्यम से अयोध्या के साधु संतों के श्रीमुख से प्रवचन सुनने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि पर उनका प्राण प्रतिष्ठा होते देखने का सौभाग्य हमें मिलेगा।

## न्यू लाइफलाइन नर्सिंग होम में महिला ने तीन बच्चों को दिया जन्म

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** पेलावाल की एक महिला ने तीन बच्चों को जन्म दिया और तीनों ही स्वस्थ हैं। जब प्रेग्नेंसी के बाद अल्ट्रासाउंड में पता चला कि महिला के गर्भ में तीन बच्चे पल रहे हैं, तो महिला और उसके परिवार वालों को बहुत चिंता हुई की इलाज और डिलेवरी कैसे होगा। पड़ोसी ने डॉ रजनी कुमारी से परामर्श लेने की सलाह दी, क्योंकि इनके पड़ोसी का भी तीन बच्चों की डिलेवरी डॉ रजनी के न्यू लाइफ लाइन नर्सिंग होम में हुआ था जो इन्द्रपुरी चौक के पास है। डॉ रजनी कुमारी के द्वारा इनका भी पूरे नौ महीने प्रेग्नेंसी का इलाज और परामर्श दिया गया अच्छे परामर्श इलाज के कारण तीनों बच्चों में से किसी को भी कोई समस्या नही हुई और अभी तीनों बच्चे और मां बिलकुल स्वस्थ है। कुशलता पूर्वक प्रसव के बाद डॉ रजनी ने बताया कि इससे पूर्व भी तीन बच्चों का प्रसव एक साथ करवा चुकी हूं। ये भी जच्चा और बच्चा बिल्कुल स्वस्थ हैं। प्रसव के बाद परिजनों ने डॉ रजनी और उनकी टीम को धन्यवाद दिया।

## लायंस क्लब ने लगाया टीकाकरण शिविर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस सेवा सप्ताह के तहत लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा ट्रेकर स्टैंड भुरकुंडा स्थित राज नर्सिंग होम में शनिवार को टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 15 नवजात शिशुओं और 5 गर्भवती महिलाओं को वैक्सीन दिया गया। साथ कहा गया कि नवजात शिशुओं व महिलाओं के लिए टीकाकरण जरूरी है। यह कई बीमारियों से बच्चों व गर्भवती महिलाओं को बचाता है। मौके पर कल्ब की अध्यक्ष माला शर्मा ने कहा की लायंस स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है। इसी सोच के साथ शिविर में नवजात शिशु और माता को वेक्सीनेसन करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया की लायंस क्लब भुरकुंडा के द्वारा नि:शुल्क टीकाकरण राज नर्सिंग होम में निरंतर जारी है। जो प्रत्येक सप्ताह लगाया जाता है। इसमें नवजात जीरो से 15 साल के बच्चों एवं एवं गर्भवती माता का टीकाकरण कराया जाता है। सचिव रेखा वर्णवाल ने बताया कि वर्तमान समय में बीमारी से बचाव के लिए नवजात शिशु और माता को वैक्सीन लगवाना आवश्यक है। कोषाध्यक्ष अंजू देवी ने कहा कि लायंस आगे भी शिविर लगाकर क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य सुविधा दिलाते रहेंगे। क्लब का उद्देश्य ही गरीब-जरूरतमंदों की सेवा करना है। शिविर को सफल बनाने में लायंस क्लब की अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजू देवी, लायन राजेंद्र महतो, विजय वर्णवाल, अशोक सिन्हा, संजय कुमार सिंह, प्रमोद शर्मा, निर्मल अग्रवाल, अखिलेश शर्मा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## वैश्य मोर्चा के स्थापना दिवस को लेकर बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु के भुरकुंडा के जवाहर नगर स्थित आवासीय कार्यालय में शनिवार को बैठक हुई। बैठक 12 अक्टूबर को रांची में होने वाले 5वां स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर रखी गयी थी। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर संकल्प लिया गया कि वैश्य मोर्चा के 5वां स्थापना दिवस को सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता ऐतिहासिक बनाने का कार्य करेंगे। केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि वैश्य मोर्चा कोई आम सामाजिक संगठन नहीं है। उन्होंने कहा कि वैश्य मोर्चा एक उद्देश्य और समाज के मुद्दों को लेकर लड़ने वाली संगठन है। इसलिए वैश्य मोर्चा के स्थापना दिवस का काफी महत्व है। केंद्रीय अध्यक्ष श्री साहु ने बताया कि इस स्थापना दिवस में शामिल होने के लिए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, रांची के सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद आदित्य साहु, विधायक नवीन जायसवाल, गुड़गांव के पूर्व विधायक सह अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय महासचिव उमेश अग्रवाल, पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी, झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री आदि ने अपनी सहमति दे दी है। जबकि और कई नेताओं की आने की संभावना है। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय उपाध्यक्ष ढ़लन साव, केंद्रीय महासचिव आदित्य नारायण प्रसाद, वरिष्ठ नेता राजाराम प्रसाद, बड़कागांव अध्यक्ष मिथिलेश साव, पतरातू प्रखंड उपाध्यक्ष कैलाश साव, श्रीनिवास अग्रवाल, महासचिव भुनेश्वर साव, अशोक साव, संजय अग्रवाल, जीवन गुप्ता, लक्ष्मी प्रसाद, ओम प्रकाश साव, उपेन्द्र शर्मा आदि मौजूद थे।

### मार्शल आर्ट आत्मरक्षा का बेहतर साधनः विजयंत

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में शनिवार को कराटे सह योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे कोच सेंसई कंचन दास के देख-रेख में कक्षा 4 से 5 तक समस्त छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट का गुर सिखाया गया। साथ ही कराटे के फायदों से बच्चों को अवगत कराते हुए काता, कुमिते, फाइट और बोंकाई का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं योग में सूर्य नमस्कार सहित अन्य आसनो का योगाभ्यास कराया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य का भी पूरा ख्याल रखा जाता है। श्री कुमार ने कहा कि कराटे आत्मरक्षा का बेहतर साधन है। खास करके बच्चियों के लिए मार्शल आर्ट सिखना बहुत जरूरी है।

### रामगढ़ में दुर्गा पूजा को ले शांति समिति की बैठक



**रामगढ़।** दुर्गा पूजा को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन के निर्देशनुसार परीक्षयमान उप समाहर्ता पंकज कुमार की अध्यक्षता में जिले के सभी पंडाल समिति के सदस्यों के साथ बैठक हुई। पंकज कुमार ने पूजा पंडाल समिति अध्यक्षों से क्रमवार रूप से पूजा के आयोजन में आने वाली समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। श्री कुमार ने पंडाल समिति के सभी अध्यक्षों को नवरात्रि दुर्गा पूजा के आयोजन में निम्न बातों का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया जिसमें की पूजा पंडाल में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था हेतु वायरिंग तार आदि की जांच विद्युत विभाग के अभियंता के माध्यम से साथ समय करवाने ताकि आगजनी की कोई घटना उत्पन्न ना हो, कहीं भी पूजा पंडाल रास्ता को बाधित कर नहीं बनाया जाए, पूजा पंडाल विवादित स्थान या भूमि पर नहीं बनाया जाए। पंडाल के सदस्यों को निर्देश दिया कि पंडाल में उपयोग होने वाले विद्युत आपूर्ति हेतु विभाग से अस्थाई वैध कनेक्शन लें।

## एक नजर में

### प्रमुख का महाराष्ट्र में भव्य स्वागत



टाटीझरिया। झारखंड के प्रमुख एक्सपोजर विजिट में पुणे गए हुए हैं। वहां इनलोगों ने प्रसिद्ध समाजसेवी अन्ना हजारे से भी मिलकर कई टिप्स लिए। इसी क्रम में महाराष्ट्र के जुन्नर विधानसभा के विधायक अतुल बांके और जिप अध्यक्ष भाऊ देव बाड़े द्वारा प्रमुखों का जोरदार स्वागत किया गया। इनके सम्मान में जिप कार्यालय में पुरुष नृतकों द्वारा झूमते हुए बाजा -गाजा के साथ भव्य तरीके से सम्मानित किया गया। इसके बाद नेताओं द्वारा बारी -बारी से इन्हें पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। टाटीझरिया प्रमुख सह जिलाध्यक्ष सह प्रमुख संघ के प्रदेश महासचिव संतोष मंडल और जिला महासचिव कटकमदाग प्रमुख कुमारी विनीता, गांडेय प्रमुख राजकुमार पाठक समेत अन्य को जनता की सेवा के कई टिप्स दिए गए। आपकी यह पहली सीढ़ी है,जनसेवा करते हुए आप हमसे भी आगे बढ़ सकते हैं,जरूरत है ईमानदारी पूर्वक काम करने की।

### मंदिर की जमीन से हटेगा अतिक्रमण : सीओ

**चरही।** श्री-श्री दुर्गा पूजा समिति चरही के द्वारा अतिक्रमण से संबंधित हस्ताक्षर युक्त आवेदन चुरचू सीओ शशि भूषण सिंह को दिया गया था।इस आवेदन के आलोक में शनिवार को सीओ और थाना प्रभारी विक्रम कुमार दल-बल के साथ चरही बस्ती दुर्गा मंदिर परिसर पहुंचे। अतिक्रमण किए गए स्थल को निरीक्षण किया।निरीक्षण के क्रम में पाया गया,की मंदिर परिसर की भूमि पर कई लोगों के द्वारा अतिक्रमण किया गया है। जिस पर कई गुमटियां,दुकान और झोपड़ी बने हुए हैं।सीओ और थाना प्रभारी ने अतिक्रमण करने वाले लोगों से कहा कि सोमवार तक मंदिर परिसर की भूमि स्वयं गुमटी,दुकान और झोपडी को हटा लें। दिए गए निर्धारित समयानुसार को नहीं खाली किया गया तो मंगलवार को बुलडोजर के माध्यम से खाली कराया जाएगा। इसके तहत होने वाले खर्च को अतिक्रमण करने वाले लोगों से वसूल किया जाएगा।साथ हीं कानूनी कार्यवाही करते हुए मामला भी दर्ज कराया जाएगा। ग्रामीणों ने सीओ को यह भी जानकारी दी कि चरही से धोरधोरवा श्मशान घाट तक जाने के लिए रास्ता नहीं है।अगर है भी तो काफी संकीर्ण है।शव को घाट तक ले जाने में ग्रामीणों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।यहां पर भी अतिक्रमण किया गया है।सीओ ने ग्रामीणों से कहा कि स्थल का निरीक्षण कर इस समस्याओं का हल किया जाएगा।मौके पर मुरारी सिंह,भुनेश्वर ठाकुर,सत्येन्द्र नारायण सिंह,रोहन ठाकुर,रामचरण करमाली,अजित सिंह, राजू करमाली,मनेंद्र सिंह,लाल सिंह सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### यूको बैंक से लाभुक को मिला दो लाख का क्लेम चेक

**चरही।**शनिवार को यूको बैंक शाखा चरही के द्वारा लाभुक कजरी निवासी मृतक सुनीता देवी के पति महनू प्रजापति को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा क्लेम के तहत दो लाख रुपये का क्लेम चेक दिया गया।शाखा प्रबंधक ने कहा कि लोगों के सेवा में यूको बैंक हमेशा तत्पर है।ग्राहकों और लाभुकों के हर तरह की परेशानियों का समाधन तत्काल किया जाता है।आगे कहा कि सरकार के द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बैंक से ले सकते हैं। मौके पर शाख प्रबंधक रौशन मिंज,सहायक प्रबंधक लक्ष्मी कुमारी,आलोक शरण,जगरनाथ राणा,बीसी मो.एहसान अंसारी, कुमार, सुजीत राम, अनिल मुंडा,बैजनाथ करमाली सहित लाभुक के परिजन उपस्थित थे।

### चौपारण में जयराम महतो की सभा आज

**चौपारण।** प्रखंड अंतर्गत ब्लॉक मैदान में रविवार को महाजुटान हो रहा है। इस महाजुटान का नाम बदलाव संकल्प सभा है जो झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) द्वारा आयोजित किया जा रहा है। सभा का मुख्य उद्देश्य स्थानीय नीति, नियोजन नीति, खनन नीति, पुनर्वास नीति, निजी कंपनियों में स्थानीय को नौकरी में 75 प्रतिशत आरक्षण एवं स्थानीय नेतृत्व के मसले पर अपनी आवाज को बुलंद करना है। झारखण्ड में एक बड़े बदलाव के लिए संकल्प लेना है। जिसमें बरही विधानसभा क्षेत्र के हजारों युवा, बुजुर्ग, महिलाएं एवं नौजवान और जनता शामिल होंगे।
शराब माफिया की दबंगई

### केरेडारी : राशन दुकान में बिक रहा शराब

केरेडारी। हजारीबाग के केरेडारी में शराब माफिया के राज थमने का नाम नही ले रहा है सरकारी शराब दुकानदार खुद गाड़ी में लाद कर अधिक दामों पर पहुंचा रहे कई राशन दुकानों में यही कारण है कि केरेडारी के सरकारी शराब दुकानों में नही मिलता है। बियर का बोतल के बारे मे क्षेत्र के ग्राहकों ने बताया कि मजबूरी में राशन दुकान में जाकर 150 का बियर 300 में लेना पड़ता है। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार सिग्नेचर के खाली बोतल में ब्लैक हॉर्स और नाइट गर्ल नाम का एक दारू है जो 250 रुपये में एक फूल मिल जाता है, जिसे सिग्नेचर के खाली बोतल में भरकर 1050रु में धड़ले से बेचा जा रहा है, ग्राहकों के द्वारा शिकायत करने पर कहा जाता है नीचे से ऊपर तक सेटिंग है जहां जाना है चले जाओ,यही वजह है कि आए दिन केरेडारी के सरकारी शराब दुकानों में दुकानदार एवं ग्राहकों के बीच तू-तू मैं-मैं देखने को मिलता है।

### बारिश में टूटा डायवर्सन, आवागमन बाधित

**कटकमसांडी।** कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र में लगातार चार से पांच दिन से हो रही बारिश की वजह से हजारीबाग में लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया था । वही कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के संडवा मठ मंदिर लुपुंग के समीप सिवाने नदी स्थित पुल का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है । वही आवागमन के लिए वैकल्पी छोटा पुल (डायवर्सन) बनाया गया था । लेकिन लगातार हो रहे बारिश की वजह से यह डायवर्सन बिल्कुल क्षतिग्रस्त होकर पानी के तेज बहाव में बह गया । जिससे कई प्रखंडों को जोड़ने वाली यह पुल क्षतिग्रस्त होने से लोगों को लगभग 25 से 30 किलोमीटर अन्य रास्ते से दूरी तय कर लोगों को यात्रा करना पड़ रहा है । लोग बताते हैं कि इसी रास्ते से हम लोग खेती ग्रस्ति कृषि के लिए इसी पुल से गुजरना होता था लेकिन पुल टूट जाने से हम लोगो को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है वही लोगो का मानना है कि संवेदक द्वारा पुल बनाने में लापरवाही भी बरती जा रही है । लोगो ने यह भी बताया कि दो पहिया या चार पहिया और कई बड़ी वाहने भी इस रास्ते से गुजरा करते थे लेकिन पुल टूटने से अब लोगों के सामने बड़ी परेशानियां खड़ी हो गई है ।

### बेस जितिया मेला में उमड़ी भीड़



**कटकमदाग।** कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत बेस पंचायत के ग्राम बेस में देवी मंडप के प्रांगण में दो दिवसीय जितिया मेला लगा। शनिवार को 1:00 बजे से मेला का आगाज मुखिया दीपक यादव,जितिया मेला महा कमेटी अध्यक्ष विक्की कुमार धान, पूर्व पंचायत समिति सदस्य तिलेश्वर गंझू,नवादा मुखिया मोहमद सल्लाउदीन, रामलाल राणा,अरुण राणा,साहेब राणा, राजेंद्र यादव, बिनोद महतो,प्रवीण कुमार महतो, खुशहाल कुशवाहा, गोपी गंझू जगरनाथ साव, नागेश्वर गंझू,राहुल ऋषि, पवन कुमार कमेटी के उपाध्यक्ष सुरेंद्र राम, सचिव भुवनेश्वर गंझू, उपसचिव वकील गंझू, कोषाध्यक्ष करण साव ने समोहिक रूप से किया । इस मेला में हजारो की संख्या में उमड़े श्रद्धालु एवं दर्शक। मुखिया ने मेले को और बेहतर बनाने के लिए अगले वर्ष अपने ओर से जादू का खेल हो इस पर सहयोग करने की बात कही।

## स्पीड न्यूज

### सेन्हा के नये सीओ बने राकेश तिवारी



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा अंचल के नये सीओ के रूप में राकेश कुमार तिवारी ने 46वां सीओ के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात सीओ श्री तिवारी ने कहा कि दाखिल खारिज व भूमि संबंधित सभी अन्य कार्यो के अतिरिक्त छात्र छात्रओं का जाति, आय और आवासीय प्रमाण पत्रो का समय पर निपटारा किया जायेगा। मौके पर अंचल निरीक्षक चंद्रप्रकाश मेहता के अलावे लिपिक और सभी राजस्व कर्मचारी तथा अन्य अंचलकर्मी मौजूद थे।

### जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक

**लोहरदगा।** उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक जूम मीटिंग के माध्यम से हुई। बैठक में सभी थाना प्रभारियों से बीते दो माह में अवैध बालू उठाव, बॉक्साइट खनन, पत्थर खनन से संबंधित जानकारी ली गयी। सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने थाना क्षेत्र में बीते दो माह में संबंधित मामलों में जब्त किये गये वाहन, एफआईआर, दंड शुल्क की जानकारी दी गयी। मीटिंग में एसपी हरिश बिन जमां, डीडीसी जय ज्योति सामंता, एसडीओ अरविंद कुमार लाल, सहायक खनन पदाधिकारी, सभी सीओ, सभी थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

### जागरूकता रैली 11 को

**लोहरदगा।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर 11 अक्टूबर को समाज कल्याण विभाग, लोहरदगा की ओर से राज्य सरकार की अतिमहत्वकांक्षी योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता हेतु जागरूकता रैली होनी है। इसका आयोजन कस्तूरबा गांधी सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, लोहरदगा से नगरपालिका, भारतीय स्टेट बैंक, सोमवार बाजार, पावरगंज चौक, न्यू रोड से पुनः स्कूल परिसर तक किया जाएगा। रैली को हरी झंडी दिखाकर प्रातः 9.30 बजे रवाना किया जायेगा। उक्त जानकारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा ने दी।

### दो फरार वारंटी गिरफ्तार, जेल

**सेन्हा-लोहरदगा।** लोहरदगा न्यायालय के वारंट एसटी संख्या 5/2018 के आलोक में सेन्हा थाना पुलिस ने छापेमारी कर डांडू से दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। बताया जाता है कि लोहरदगा न्यायालय से जारी वारंट के आलोक में सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार के नेतृत्व में एएसआई रामचंद्र मांझी ने दल-बल के साथ वारंटीयों के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। एएसआई ने बताया कि डांडू के स्व रहमत अंसारी का पुत्र मुस्तकीम और स्व हातिम अंसारी का पुत्र नूरहसन दोनों अलग-अलग कांड में संलिप्त थे। जिन्हें सेन्हा पुलिस ने देर रात गिरफ्तार किया। दोनों को मेडिकल जांचोपरांत लोहरदगा कोर्ट में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

### गांवों में धूमधाम से मना जिउतिया पर्व



**चैनपुर।** मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर, पीपल चौक मंदिर, प्रेमनगर, विधायक पथ सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार की देर शाम को जीवित पुत्रिका व्रत जिउतिया श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। माताओं ने निर्जला उपवास रख पूजा अर्चना कर संतान की लंबी उम्र तथा सुख समृद्धि व आरोग्य की कामना की। आचार्यों ने व्रतियों को जिउतिया की कथा सुनायी। वहीं पूजा के बाद रातभर पारंपरिक गीत नृत्य भी महिलाओं ने किया।

### एक्सपोजर विजिट के लिए प्रतिनिधि चयन

**गुमला।** पंचायती राज विभाग की अगुवाई में गुमला जिला के बसिया और रायडीह प्रखंड से एक-एक पंचायत का चयन आईएसओ सर्टिफिकेशन के लिए किला केरल ने किया है। पंचायत को सशक्त बनाने के लिए वहां के मुखिया और कुछ वार्ड सदस्यों को किला केरला का एक्सपोजर विजिट कराया जा रहा है, जो 08 से 12 अक्टूबर तक इस विजिट में रहेंगे। इस विजिट का मुखिया उद्देश्य यह है कि जिस प्रकार केरल के पंचायत सशक्त और आत्मनिर्भर हैं। प्रदान संस्था के अंकित कुमार और रायडीह प्रखंड के परसा पंचायत से उप मुखिया शशि उरांव और वार्ड सदस्य धर्मा मुंडा शामिल होंगे।

### डायरिया से मृत महिला के परिजनों को जिप सदस्य व भाजपा नेता ने दिया अनाज



**घाघरा।** प्रखंड के देवाकी कुसुमटोली गांव में डायरिया से मृत महिला के परिजनों से शनिवार को जिला परिषद सदस्य सतवंती देवी और भाजपा नेता अशोक उराव ने गांव पहुंच मुलाकात की। मृतका के पति ने बताया कि पत्नी के देहांत के बाद अब तीन बच्चे छोटे-छोटे हैं। उनका लालन-पालन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। साथ ही 50 किलो चावल भी दिया। मौके पर जिप सदस्या सतवंती देवी ने कहा कि इस दुख के घड़ी में हम परिवार वालों के साथ हैं। समस्या या परेशानी हो तो बेहिचक संपर्क करें।

### मृत कर्मी की पत्नी को मिली राशि



**घाघरा।** बिजली विभाग घाघरा कार्यालय में शनिवार को विद्युत कार्य के दौरान हादसे में मरे कर्मी बिशुनपुर प्रखंड के टीटही निवासी पुनई उरांव की पत्नी को मुआवजे के रूप में 5 लाख का चेक विभाग ने दिया। इस क्रम में घाघरा लाइनमैन सुंदर देव यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 19 जून 2022 को आदर में बिजली का काम हो रहा था। इस दरमियान बिजली की तार में हादसा हुआ था जिसमें मानव दिवसकर्मी पुनई उरांव गंभीर रूप से जख्मी हो गये थे। मौके पर जेएमडी के पदाधिकारी और प्रभारी एसडीओ सूरज कुमार सहित कई मानव दिवस कर्मी उपस्थित थे।

### 23 एकड़ में हुआ जीवामृत का छिड़काव



**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशनपुर ने शनिवार को घाघरा प्रखंड के शिवराजपुर में कृषि ड्रोन के माध्यम से 25 एकड़ धान की फसल में जीवामृत का छिड़काव किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एनो राय ने बताया कि कृषि ड्रोन खेती के आधुनिक कृषि उपकरणों में से एक है। यह एक मानवरहित विमान होता है। या यूं कहे कि एक उड़ने वाला रोबोट है। इसे दूर से ही साफ्टवेयर से नियंत्रित किया जाता है।

---

उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न

## विकास योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता के साथ करें, गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें : उपायुक्त

- विकास को गति देने व नागरिक सुविधा के कार्य अच्छा ढंग से करने वाले पांच पदाधिकारी सम्मानित
- शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू दुकान संचालित नहीं करने का बीडीओ व सीओ को निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शनिवार को जिला समन्वय समिति की बैठक हुई। जिसमें डीडीसी, एसडीओ सदर, अपर समाहर्ता, परियोजना निदेशक आईटीडीए समेत सभी प्रखंडों के बीडीओ, सीओ एवं विभागीय पदाधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

बैठक के दौरान उपायुक्त द्वार सितंबर माह में जिले के विकास कार्यों में बेहतर गति देने एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर तरीके से उपलब्ध कराने में बेहतर कार्य करने वाले 5 अधिकारी एवं कर्मी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उपायुक्त ने कहा कि आगे भी निरंतर बेहतर कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मी सम्मान एवं प्रशंसा के अधिकारी होंगे। बैठक में समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने शिक्षा कर भेंट गतिविधि के तहत सभी अधिकारी एवं कर्मियों के विद्यालय भ्रमण से प्राप्त रिपोर्ट की समीक्षा की गयी।

## पशुधन बढ़ोतरी और आय वृद्धि के नाम पर लाभुकों के बीच बांटी जा रही बीमार बकरियां

- घाघरा प्रखंड के लाभुकों ने बकरी लेने से किया इंकार
- विरोध करने पर सप्लायर वाहन में बकरी लादकर भागा
- ऐसे बकरियों का वितरण किया जाता है जिसके ग्रोथ की संभावना कम होती है
- घर ले जाने के बाद बकरियों की हो जाती है मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



लाभुकों के बीच वितरण के लिए लाया गया बकरी।

**घाघरा।** पशुधन बढ़ोतरी और आय में सुधार के नाम पर कल्याण विभाग के द्वारा लाभुकों को कमजोर व बीमार बकरियों का वितरण किया जा रहा है। शनिवार को घाघरा प्रखंड कार्यालय में दिरगांव पंचायत के लाभुकों को बकरी लेने बुलाया गया था। बकरी की हालत देखकर ग्रामीणों ने लेने से साफ इंकार कर दिया। क्योंकि कमजोर व बीमार होने के साथ बकरी का वजन भी काफी कम था। ऐसे बकरियों के वितरण से लाभुकों को कम ही लाभ होता है। क्योंकि ऐसे बकरियों का ग्रोथ कम होता है और असमय मर भी जाते हैं। ऐसे में योजना का उद्देश्य पूरा होता नहीं दिखालाई पड़ता है।

**खास बातें :** आय वृद्धि के नाम पर लाभुकों से विभाग व सप्लायर सीधे मजाक कर रहा है। वहीं बकरी सप्लाई का काम कल्याण विभाग से मिलकर प्रज्ज्वलित बिहार नाम की संस्थान (रांची में कार्यरत) कर रहा है। जैसे ही ग्रामीण इसका विरोध करने लगे, आनन-फानन में सप्लाई के लिए आये संस्थान के कर्मचारी फटाफट बकरी को अपने पिकअप में डाल कर फरार हो गये। सप्लायरों के द्वारा मानक को दरकिनार कर बीमार कमजोर व छोटे बकरी के बच्चे वजन कम को लाकर सप्लाई किया जा रहा था। सप्लायर वेट मशीन भी नहीं लाया था ताकि बकरी का वजन कर अच्छी कैटेगरी की बकरी की आपूर्ति की जा सके। सप्लायर के कर्मचारियों ने अपना नाम नहीं बताया कहा कि हम लोगों को जैसा आदेश मिलता है हम लोग वैसा करते हैं।

## 130 बोतल प्रतिबंधित फर्जी कफ सिरप व 228 पीस दवा बरामद

### नशीली दवा व कफ सिरप के कारोबार में शामिल अभियुक्त फरार

- एसपी ने प्रेस कान्फ्रेंस कर दी जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जब्त कप शिरप व दवा के साथ एसपी व थाना प्रभारी।

**गुमला।** गुमला पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के टोटो के कुरैशी मुहल्ला निवासी अजमल अंसारी के घर से प्रतिबंधित ओनरेक्स कफ सिरप के 130 बोतल व विनएसपासमो फोर्ट की 288 पीस दवा बरामद की। इस संबंध में शनिवार को एसपी हरविंदर सिंह ने प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि टोटो क्षेत्र में नशीले दवाओं की खरीद बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन के लिए एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम टोटो के कुरैशी मुहल्ला निवासी अजमल अंसारी पिता स्व. नेजाम अंसारी के घर में छापामारी की। छापामारी के दौरान पुलिस ने उसके घर से भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवा व कप सिरप बरामद किया। पुलिस ने बताया कि अजलम अंसारी टोटो निवासी मुस्तफा आलम उर्फ राजन जो लोहरदगा में रहता है। उसके साथ मिलकर नशा का कारोबार करता है। मुस्तफा लोहरदगा से नशीली दवा अजलम के पास भेजा था जो कि उसकी बिक्री करता था। जिसके कारण कम उम्र के युवा नशे के शिकार हो रहे हैं। पुलिस ने बताया कि अभियान के बाद अजलम अंसारी व मुस्तफा आलम फरार है। छापामारी दल में पुअनि प्रदीप कुमार, पुअनि निरंजन कुमार सिंह, सअनि बिरबल पांडेय, सअनि कमलेश प्रसाद व रिर्जव गार्ड के जवान शामिल थे।

मकुंदा में चोरों ने चुराया ट्रांसफार्मर का क्वाइल

## एक माह से खराब पड़ा था ट्रांसफार्मर ग्रामीण लालटेन युग में जीने को विवश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



ट्रांसफार्मर से हुए चोरी का दृश्य।

**भंडरा।** राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना का कार्य पूरे होने के बाद भी प्रखंड के भिठा पंचायत के मकुंदा टंगरा टोला के लोग खराब ट्रांसफार्मर की वजह से लालटेन युग में जीने को विवश हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल पहल की मांग की है। ग्रामीण बिष्णु उरांव, शिव उरांव, मोहन उरांव, अजय उरांव, सत्यनारायण उरांव आदि ने बताया कि गांव में लगभग एक माह पूर्व हि टंगरा टोला में लगे ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। कई बार विभाग को सूचित करने के बाद भी कंपनी या विद्युत विभाग द्वारा न तो नया ट्रांसफार्मर लगाया गया और ना ही आज तक इसकी मरम्मत करायी गयी। जिसका फायदा उठाते हुए बीती रात अज्ञात चोरों ने ट्रांसफार्मर के क्वाइल की चोरी कर ली। जिस कारण यहां के लोग अंधेरे में रहने को विवश है। आज गांव के अगल-बगल सभी टोला एवं अन्य जगहों पर बिजली जल रही है। ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि गांव को नया ट्रांसफार्मर दिया जाये। उनका कहना है कि कई बार विभाग से फरियाद की गई लेकिन किसी ने कोई प्रयास नहीं किया। यदि विभाग की यही कार्यशैली रही तो उन्हे मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता अपनाना होगा।

### जिउतिया जतरा आज

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजारटांड़ में रविवार को जिउतिया जतरा मनाया जायेगा। जिसमें कैरो के अलावे अन्य कई गांवों से खोड़हा पहुंच पारंपरिक वेशभूषा में आदिवासी संस्कृति के तहत प्रस्तुति करेंगे। हर वर्ष जितिया पर जतरा होता है और एक तरह से जतरा का प्रारंभ हो जाता है।

### पांच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन कल

**कैरो।** प्रखंड के सढ़ाबे महादेव मैदान में अमर शहीद हलधर-गिरधर पांच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन सोमवार को होगा। जिसमें विजेताओं को पुरस्कार के साथ दर्शकों को रिझाने के लिए झारखंड के मशहूर कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखा गया है। यह जानकारी बिनोद साहू ने दी।

### संदिग्ध परिस्थिति में युवती की मौत

**गुमला।** थाना क्षेत्र के हंसलता अंबाटोली की गंगी कुमारी (16) पिता बिरसा महली की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गयी। शुक्रवार की शाम 7 बजे परिजन उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जांच कर मृत घोषित कर दिया। जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि घर में कोई नहीं था। जब हम लोग घर पहुंचे तो आंगन में वह गिरी पड़ी थी। तत्काल उसे सदर अस्पताल लाया गया। परिजन बताये कि लड़की विक्षिप्त थी और घर में ही रहती थी।

### खेल में जिंदगी का दर्शन है : अनुपमा भगत



**सेन्हा लोहरदगा।** नवयुवक संघ पारही द्वारा करमा जितिया पर आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि लोहरदगा नगर परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष अनुपमा भगत ने कहा की खेल में जीवन का दर्शन है। फुटबॉल में किक मारकर गोल करते हैं उसी प्रकार जीवन में ठोकर खाकर इंसान आगे बढ़ता है। अनुशासन और लगन से आप सफलता हासिल कर सकते हैं। खेल में रोजगार के भी अनेक अवसर है। शिक्षा के साथ खेल भी हमारे जीवन को सजाते संवारते हैं। विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा की हमारे मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन खेलो झारखंड और खेल नीति के माध्यम से खिलाड़ियों को निखारने का प्रयास कर रहे हैं। वे हर खेल को प्रोत्साहित कर रहे हैं। इसके पूर्व मुख्य अतिथि अनुपमा भगत एवं राधा तिर्की का बच्चियों द्वारा पारम्परिक रूप से स्वागत किया गया। फाइनल मैच में एजे स्टाइल खखपरता ने तीन शून्य से आजाद क्लब सेन्ना को पराजित कर विजेता बना। इस अवसर पर आदिवासी छात्र संघ के बालेश्वर उरांव पंडित अवधेश उरांव, मुखिया धनबाज उरांव, पाहन भोला उरांव, बीजू उरांव, वीरेंद्र यादव, मनोज सोन तिर्की, आयोजन समिति के मुकूल उरांव, इरफान, विनोद भी थे।

## समारोह आयोजित कर अंचलकर्मियों ने दी अंचलाधिकारी को भावपूर्ण विदाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**घाघरा।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज का विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां नम आंखों से अंचल कर्मी व समाज सेवियों ने सीईओ प्रणव ऋतुराज को विदाईदिया। इस दौरान अंचल के बड़ाबाबू रामकेश्वर राम ने कहा हम सभी को काफी ऊजार्वान व युवा पदाधिकारी से काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। सीओ के काम करने का तरीका ही अलग था। उन्होंने हर वह मुद्दे पर काम किया जो जनहित में जरूरी था। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि वर्षों से जिस जगह पर प्रखंड अंचल कार्यालय चल रहा है उसे जगह की जमीन का पेपर नहीं था जिसे प्रणव ऋतुराज ने अथक प्रयास से निकाला यह काफी ऊजार्वान पदाधिकारी है। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना सभी लोगों ने किया। इस दौरान सीओ प्रणव ऋतुराज ने कहा सरकारी नौकरी में ट्रांसफर पोस्टिंग का प्रक्रिया निरंतर चलते रहता है जो भी पदाधिकारी आयेंगे, वह निश्चित तौर पर घाघरा के विकास की गति को और तेज करेंगे।

## बच्चों के अधिकार को सुनिश्चित करना बहुत जरूरी है: श्रेया दास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** होप संस्थान के सभागार में टीडीएच एवं होप के संयुक्त तत्वावधान तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस प्रशिक्षण में रांची जिला के बेड़ो प्रखंड के पांच पंचायत बेड़ो, दिघिया, टेरो, खुखरा और डुरंडा पंचायत के विभिन्न गांव से आए हुए किशोर किशोरी ने अपनी प्रतिभागिता निभायी।

शनिवार से शुरू हुए इस प्रशिक्षण कार्यशाला में सीडब्ल्यूसी से मनोरमा मिंज, सुशीला कुमारी और पूजा वर्मा तथा टीडीएच से श्रेया दास तथा होप से मनोरमा एक्का, उज्जवल कुशवाहा, अरविन्द वर्मा ने कार्यशाला की शुश्रऊआत की। इस कार्यक्रम के द्वारा किशोर किशोरियों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने हेतु गांव से हो रहे असुरक्षित पलायन, ड्रॉपआउट, बच्चों को स्कूलों से जोड़ना, सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श, मानव दुर्व्यपार, मेंटल हेल्थ, जेंडर और सेक्सुवालिटी आदि से बचाना एवं समझ विकसित करना है।

## प्रश्नमंच में अंकित, चंदन बंटी और ज्योति प्रथम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में विषय सह प्रश्नमंच कराया गया। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में 12वीं विज्ञान में अंकित कुमार साहू, पायल वर्मा और रोहित कुमार साहू,ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। 12वीं कला में चन्दन महतो, पूनम कुमारी व नेहा कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। 11वीं विज्ञान में प्रथम स्थान बंटी भगत, द्वितीय स्थान विवेक उरांव व तृतीय स्थान कशिश कुमारी ने प्राप्त किया। 11वीं कला में ज्योति प्रिया कुजूर, नितेश उरांव और रागिनी भगत ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य उत्तम मुखर्जी और शिक्षक- शिक्षिकाओं ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### करंट लगने से महिला की मौत

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र के काशीकोना गांव निवासी सुपेश्वरी देवी की करंट की चपेट में आने से शुक्रवार की रात मौत हो गयी। घटना के संबंध में पति अर्जुन नगेसिया ने बताया कि शुक्रवार को मृतका जिउतिया का उपवास की थी। जिसके बाद उसने मुझे पानी लाने भेज दिया। फिर वह अपने घर की लिपाई कर रही थी। इसी क्रम में कटे तार के संपर्क में आ गयी। जिससे उसकी मौत हो गयी। परिजनों द्वारा आनन-फानन में उसे सदर अस्पताल गुमला लाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## फरार अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार, सरेंडर कराने की अपील

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर।** चैनपुर थाना कांड संख्या 7/23 धारा 406/420 के प्राथमिक अभियुक्त मेराज अंसारी उर्फ मेराज अहमद पिता अमीन अंसारी ग्राम इटकी गुलाम टोली थाना इटकी जिला रांची के घर पर ग्रामीणों की उपस्थिति में ढोल नगाड़ा बजाते हुए उसके घर में इश्तेहार चिपकाया और उनके परिजनों से उसे पुलिस या कोर्ट के समक्ष एक महीना के अंदर सरेंडर करने की अपील की। वहीं आसपास के सार्वजनिक जगहों पर भी इश्तेहार चिपकाकर ग्रामीणों से भी पुलिस ने अपील करते हुए कहा कि आप सभी उसे जागरूक करते हुए सरेंडर करने को कहें। इधर, थाना प्रभारी ने बताया कि अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सिविल कोर्ट गुमला से निर्गत इश्तेहार को अभियुक्त के घर में चिपकाया गया है।

## अपने संतानों के दीर्घायु जीवन के लिए माताओं ने रखा जिउतिया व्रत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जिउतिया पूजा करती महिलाएं।

**गुमला।** पुत्र के दीर्घायु जीवन के लिए महिलाओं ने शनिवार को दिन भर निर्जला उपवास रखा और आस्था और विश्वास के साथ भगवान जितबाहन की पूजा की। गुमला के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जिउतिया का पर्व श्रद्धा और भक्ति से मनाया गया। शहरी क्षेत्रों में शाम होते ही मंदिरों में जिउतिया की पूजा आरंभ हो गयी।

पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जिउतिया डाली की विधि पूर्वक पूजा कराया और व्रतियों को जीवित पुत्रिका व्रत की कथा सुनायी। जिउतिया व जीवित पुत्रिका व्रत मां अपने पुत्रों के सुख शांति समृद्धि व लंबी उम्र के लिए करती हैं।

इस व्रत के लिए महिलाएं दो दिन लगातार या एक दिन उपवास रखती है। शाम में जिउतिया डाली को साक्षी मानकर भगवान जितबहान की पूजा करते हैं और जीवित पुत्रिका व्रत की कथा श्रवण करते हैं। कथा के माध्यम से पुरोहित अपने सगे संबंधी से ईर्ष्या नहीं करने और आपस में स्नेह भाव से रहने का संदेश देते हैं। इस व्रत में धूप दीप नैवेद्य के साथ पूजा होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में देर रात तक इसकी पूजा होती है और अहले सुबह जितिया डाली को विर्सजित कर दिया जाता है। जिउतिया डाली विर्सजन के बाद व्रतियों ने अपने घरों में पारंपरिक तरीके से पारण किया और अपने सगे संबंधियों को गड़न पहनाकर आशीर्वाद दिया।

## समय सारणी बना कर अध्ययन करने से ही लक्ष्य की प्राप्ति संभव : बिपिन दास

- शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में नवम कक्षा की अभिभावक गोष्ठी आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में कक्षा नवम के अभिभावकों की एक गोष्ठी आयोजित की गयी। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन से हुआ। अतिथि परिचय एवं मंच संचालन का कार्य विद्यालय के हिंदी विषय के आचार्य प्रमेंद्र सिंह ने किया।

कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए राजीव कुमार सिंह ने कहा कि अभिभावकों को अपने पाल्य के विकास के लिए विद्यालय द्वारा बुलाए जाने पर अवश्य उपस्थित होना चाहिए। उनके सुझाव हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। भैया बहनों के विकास के लिए अभिभावकों का तत्परता पूर्वक अपने पाल्य पर ध्यान देना अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। उपस्थित अभिभावकों ने इस अवसर पर अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिये। उन्होंने माना कि विद्यालय द्वारा आयोजित अभिभावक गोष्ठी का अत्यंत सकारात्मक परिणाम होता है। विद्यालय से जुड़ाव लगाव बढ़ता है और भैया बहनों के विकास में इससे सहयोग मिलता है। साप्ताहिक जांच की योजना, पढ़ाई के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों में भैया बहनों का प्रशिक्षण, योग व्यायाम का अभ्यास आदि क्रियाकलाप भैया बहनों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी होते हैं। इन्हें लागू किया जाना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास ने अपने उद्बोधन में अभिभावकों की समस्याओं का समाधान करते हुए कहा कि विद्यालय के सभी आचार्य बंधु भगिनी भैया बहनों की विकास के लिए निरंतर तत्पर हैं। जिज्ञासु एवं श्रद्धावान बनकर भैया बहनों को अपनी समस्याएं आचार्यों के समक्ष रखना चाहिए। इससे उन्हें सही मार्गदर्शन प्राप्त करने में सहायता मिलती है। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के विज्ञान आचार्य श्याम सुंदर कुमार ने किया इस मौके पर 42 अभिभावक उपस्थित हुए। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

स्पीड न्यूज

## बाढ़ में बहने से लापता, पेट के लिए मोहताज परिवार


सुरेन्द्र कोरबा फाईल फोटो।

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखण्ड के गणेशपुर पंचायत अंतर्गत दोरहा टोला निवासी सुरेन्द्र कोरवा बुधवार को गारू सप्ताहिक बाजार से अपने घर के लिए राशन लेकर आने के क्रम में कार्रवाई के कोयल नदी पार करने के दौरान बाढ़ के तेज बहाव में बह गया। चार दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक सुरेन्द्र का पता नहीं चल सका है। जिसके कारण परीवार में गम का माहौल बना हुआ है। परीवार एवं रिस्तेदारों के द्वारा खोजबीन जारी है। बतातें चले कि सुरेन्द्र आँध्र प्रदेश के विशाखापटनम से बुधवार को ही काम कर अपने घर वापस आ रहा था, जिसको लेकर घर में खुशी का माहौल बना हुआ था। परंतु किस्मत को कुछ और ही मंजुर था। परीवार का सारा खुशी गम में तब्दील हो गया। सुरेन्द्र कोरवा परीवार का भरण-पोषण करने वाला इकलौता व्यक्ति था। अपना एवं परीवार का पेट पालने के लिए बाहर में ही मजदुरी का कार्य करता था। टुटा-फुटा बिना दरवाजा का एक कमरा वाला घर में परीवार के 3 सदस्य रहते है। इस घटना के बाद भी जनप्रनिधियों के द्वारा इस परीवार का शुद्ध नहीं लिया गया है। ना ही अभी तक कोई पहल किया गया है।

## बालूमाथ के नवनियुक्त बीडीओ बिना प्रभार लिए वापस लौटे


बीडीओ का स्वागत करते लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ के नए प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव शनिवार को अपना प्रभार लेने बालूमाथ पहुंचे हालांकि पुराने बीडीओ ललिता बाखला को प्रभार का सूचना रहने के बावजूद बिना जानकारी दिए कही चली गई। जिस कारण नए बीडीओ सोमा उराँव बिना प्रभार ग्रहण किये बैरंग वापस लौट गए। वहीं नए बीडीओ के आने की सूचना पाकर बालूमाथ महागठबंधन के नेता समेत कई लोगो ने नए बीडीओ से मुलाकात की और उन्हें गुलदस्ता देकर बधाई दी। इधर चर्चा है कि बीडीओ ललिता बाखला अपना स्थानांतरण रुकवाने के लिए रांची का चक्कर काट रही है। इस मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्या उरांव, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रितलाल यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष नागदेव उरांव, जेएमएम प्रखंड सचिव परमेश्वर गंझु, प्रेम गंजू, जेएमएम प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश यादव, संतोष उरांव, हरिहर यादव, राजन यादव, हरी साव, रंजीत गुप्ता उदय प्रकाश यादव, के अलावे प्रखंड के कर्मी मौजूद थे।

## आनंद मार्गियों ने निकाली शोभा यात्रा


शोभा यात्रा में शामिल आनंद मार्गी।

**चंदवा।** आनन्द मार्ग प्रचारक संघ के सेवा धर्म मिशन के तत्वावधान में आनंद मार्गियों के द्वारा शनिवार को शोभा यात्रा निकाली गयी, शोभा यात्रा इंदिरा गांधी चौक, गैरेजलेन, मुख्य बाजार होते सुभाष चौक पहुंची जहां से यात्री वापस लौट गयी। शोभा यात्रा में चंदवा, लातेहार, मेदिनीनगर, रांची समेत कई अन्य जिलों एवं राज्यों से आनंदमार्गी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए। आचार्य रमेन्द्रानंद अवधुत ने बताया कि श्री श्री आनन्दमूर्ति ने 8 अक्टूबर के दिन हीं आमझरिया में मानवता के कल्याण हेतु सिद्ध महामंत्र बाबा नाम केवलम कीर्तन मंत्र प्रदान किया था। इस लिए भारत वर्ष ही नहीं पूरे विश्व के 180 देशों में कीर्तन दिवस पर सामुहिक कीर्तन का आयोजन किया जा रहा। इस मौके पर आनन्द मार्ग प्रचारक संघ के आचार्य ब्रजगोपालानंद अवधूत, आचार्य सत्यआश्रयानंद अवधूत, आचार्य नवतितानंद अवधूत, लातेहार जिला के भक्ति प्रधान शिवप्रसाद, अधिवक्ता सुदर्शन, श्याम सुंदर देव, शशि नंदन देव, श्याम किशोर देव ,संजय देव समेत सैकड़ो लोग शामिल थे।

## संजय जायसवाल ने की घर वापसी

**महुआडांड।** महुआडांड के कद्दावर नेता सह कांग्रेस के लातेहार जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार जायसवाल शनिवार को अपने सैंकड़ो समर्थकों के साथ बरवाडीह में आयोजित संकल्प रैली में शामिल होकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के समक्ष घर वापसी किये। भाजपा में शामिल होने के बाद संजय जायसवाल ने कहा कि भारत के अन्य पार्टी परिवारवाद क्षेत्रवाद भाषावाद की राजनीति करती है जबकि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रवाद की राजनीति करती है। पार्टी राष्ट्र के निर्माण के लिए काम करती है। सबका साथ सबका विकास करना ही पार्टी की नीति है। इसी से प्रभावित होकर पुनः घर वापसी कर रहें हैं। संजय जायसवाल के नेतृत्व में लगभग 35 वाहनों से सैंकड़ो समर्थक शामिल होने महुआडांड पहुंचे। संजय जायसवाल समेत सभी लोगों को भाजपा का पट्टा पहनाकर भाजपा में स्वागत किया।

### जनसंकल्प यात्रा में विपक्ष पर गरजे पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल, कहा झारखण्ड में पिछले चार वर्षों में थम गया है विकास का पहिया

# हेमंत सोरेन को कुर्सी से हटाने का संकल्प ले जनता : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** झारखण्ड में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जनसंकल्प यात्रा के जरिए चुनावी तैयारी शुरू कर चुके भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को मनिका विधानसभा क्षेत्र के बरवाडीह में जनसभा को संबोधित करते हुए चुनावी बिगुल फूंक दिया हैं। प्रखण्ड मुख्यालय अंतर्गत हाई स्कूल के प्रांगण में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने राज्य की महागठबंधन सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा की राज्य में जब भाजपा की सरकार थी तब गरीब, किसान, मजदूर और नवजवान भाइयों के चेहरे पर शांति और मुस्कान था। भाजपा सरकार ने राज्य में विकास की जो लकीर खींची थी वह इन चार सालों में थम गया है। उन्होंने आगामी चुनाव में भाजपा का समर्थन करने और केंद्र व राज्य में भाजपा को फिर से सत्ता में लाने की लोगों से अपील की। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के राज में ग्रामीण क्षेत्र की जनता बिजली नहीं देखी थी। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी ने ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर में बिजली पहुंचाने का काम किया। हमारी सरकार हमेशा गरीबों किसानों, मजदूरो, नवजवानो और माताओं-बहनों को समर्पित रही है और हमेशा रहेगी। देश के प्रधानमंत्री मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनते ही सबसे पहले माताओं बहनों की मान-सम्मान को बढ़ाने का काम किया। मोदी जी जानते थे कि मां बहनों की क्या- क्या समस्याएं है। उनके घरों में शौचालय नहीं है, झुग्गी झोपड़ी में रहकर जीवनयापन करना पड़ता है, और लकड़ी के चूल्हे पर खाना पकाकर खुद को कई प्रकार की बीमारियों के हवाले कर देती है। मोदी जी ने सबसे पहले झुग्गी झोपड़ी के बदले पक्का मकान दिया शौचालय दिया और मुफ्त गैस सिलेंडर और चूल्हा देकर उनकी सभी समस्याओं को दूर कर दिया। रक्षाबंधन में भी माताओं और बहनों को सौगात देते हुए गैस की कीमतों में दो सौ रुपए सब्सिडी दी। उज्ज्वला योजना से लाभन्वित माताओं को पहले से दो सौ रुपए की सब्सिडी उनके जन धन के खाते में आती है।


बाबूलाल मरांडी का स्वागत करते कार्यकर्ता।


संबोधित करते मरांडी।


संबोधित करते हरिकृष्ण सिंह।

**▶▶ हेमंत सरकार में विकास नहीं सिर्फ घोटाला हुआ है : बाबूलाल मरांडी**

झारखंड में जबसे हेमंत सोरेन के नेतृत्व ने सरकार बनी है। केंद्र से पैसा आता है वह भी खर्च नहीं हो पाता है। कुछ होता है सिर्फ कमीशनखोरी और घोटाला होता है। प्रधानमंत्री मोदी जी कोरोना के समय से प्रत्येक महीने गरीबों के घरों में पांच किलो अनाज पहुंचाने का काम कर रहें है पर हेमंत सोरेन गरीबों को मुफ्त मिलने वाले अनाज को भी बेच देते है। ऐसे मुख्यमंत्री को राज्य की कुर्सी से हटाने का संकल्प लेकर ही आज हम सबको यहां से जाना है।

**▶▶ महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन**

इसके पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह ने कुटमु चौक पर स्थित महाप्रतापी राजा मेदिनिराय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिसके बाद पूर्व विधायक सह वन एवं पर्यावरण मंत्री स्व.यमुना सिंह, शहीद भगत सिंह, बाबा साहेब और स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए वह कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। जहां कार्यकताओं द्वारा उनका स्वागत पूरी गर्मजोशी से किया गया।

**▶▶ भाजपा की सरकार में अपराधी लगाम में थे : हरिकृष्ण सिंह**

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक सह जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज राज्य की जनता में भय का माहौल है। राज्य में जब भाजपा की डबल इंजन की सरकार थी तब अपराधियों पर लगाम था। अपराधी सरकार से बचने के लिए भागते फिरते थे लेकिन आज माहौल ऐसा है कि अपराधी बेलगाम हो गए है, नक्सली घटनाएं, हत्याएं और लूट पाट चरम पर है। ऐसी स्थिति में इस जनविरोधी सरकार को मुंहतोड़ जवाब देने का समय निकट आ रहा है। पूर्व विधायक ने कहा कि आज इस जनसंकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब यह गवाही दे रहा है कि राज्य की इस भ्रष्टाचारी सरकार से जनता पूरी तरह ऊब चुकी है।

### कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेता

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह, छिपादोहर मंडल अध्यक्ष मुंद्रिका सिंह, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा, मुकेश निरंजन सिन्हा, सुशील अग्रवाल, रघुपाल सिंह, कौशल लाल, अमित लाल, जिला सांसद प्रतिनिधि विनीत मधुकर, राजधानी यादव, मंजू सिंह, जिप अध्यक्ष पूनम देवी, जिप सदस्य संतोषी शेखर, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, दिलीप यादव, विवेक सिंह, अजय सोनी, नपं अध्यक्ष सितामनी तिर्की, प्रमुख सुशीला देवी, उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल, मुखिया कालो देवी, रेखा पाठक, बंटी ठाकुर, बंशी यादव, नीरज सिंह, ध्रुव पांडेय, भानू प्रसाद, पंकज यादव, मनोज प्रसाद, प्रदीप सिंह, सुनील सिंह, मनोज यादव, ब्रजेश सिंह, उपेंद्र प्रसाद, शिला देवी, आशा देवी, रेनू देवी, जितेंद्र सिंह, भाजयुमो अध्यक्ष विकास सिंह, पारस जयसवाल, हेमंत कश्यप, अशोक प्रसाद और ईश्वरी सिंह समेत हजारों की संख्या में ग्रामीण महिला और पुरुष मौजूद थे।

## नाबालिक लड़की के अपहरण का आरोप विरोध में एक घंटा सड़क जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुराना कस्तूरबा के समीप रहने वाली एक नाबालिक लड़की का अपहरण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। लड़की के परिजनों ने बताया कि नाबालिक युवति शनिवार को 1:00 बजे ट्यूशन पढ़ने के लिए घर से निकल कोचिंग सेंटर जा रही थी इसी बीच उसके चिखने चिल्लाने का आवाज आयी। जब तक युवती की मां घर से बाहर निकली तब तक अज्ञात वाहन से लड़की का अपहरण कर लिया गया था। लड़की का किताब कॉपी घर के बाहर बिखरा पड़ा मिला। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस एवं उसके परिजन मुरपा तरफ ढूंढने के लिए निकाला लेकिन 3:30 बजे तक कोई अता-पता नहीं चला। उसके बाद गुस्साए परिजनों ने बालूमाथ थाना चौक एवं मुरपा मोड़ के समीप रांची चतरा मुख्य पथ एनएच 22 को एक घंटा सड़क जाम कर दिया। जिससे सड़क के दोनों ओर वाहन की कतार लग गई। जाम कर रहे लोगों ने बताया कि बालूमाथ प्रसाद पेट्रोल पंप के सामने रह रहे कुछ युवक पिछले 10-15 दिनों से लड़की के साथ पड़ने जाने के दौरान छेड़खानी कर रहा था। लड़की द्वारा छेड़खानी की बात परिजनों को बताई। शुक्रवार को लड़की के परिजनो द्वारा छेड़खानी करने वाले युवक की पिटाई करते हुये लड़का के पिता को जाकर पूरी बात बता दिया था। यह अपहरण उसी कड़ी से देखकर परिजनों ने हंगामा करते हुए सड़क जाम कर दिया। इधर पुलिस ने आरोपी युवक समेत चार पांच युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के आश्वासन के बाद सड़क जाम हटाया गया सड़क जाम 3:30 से 4:30 लगभग 1 घंटे तक रहा।


अपहरण की घटना की विरोध में जाम सड़क।

## आर्ट ऑफ गिविंग के द्वारा खिलाड़ियों को नेट व वॉलीबॉल दिया गया

**लातेहार।** आर्ट ऑफ गिविंग की लातेहार जिला कम्युनिटी द्वारा वॉलीबॉल खिलाड़ियों को वॉलीबॉल और वॉलीबॉल नेट प्रदान किया गया। लातेहार जिला स्टेडियम के सामने स्थित वॉलीबॉल खेल मैदान में खिलाड़ियों के बीच वितरण किया गया। आर्ट ऑफ गिविंग, संस्थापक कीट/किशव एवं किंस, भुवनेश्वर के फाउंडर, लोकसभा सांसद प्रोफेसर अच्युत सामंत के द्वारा प्रारंभ किया गया है। आर्ट ऑफ गिविंग के लातेहार जिला कन्वेनर प्रवीण मिश्रा द्वारा हेल्प द हेल्पिंग के तहत खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री दिया गया। बालक बालिका वॉलीबॉल खिलाड़ियों के बीच चार वॉलीबॉल और दो नेट प्रदान किया गया। इस अवसर एंबीशन कंप्यूटर सेंटर के निदेशक नीरज कुमार, आशीष कुमार सिंह, कमलेश, शुभम साव समेत कई लोग उपस्थित है।


खिलाड़ियों को नेट व वॉलीबॉल देते अतिथि।

## मध्य विद्यालय के चहारदीवारी कार्य मे भारी अनियमितता, ग्रामीणों ने कार्य को रोका

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय इटके मे डीएमएफटी फंड द्वारा चारदीवारी घेराव निर्माण कार्य मे भारी अनियमितता को देखते हुए विरोध कर ग्रामीणों ने कार्य को रोक दिया ग्रामीणों ने बताया की संवेदक द्वारा विद्यालय भवन के चारो ओर चारदीवारी का घेराव निर्माण कार्य कराया जा रहा है जहाँ ढलाई किए गए टाईबीम 12 इंच के स्थान पर मात्र 5 से 6 इंच ही ढलाई की गई है। वही गेट मे 12 एमएम का रड 6 पीस कर पीलर मे देना है लेकिन मात्र 4 पीस डालकर लीपापोती किया जा रहा है। मिटी युक्त बालू का भी उपयोग किया जा रहा है साथ ही 10 फिट दुरी मे पीलर के जगह 12 फिट मे पीलर दिया गया है जिससे देखते हुए ग्रामीणों ने घोर विरोध करते हुए कार्य को बंद करवा दिया है। वही विद्यालय के प्रबंधन समिति अध्यक्ष मो ओजैर ने बताया की हमलोग ग्रामीण योजना कार्य का स्टीमट संवेदक से मांग किए तो संवेदक द्वारा यह कहा गया की जहाँ जाना है जाओ कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे उपर से निचे सब मैनेज रहता है। ग्रामीणों ने बताया की सरकारी विद्यालय मे अधिकांश गरीब- गुरबे के बच्चे पढ़ते हैं। घटिया चारदीवारी निर्माण कार्य से कभी भी चारदीवारी क्षतिग्रस्त हो सकता है। निर्माण कार्य की योजना संख्या, प्राक्कलन राशि लम्बाई ऊंचाई सहित किसी प्रकार का कोई बोर्ड नहीं लगाया गया है और संवेदक तेज गति से जैसे तैसे लीपापोती कर कार्य को करवा रहा है. उक्त सम्बन्ध मे मो हरीश ने बताया की मेरे भाई की पेपर से काम हो रहा है। काम हम ही देखते हैं। यह बात सही है की 12 इंच के जगह मात्र 6 इंच ही टाईबीम ढलाई हुआ है मजदूर के कमी के कारण गलती हुआ है। जेई साहब और विभाग जाँच कर जो भी फैसला करेंगे उसे मान लेंगे। वही ग्रामीणों ने उपायुक्त व वरिये अधिकारी से अविलम्ब जाँच कर कार्रवाई करने की मांग की है।


अनियमितता को लेकर जानकारी देते ग्रामीण।

## नदी में डूबने से एक बच्ची की हुई मौत और एक लापता

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र स्थित भटको गांव से होकर गुजरने वाली औरंगा नदी में डूबने से दिन शनिवार को एक बच्ची की मौत हो गई और एक बच्ची लापता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव के 6 बच्चियां नदी में नहाने के लिए गए थे, नदी में पानी के तेज बहाव के कारण सभी बच्चियां डूबने लगे। वहीं नदी के आसपास कुछ ग्रामीणों ने बच्चों को डूबता देख नदी में तैर कर चार बच्चों को बचा लिया। वहीं भटको गांव निवासी प्रदीप राम की बच्ची पूर्णिमा कुमारी का नदी में डूबने से मौत हो गई व सितई राम की बच्ची चांदनी कुमारी नदी के तेज बहाव में बहने से लापता है। वहीं घटना के विषय में गांव के लोगों ने मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह को जानकारी दिया जिसके तुरंत बाद ही थाना प्रभारी अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों के मदद से लापता बच्ची की तलाश में जुट गए। वहीं इस दुर्घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल बना हुआ है गांव के लोगों का कहना है कि लगातार हो रही बारिश के कारण औरंगाबाद नदी में पानी का स्तर काफी बढ़ गया है और जिस जगह पर बच्चियां नहा रही थी वहां पर पानी काफी गहरा है अगर समय रहते बच्चियों को डूबते हुए नहीं देखा जाता तो नदी में नहाने गए सभी बच्चियों के साथ अनहोनी हो सकती थी।


मौके पर उपस्थित पुलिस की टीम।

## दुर्गा पूजा समिति निंद्रा की बैठक संपन्न

मातृशक्ति के हाथों में पूजा समिति की बागडोर

**चंदवा।** आगामी दुर्गा पूजा को धूमधाम से मनाने को लेकर दुर्गा पूजा समिति निंद्रा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में दुर्गा पूजा पंडाल को भव्यता प्रदान करने को लेकर गंभीरता से चर्चा करते हुए कई निर्णय लिए गए साथ हीं सर्वसम्मति से समिति का भी गठन किया गया। समिति ने इस वर्ष अनोखा पहल करते हुए पूजा समिति की पूरी बागडोर मातृशक्ति के हाथों में सौंपा। चंदवा पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिमा देवी, डुमारो मुखिया सुनीता खलखो, स्वाति देवी, उषा देवी, प्रभा देवी, नेहा देवी को संरक्षक बनाया गया। जबकि कलावती देवी को अध्यक्ष, रुणा देवी उपाध्यक्ष, मीणा देवी सचिव, लक्ष्मी देवी उपसचिव, अनिता देवी कोषाध्यक्ष व सरिता देवी को उपकोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावे राजू टाना भगत, विमल टाना भगत, हीरालाल यादव, सुशील उरांव, रितेश यादव, आलोक यादव, शंकर टाना भगत, लखन मुंडा को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

## जेएमएम युवा प्रखंड सचिव की रांची मे ईलाज के दौरान मौत

**बारियातू।** झारखंड मुक्ति मोर्चा युवा प्रखण्ड सचिव आकाश भोगता का रांची के गुरुनानक अस्पताल में शुक्रवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों व कार्यकत्ताओं मे शोक की लहर है. जानकारी देते हुए युवा अध्यक्ष विश्वनाथ गंझु ने बताया की युवा सचिव भोगता, अमरवाडीह ग्राम के निवासी सह समाजसेवी महेंद्र गंझु के पुत्र थे। अचानक दो अक्टूबर से बुखार व पेट के दर्द शुरू हो गई.जिन्हे इलाज के लिए रांची के गुरुनानक अस्पताल में भर्ती कराया गया था.इलाज के दौरान शुक्रवार सुबह उन्की मौत हो गई। जिनका अंतिम संस्कार अमरवाडीह मुक्ति धाम मे किया गया। अंतिम संस्कार में बीस सुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, उपाध्यक्ष सुरेश गंझु, भुनेश्वर यादव, अनिल तुरी, युवा उपाध्यक्ष अनिल यादव, रवि यादव, मोहन गंझु, आदित्य गंझु, बालूमाथ प्रखण्ड अध्यक्ष एश्वर्य उरांव, प्रमेशवर गंझु सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## बारी पंचायत के महतो टोला में घोर पेयजल संकट

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के बारी पंचायत अंतर्गत बारी ग्राम के महतो टोला में पेयजल संकट से ग्रामीण जुझ रहे है। ग्रामीण सुकु उरांव सीताराम भुइयां, लालजी भुइयां, रामजीत गंझू, बनेश्वर भुइयां, मनेश्वर भुइया, ललिता देवी, अनिता देवी, सविता देवी, जिरवा देवी, बिनीता देवी, जयपाल भुइयां, जहरी देवी, सोनी देवी, सोभन्ति देवी समेत अन्य लोगो ने बताया कि महतो टोला में अजजा, अजा व ओबीसी समाज के लगभग 40 परिवार निवास करते हैं लेकिन गांव में पीने के पानी के लिए सुविधा नहीं, ग्रामीण कुएं के दुषित पानी पिकर प्यास बुझाने को मजबूर है, विगत दिनो हर घर नल जल योजना के तहत बोरिंग की गयी लेकिन एक स्थान पर पानी नहीं निकलने के बाद संवेदक दुसरे स्थान पर बोरिंग करने से साफ इंकार कर दिया जिस कारण ग्रामीणो में रोष व्याप्त है।

### झारखंड समेत कई राज्यों में आस्था का प्रतीक है मां उग्रतारा नगर, मंदिर में सदियों से चली आ रही है पूजा की विशेष प्रथा

# आज से प्रसिद्ध मां उग्रतारा नगर मंदिर में शुरू होगी 16 दिवसीय शारदीय पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** पूरे झारखंड, बिहारी, पश्चिम बंगाल, उतर प्रदेश समेत कई प्रदेशों में आस्था का प्रतीक व मनोकामना पूर्ति को लेकर प्रख्यात चंदवा प्रखण्ड के नगर ग्राम स्थित प्राचीन प्रशिद्ध मां उग्रतारा नगर मंदिर में 16 दिवसीय शारदीय दशहरा पूजा को लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। इस मंदिर की खास बात यह है कि यहां पर 16 दिवसीय शारदीय पूजा आयोजित होती है, इस दौरान मंदिर में आस्था का जन सैलाब उमड़ता है। 8 अक्टूबर रविवार अश्विन कृष्ण पक्ष नवमी तिथि को प्रातः 7 बजे अष्टादशभुजा प्रथम कलश स्थापना के साथ ही शुरू हो जाएगी। शारदीय दशहरा पूजा के शुरू होते हीं चंदवा समेत लातेहार जिला व झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश समेत देश के विभिन्न राज्यों से मां के भक्तों का आगमन काफी बढ़ जाएगा। मंदिर के सेवायत मुंतजिमकार पंडित गोविंद बल्लभ मिश्र ने बताया कि 14 अक्टूबर शनिवार को आश्विन मास कृष्ण अमावस्या को संध्या आरती के बाद गौरा आगमन के बाद गणेश, सूर्य, नवपत्रिका, अपराजिता, भट्टारिका, भैरव एवं उग्रतारा कलश की स्थापना होगी। 15 अक्टूबर रविवार को अश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से पंचमी तिथि 19 अक्टूबर गुरुवार तक आरती के पश्चात कलश पूजा तत्पश्चात श्रद्धालुओं का मंदिर में दर्शन एवं पूजन, 20 अक्टूबर शुक्रवार षष्टी को अपराह्न 2 बजे दामोदर ग्राम में बिल्वाभिमन्त्रण के लिए प्रस्थान व शाम में कलश पूजन, 21 अक्टूबर शनिवार अश्विन शुक्ल पक्ष सप्तमी को सुबह के आरती के बाद गौरा विसर्जन तत्पश्चात देवी को लाने हेतु दामोदर गांव प्रस्थान, अपराह्न 3:00 बजे देवी स्नान एवं रात्रि में कलश पूजन के पश्चात रात्रि लगभग 10:30 बजे के पश्चात आम यात्रियों के बकरे की बलि शुरू होगी। 22 अक्टूबर रविवार महाष्टमी को 2 बजे हवन, संध्या 5:18 बजे संधि (महिष) बलि, रात्रि में कलश पूजा के पश्चात रात्रि लगभग 10:30 बजे के बाद आम यात्रियों के बकरे की बलि होगी। 23 अक्टूबर सोमवार नवमी को सुबह आरती के मंदिर का हवन, 10:30 बजे महामार (महिष बलि), इसके बाद 12:30 बजे तक आम यात्रियों का प्रसाद चढेगा, तत्पश्चात बंद हो जाएगा। इसके उपरांत अपराह्न 3:00 बजे पान चढ़ाया जाएगा पान गिरने के पश्चात विसर्जन, नीलकंठ दर्शन, खेदा महिष बलि, तत्पश्चात यात्रियों के बकरे की बाली तथा प्रसाद चढ़ाया जाएगा।


नगर मंदिर।

## शिबू साव भाजपा में हुए शामिल

**बरवाडीह।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के जन संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय के खुरा निवासी और कांग्रेस विधायक रामचंद्र सिंह के करीबी रहे वरिष्ट कांग्रेसी नेता सह समाजसेवी शिबू साव ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ कार्यक्रम में पहुंचकर भाजपा का दामन थाम लिया। शिबू साव खुरा से रैली की शक्ल में पदयात्रा करते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। रैली में शामिल सभी कार्यकताओं ने अपने हाथ में भाजपा का झंडा लेकर नरबाजी कर रहे थे। जिसमें भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, बाबू लाल मरांडी जिंदाबाद आदि नारे लगाए जा रहे थे। जहां भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह ने शिबू साव, मुखिया जितेंद्र सिंह और सभी नए सदस्यों का स्वागत भाजपा का पट्टा पहनाकर किया।

स्पीड न्यूज

## मूक बालिका को दी गई विधिक सहायता

**दुमका।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अनिल कुमार मिश्रा के निदेर्शानुसार बालिका गृह, दुमका में आवासित मुख बालिका को विधिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से एक टीम गठित कर मूक बधिर बालिका को प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत द्वारा विधिक सहायता प्रदान की गई। मूक बधिर बालिका से परामर्श के लिए मूक-बधिर विद्यालय के सहायक शिक्षक, सुधीर कुमार को प्रतिनियुक्ति कर बालिका से सांकेतिक भाषा का प्रयोग करते हुए उससे उसका नाम एवं घर का पता पूछने की कोशिश की जा रही है।

## स्नातक सेमेस्टर 6 की प्रायोगिक परीक्षा 10 से

**दुमका।** एसपी कॉलेज के स्नातक सेमेस्टर 6 की प्रायोगिक परीक्षा की तिथि शनिवार को जारी हुआ। प्रायोगिक परीक्षा 10 से 15 अक्टूबर 2023 तक चलेगी। भौतिक का परीक्षा 10 एवं 11 अक्टूबर को, रसायन विज्ञान 10 एवं 11 अक्टूबर, वनस्पति विज्ञान के 10 एवं 11 अक्टूबर को, 10 से 15 अक्टूबर जंतुविज्ञान एवं 13 अक्टूबर को मनोविज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा होगी। सेमेस्टर 6 में कोर विषयों के साथ डीएसई की भी प्रायोगिक परीक्षा होगी। उक्त जानकारी परीक्षा विभाग के सहायक राजकुमार ठाकुर ने दी।

## पीजी सेमेस्टर 2 की परीक्षा फॉर्म भरने का संशोधित कार्यक्रम जारी

**दुमका।** सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के पीजी सेमेस्टर-2, सत्र 2022-24 परीक्षा 2023 का परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन भरने की संशोधित तिथि जारी हुई। परीक्षा फार्म 500 रुपये विलम्ब शुल्क के साथ 6 अक्टूबर से परीक्षा प्रारंभ होने के एक सप्ताह पूर्व तक निर्धारित किया गया है। छात्र-छात्राओं ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने कर हार्ड कॉपी अपने कॉलेज या विभाग में जमा करना अनिवार्य है।

## यूजी सेमेस्टर-3 की परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम जारी

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के यूजी सेमेस्टर-3, सत्र 2021-24 परीक्षा 2022 के परीक्षा कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है। इस संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 12 अक्तूबर को आयोजित होने वाली एसइसी - ह्यह्यएन्वायर्न्मेंट एण्ड पब्लिक हेल्थह्यह्य पत्र की परीक्षा अब 17 अक्टूबर को द्वितीय पाली में आयोजित होगी । शेष विषयों की परीक्षा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगी ।

## एसकेएमयू के बीबीए-बीसीए का परीक्षाफल हुआ जारी

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के बीबीए एवं बीसीए का परीक्षाफल जारी हुआ। बीबीए व बीसीए के सत्र-2022-25 के सेमेस्टर-1 परीक्षा 2022 का परीक्षाफल घोषित हुआ। बीबीए सेमेस्टर-1 परीक्षा में 100 फीसदी परीक्षार्थी उतीर्ण हुए है। वही बीसीए सेमेस्टर-1 में 98.72 फीसदी उतीर्ण हुए। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी।

## मर्डर केस में फंसते दिख रहे कड़क आइएएस केके पाठक

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के चर्चित और कड़क आएएस अधिकारी केके पाठक की मुश्किलें बढ़ती हुई दिख रही हैं। मुजफ्फरपुर स्थित जिला न्यायालय में उनके विरुद्ध एक केस में न्यायिक जांच शुरू कर दी गई है। ये मामला हत्या से जुड़ा है। मर्डर के इस पुराने मुकदमे में केके पाठक पर संगीन आरोप लगे हैं जिसके तहत कोर्ट ने शनिवार को परिवादी का बयान दर्ज किया। दरअसल मामला करीब डेढ़ साल पुराना है। शनिवार को कोर्ट ने मामले में संज्ञान लेते हुए परिवादी सुधीर कुमार ओझा का बयान दर्ज किया। इसके साथ ही कोर्ट ने अन्य गवाहों के बयान के लिए 8 नवंबर की तिथि मुकर्रर की है। शिक्षा विभाग की कमान मिलते ही उनकी भिड़ंत विभाग के मंत्री चंद्रशेखर से काफी लंबे समय तक मालूम हो कि केके पाठक वर्तमान में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव हैं और अपने कड़े तेवर के कारण वो फिर इन दिनों सुर्खियों में हैं।

### वैश्य, निषाद जैसी जातियों की कम संख्या पर सुशील मोदी ने उठाए सवाल कहा

# 'ताकि राजनीतिक ताकत का एहसास न हो'

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार में जातीय जनगणना के और आंकड़े प्रकाशित करने के नीतीश सरकार के निर्णय पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाने से मना कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि वह राज्य सरकार को कोई नीतिगत निर्णय लेने से नहीं रोक सकता। सर्वोच्च न्यायालय ने याचिकाकताओं की उस आपत्ति को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया कि राज्य सरकार ने कुछ आंकड़े प्रकाशित कर स्थगन आदेश की अवहेलना की। इसपर बीजेपी के राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जातीय गणना पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का स्वागत करते हैं। लेकिन भाजपा नेता ने बिहार सरकार पर पक्षपाती रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए सवाल उठाए हैं। सुशील मोदी ने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने जातीय गणना के आंकड़े प्रकाशित करने पर किसी प्रकार की रोक लगाने से इनकार किया है, ऐसे में अब कोर्ट की कोई भूमिका नहीं बची है। लेकिन, जो आंकड़े सार्वजनिक किए गए दो-तीन जातियों को छोड़कर अधिकांश जातियां ठगी हुई महसूस कर रही हैं। लग रहा है उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। साजिश के तहत उनकी संख्या कम कर दिखाया गया है। सुशील मोदी ने कहा कि अब तो जदयू के सांसद सुनील कुमार पिंटू ने सवाल उठा दिया है और 8 अक्टूबर को तेली-साहू समाज की बैठक बुलाई है। भाजपा सांसद ने कहा, सत्ता से जुड़ी हुई जातियों की संख्या बढ़ा चढ़ा कर दिखाई गई है और बाकी जातियों को



उपजातियों में तोड़ दिया गया है। लगता है कहीं बैठकर फॉर्म भर दिया गया है। सुशील मोदी ने कहा कि कई जातियां सर्वे से ठगा महसूस कर रहीं हैं ऐसे में राज्य सरकार इसकी समीक्षा कराए। सुशील मोदी ने कहा कि वैश्य, निषाद सहित कई जातियों को उपजातियों में बांटकर दिखाया गया है और सत्ता समर्थक खास जातियों के आंकड़े बढ़ा चढ़ाकर पेश किए गए हैं। जातीय गणना सर्वे पर कोई कानूनी मुद्दा नहीं, बल्कि विश्वसनीयता पर संदेह है। सुशील मोदी ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा और जदयू के एक सांसद सहित अनेक लोग जब सर्वे के आंकड़ों को विश्वसनीय नहीं मान रहे हैं, तब सर्वे प्रक्रिया की समीक्षा करायी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार में जातीय सर्वे कराने के सरकार के नीतिगत निर्णय पर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की मुहर लगने के बाद अब कानूनी रूप से सर्वे को लेकर कोई कानूनी मुद्दा नहीं है। लेकिन, दूसरी तरफ सर्वे की विश्वसनीयता जनता का मुद्दा बन गया है। ऐसी शिकायतें मिलीं कि प्रगणकों ने अनेक इलाकों के आंकड़े घर बैठे तैयार कर लिए। सुशील मोदी ने कहा कि वैश्य, निषाद जैसी कुछ जातियों के आंकड़े 8-10 उपजातियों में तोड़ कर दिखाए गए, ताकि उन्हें अपनी राजनीतिक ताकत का एहसास नहीं हो। मोदी ने सवाल पूछा कि आखिर यह यह किसके इशारे पर हुआ? मोदी ने कहा कि राज्य में वैश्य समाज की आबादी 9.5 प्रतिशत से अधिक है, लेकिन यह सर्वे में दर्ज नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि जिस जाति-धर्म के लोग वर्तमान सत्ता के साथ हैं, उनकी संख्या को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने के लिए उपजातियों के आंकड़े छिपाए गए. ऐसे में जातीय सर्वे पर जो संदेह-सवाल उठ रहे हैं, उनका उत्तर राज्य सरकार को देना चाहिए, पार्टी प्रवक्ताओं को नहीं।

## भारतीय पुलिस कठिनाइयों में रहते हुए भी अपने कर्तव्य और अनुशासन का निर्वाह करती है




**डा0 दिलीप कुमार झा पत्रकार झारखंड।**

प्राप्त आंकड़े के मुताबिक दुनियां का सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश अब चीन को पछाड़ते हुए भारत विश्व में प्रथम राष्ट्र बन चुका है । जहां धर्म निरपेक्षता के चादर तले हिंदू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध, जैन, और भी छोटे छोटे समूह में बंटे पंथ और समाज को भारतीय संविधान के दायरे में रहते हुए कानूनों का पालन करते हुए सुरक्षा प्रदान कराना इनकी जिम्मेदारी और कर्तव्य होती है। जबकि रिकॉर्ड के मुताबिक भारत में एक पुलिस कर्मी पर 641नागरिकों के सुरक्षा की जिम्मेदारी तय होती है। सारे सशत्र बल ही नही इन्हें छड़ी डंडा और निहत्थे भी समूहों से भिड़ना पड़ता है। इनपर आंतरिक सुरक्षा का दायित्व है। लेकिन ये अब आंतरिक सुरक्षा कीजगह अब रोजी रोजगार ,आरक्षण से प्राप्त सरकारी नौकरी के कोटा को भरने, व्यक्तिगत सुरक्षा, वीआईपी सुरक्षा में लगाकर, औद्योगिक सुरक्षा, जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा वर्तमान और भूतपूर्व नेताओं की सुरक्षा का भार भी इनपर ही है। इस देश की जनता की सुरक्षा का नंबर सबसे अंतिम पायदान पर आता है।

# राकेश टिकैत ने नीतीश सरकार से की बड़ी मांग

### बिहार में लागू हो मंडी कानून



खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत तीन दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे हैं। यहां वे सरकार के साथ-साथ कई किसान नेताओं से मुलाकात करेंगे। दिल्ली से पटना पहुंचे किसान नेता ने पटना एयरपोर्ट पर मीडियाकर्मियों से बातचीत में बिहार सरकार से मांग की कि राज्य में मंडी कानून लागू किया जाए। उन्होंने बड़ी-बड़ी कंपनियों द्वारा बिहार के किसानों की जमीन हड़पने की साजिश को लेकर भी अपनी बात कही और आने वाले समय में किसानों के विभिन्न मुद्दों को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी। राकेश टिकैत ने कहा कि मेरा बिहार का 3 दिन का कार्यक्रम है। सबसे पहले बिहार में बाजार समिति लागू होनी चाहिए हजारों ट्रक यहां से रोज धान जाता है। यहां के किसानों को एमएसपी नहीं मिलती है, यह व्यवस्था बंद हो। यहां के किसान फसल पैदा करते हैं, लेकिन इनको उचित मूल्य मिले। बड़ी-बड़ी कंपनियां बिहार से फसल खरीदती हैं और बाहर जाकर ऊंचे दामों में बेचती हैं। यहां तीन दिन रुकूंगा और यहां के सिस्टम को देखूंगा। यहां मंडी सिस्टम लागू होनी जरूरी है और हम लोगों की पहली मांग है की मंडी कानून लागू किया जाए। उन्होंने लालू प्रसाद यादव मिलने के सवाल पर कहा कि यहां हूं तो सारे नेताओं से मिलेंगे, सरकार से भी मिलेंगे।

# फ्री सैम्पल दवा विक्रय मामलों की हुई जांच

**कांग्रेस नेता त्रिशानु राय ने डीसी से की थी शिकायत**

### बारह शिकायत हुआ कलम बद्ध

खबर मन्त्र संवाददाता

**चाईबासा।** पशु शल्य चिकित्सक चाईबासा डॉ. योगेन्द्र कुमार द्वारा पशुपालकों को फ्री सैम्पल नॉट टू बी सोल्ड विक्रय किए जाने के आदि मामलें पर स्थानीय लोगों के द्वारा प्राप्त शिकायत को प.सिंहभूम जिला बीस सूत्री सदस्य सह कांग्रेस जिला महासचिव त्रिशानु राय द्वारा उपायुक्त अनन्य मित्तल को सहायता कोषांग के माध्यम से दी गई जानकारी के बाद उपायुक्त के निदेर्शानुसार एक तीन सदस्यीय जांच कमिटी बनाई गई है। जिला पशुपालन पदाधिकारी प.सिंहभूम डॉ. सुधाकर सिंह मुंडा की अध्यक्षता में अवर प्रमंडल पशुपालन पदाधिकारी डॉ. रंजीत कुमार भगत, आदर्श ग्राम पदाधिकारी डॉ. अमरेन्द्र कुमार भूषण को सदस्य बनाया गया है। शनिवार को शिकायतकर्ता को जिला पशुपालन कार्यालय में जांच कमिटी के समक्ष अपना साक्ष्य



प्रस्तुत करते हुए अपनी वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था जिसके आलोक में शनिवार को शाम लगभग चार बजे जिला पशुपालन कार्यालय चाईबासा में प.सिंहभूम जिला बीस सूत्री सदस्य सह कांग्रेस जिला महासचिव त्रिशानु राय की मौजूदगी में बारह शिकायतकताओं ने जांच कमिटी के समक्ष अपना साक्ष्य प्रस्तुत किया। शिकायतकताओं की शिकायत को कलम बद्ध किया गया। जांच लगभग शाम छह बजे तक चली। पशु शल्य चिकित्सक डॉक्टर योगेंद्र कुमार की कार्यशैली से पशु पालक त्रस्त है। शिकायतकताओं के बयान दर्ज किये गए। जांच कमिटी के अध्यक्ष सह जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ सुधाकर सिंह मुंडा ने कहा कि सभी शिकायतकताओं की शिकायत साक्ष्य के साथ में प्रत्यक्ष रूप से कलमबद्ध किया गया है। जांच प्रतिवेदन जल्द ही उच्चपदाधिकारीयों को प्रेषित कर दिया जाएगा।

**जांच लगभग शाम छह बजे तक चली**

### 17 प्रतिशत मुस्लिम वोटरों पर जेडीयू की नजर

# नीतीश ने बुलाई अल्पसंख्यक नेताओं की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार में जातिगत जनगणना रिपोर्ट जारी होने के बाद बिहार की सियासत में उथल-पुथल मची हुई है। जातिगत आंकड़े आने की बाद से ही तमाम राजनीतिक दल इससे उनके दल को होने वाले नफा-नुकसान के आंकलन करने में जुटे हुए हैं। इसी हलचल के बीच बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने सरकारी आवास एक आणे मार्ग में पार्टी के मुस्लिम नेताओं और कार्यकताओं की एक बैठक बुलाई है जो कि बेहद महत्वपूर्ण बताई जा रही है। माना जा रहा है कि मुस्लिम नेताओं और कार्यकताओं के नीतीश कुमार की यह बैठक आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर हो रही है। दरअसल जातिगत गणना के अनुसार मुस्लिम आबादी 17.7 प्रतिशत होने के बाद मुस्लिम मतदाता महत्वपूर्ण हो गए हैं. इन दिनों तमाम राजनीतिक पार्टिया इस बड़े वोट बैंक पर नजरें गड़ा चुकी हैं। ऐसे तो ये वोट बैंक आरजेडी के ट समीकरण का ही माना जाता रहा है। लेकिन, अब जदयू की नजर भी इन मुस्लिमों वोटरों पर है। इसलिए यह बैठक काफी अहम मानी जा रही है। बता दें, नीतीश कुमार की सरकार ने जाति आधारित गणना का रिपोर्ट जारी किया तो उसमें अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों की संख्या 17.70% बताई गई जो बिहार में अति पिछड़ा, डइउ और दलित के बाद चौथे सबसे बड़ा वोट बैंक माना जा रहा हैं और मुस्लिम समुदाय का झुकाव जिधर होगा उसका पलड़ा बेहद मजबूत हो सकता है और नीतीश कुमार इसे काफी बेहतर तरीके से समझ सकते हैं। सूत्र बताते हैं कि नीतीश कुमार बैठक में मुस्लिम समुदाय को लेकर किए जा रहे सरकार के कार्यो को मुस्लिम समुदाय के बीच ले जाने के का निर्देश देने वाले है ताकि इस समुदाय को पता चल सके की नीतीश सरकार क्या कुछ इस समाज के लिए कर रही है। खबर है कि नीतीश कुमार आने वाले लोकसभा चुनाव में मुस्लिम आबादी के हिसाब से अधिक टिकट देने का भी इशारा कर सकते है, मुस्लिम प्रतिनिधित्व भी कैसे लोकसभा और विधान सभा में बढ़े इसका भरोसा भी देने की कोशिश करेंगे। खबर ये भी है कि बिहार में आने वाले समय में अमन चैन रहे कोई दंगा फसाद ना हो इसे लेकर सख्त मैसेज के साथ साथ पूरा भरोसा भी अल्पसंख्यक समुदाय को देने की कोशिश करेंगे। नीतीश कुमार ने हाल के दिनों में पार्टी के नेताओ को बिहार के अल्पसंख्यक समाज के बीच भाईचारा यात्रा में भेज कर ये मैसेज दे चुके हैं। वहीं पूर्व में नीतीश कुमार कुछ ऐसे फैसले भी ले चुके हैं, जिसने मुस्लिम समुदाय को बड़ा मैसेज दिया है। बीते कुछ सालों में नीतीश कुमार ने तालीमी मरकज में काम करने वालो को मिलने वाली राशि को दुगना किया। वहीं मुस्लिम युवाओं को रोजगार के लिए अल्पसंख्यक उद्यमी योजना की शुरूआत की।

# एसडीओ ने गांव का दौरा कर दिया आश्वासन



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी अनुमंडल पदाधिकारी सौरभ कुमार भुवनिया प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव कुमार और थाना के अधिकारी और पुलिस बल के साथ शुक्रवार को मिश्र गंगटी गांव पंहुचे। गांव के मुख्य मार्ग पक्की पी सी सी सड़क के किनारे काफी दूरी तक में जमा पानी को बाहर निकलने का त्वरित आदेश दिया। सड़क तोड़ने वाला मशीन को मंगवाकर तुरंत अपने सामने तोड़ने का कार्य को शुरू कराया। ताकि जमे हुए पानी को बाहर निकाला जा सके। गांव में काफी लंबी दूरी तक जल जमाव हो जाने से दर्जनों ग्रामीणों के घरों में पानी प्रवेश कर गया था। कई ग्रामीणों का घर गिरने के कगार पर हो गया था। साथ ही साथ जल जमाव के चलते गांव में बीमारी फैलने की भी आशंका व्यक्त की जा रही थी।

इस संबंध में कई महिला, पुरुष ग्रामीणों ने मिलकर बीते चार अक्टूबर को क्षेत्रीय विधायक दीपिका पांडे सिंह और उपयुक्त को आवेदन देकर जल्द जमा पानी को दूर करने का मांग किया था। इसी के आलोक में शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी सौरव कुमार भुवनिया मिश्र गंगटी गांव पहुंचे और जमा पानी को तुरंत निकालने का आदेश दिया। अंचलाधिकारी राजीव कुमार से कहा कि सड़क किनारे सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त करावे ताकि गांव से पानी निकलने के लिए नाला का निर्माण किया जा सके।

# पुलिस अधीक्षक गोड्डा ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर दिये निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** गोड्डा पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना ने अपने जिले के तमाम पुलिस अधिकारियों यथा एसडीपीओ, पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारियों, शाखा प्रभारियों सहित अन्य विभागों के प्रमुख अधिकारियों के साथ अपने मुख्यालय स्थित कार्यालय में बैठक कर अधिकारियों को कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। जिसमे नियम और कानून का पालन करते हुए क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण आसामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी कर उनकी क्रियाकलापों और गतिविधियों पर नजर रखने का निर्देश दिया है।

इसके साथ ही आगामी दुगार्पूजा के अवसर पर शांति व्यवस्था और आम नागरिकों की सुरक्षा के प्रति गंभीरता से क्षेत्र में आसामाजिक तत्वों पर निगरानी कर इनपर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। मोटर साइकिल चोरों पर निगरानी करते हुए बैंक एटीएम केंद्र व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए पेट्रोलिंग व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने का निर्देश दिया है। महिलाओं छात्राओं की शिकायतों को



प्रमुखता से लेते हुए उन्हे सहायता प्रदान करते हुए उनकी शिकायतों को फौरन दर्ज करते हुए त्वरित कार्रवाई करे, अवैध उत्खनन, जंगलों से बृक्षो की कटाई, नशा कारोबारी, अवैध शराब विक्रेताओं पर कड़ी कार्रवाई की और उन्हें कानून के दायरे में लेते हुए विधि सम्मत कार्रवाई करें।

डायन बिसाही के आरोप से प्रताड़ित महिलाओं, मॉब लिंचिंग, समूह बना कर कानून तोड़ने वालों पर नियंत्रण कर समझौते के लिए प्रयास करें जिसमे प्रशासनिक पदाधिकारियों का सहयोग लेते हुए कार्रवाई करें। लंबित मुकदमे, वारंटी फरार आरोपियों की धर पकड़, कुर्की जब्ती, पर क्रियाशिलता आवश्यक है। प्राप्त आदेशों, विभाग और न्यायालय द्वारा निर्गत आदेशों पा पालन करते हुए मुख्यालय को सूचना देने का कार्य करें। पासपोर्ट, चरित्र प्रमाण पत्रों के सत्यापन में अनावश्यक विलंब न करे। ऐसे ही और बहुत सारे निर्देश दिए गए जिससे शांति सुरक्षा अपराध पर नियंत्रण करने में सफलता प्राप्त हो सके और क्षेत्र में अमन चैन के साथ पुलिस की विश्वसनीयता और साफ सुथरी छवि आम आदमी के लिए एक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया जा सके।

## पेज 1 का शेष

### श्रीअन्न करमुक्त...

इसी तरह सिलाई-कढ़ाई में इस्तेमाल होने वाले जरी धागे पर जीएसटी की दरें 18 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी कर दी गयी हैं। **शीरा पर अब 5 फीसदी टैक्स :** जीएसटी काउंसिल ने शीरा पर जीएसटी को 28 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी करने और मानव उपभोग के लिए डिस्टिल्ड अल्कोहल को लेवी से छूट देने का भी निर्णय लिया। काउंसिल ने निर्णय लिया कि इंडस्ट्रियल इस्तेमाल के लिए एक्स्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल पर जीएसटी लगता रहेगा। **आनलाइन गेमिंग :** बैठक में दिल्ली और गोवा ने ई-गेमिंग कंपनियों और कैसिनो पर लगने वाले कर का मुद्दा उठाया। दोनों राज्यों का कहना था कि गेमिंग कंपनियों पर 28 फीसदी जीएसटी एक अक्टूबर को लागू किया जाना था, लेकिन उनको नोटिस पिछले 6 साल के लिए दिये जा रहे हैं। गौरतलब है कि दिल्ली और गोवा जैसे राज्यों ने ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों और कैसीनो पर पिछली तारीख से कर की मांग का मुद्दा उठाया है। मल्होत्रा ने जीएसटी परिषद की बैठक के बाद कहा कि कुछ सदस्यों ने पिछली तारीख से टैक्सेशन का मुद्दा उठाया। उन्हें बताया गया कि यह पिछली तारीख से लागू नहीं किया गया है, बल्कि यह पहले से ही कानून में था। **अधिकतम उम्र सीमा तय :** बैठक में जीएसटी अपीलीय ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष और सदस्यों की अधिकतम आयु सीमा तय करने का भी निर्णय लिया गया। अब जीएसटीएटी अध्यक्ष की अधिकतम आयु 70 वर्ष और सदस्यों की अधिकतम आयु 67 वर्ष होगी। इससे पहले यह सीमा 67 और 65 वर्ष थी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इनके बारे में जानकारी दी।

### आतंकवाद को कुचलने के लिए...

**भारी कीमत चुकानी होगी :** इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हमास आतंकियों ने इजरायल पर हमला किया है। यह युद्ध है और हम तैयार हैं। उन्हें इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शनिवार सुबह गाजा पट्टी से इजराइल पर ताबड़तोड़ रॉकेट दागे गये। अलग-अलग शहरों में रॉकेट हमलों से जबर्दस्त जन-धन की हानि हुई। कई इमारतों में आग लग गयी। हमलों के बाद पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने देश के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। गाजा पट्टी स्थित हमास के ठिकानों पर ताबड़तोड़ हवाई हमले शुरू कर दिये। फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि गाजा पट्टी में हुए हमलों में 200 लोगों की मौत हुई है, जबकि 1600 से अधिक लोग घायल हुए हैं। हमास के हमले से नाराज इजरायल सरकार के रक्षा मंत्री ने घोषणा कर दी है कि युद्ध छिड़ गया है। उन्होंने दावा किया कि इस युद्ध में इजराइल जीतेगा। गाजा पर शासन करने वाले उग्रवादी समूह हमास और इजराइल के बीच वर्षों से गंभीर तनाव व्याप्त है। **इजराइली सेना गाजा में घुसी :** आतंकवादी संगठन हमास ने शनिवार को गाजा पट्टी से इजरायल पर 20 मिनट में 5000 से अधिक रॉकेट दागे हैं। वहीं इजराइल के रक्षा बलों ने अपने देश की सीमा में हमास आतंकवादियों के घुसपैठ की बात भी कही है। इससे बौखला कर इजराइल ने हमास पर भीषण हमला बोल दिया। भयंकर युद्ध जारी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इजराइली टैंक गाजा में दाखिल हो चुके हैं। इजराइली सेना की सात बटालियनों गाजा में दाखिल हुई है। उसके डिफेंस फोर्सेज ने गाजा सीमा पर हमास के तीन स्क्वॉड भी तबाह कर दिये हैं। **भारत के प्रति इजराइल ने आभार जताया :** पीएम मोदी ने इजराइल पर हुए हमास के हमले को आतंकवादी हमला करार देते हुए इसकी निंदा की। पीएम मोदी ने कहा कि इजराइल में आतंकवादी हमलों की खबर से स्तब्ध हूं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं निर्दोष पीड़ित परिवारों के साथ हैं। इस कठिन घड़ी में हम इजराइल के साथ एकजुटता से खड़े हैं। इसी कड़ी में इजराइली राजदूत नोर गिलोन ने पीएम मोदी को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि भारत का नैतिक समर्थन बेहद सराहनीय है इससे इजराइल प्रबल होगा।

### लातेहार में 6 लड़कियां...

एक युवक मनीष भैरवी नदी में नहाने के लिए चला गया और चट्टान पर उसका पैर फिसल गया। देखते ही देखते युवक बहने लगा। अपने मित्र को डूबता देख दूसरा युवक अभिषेक उसे बचाने के लिए नदी में कूद गया दोनों युवक पानी के तेज बहाव में आ गये। मंदिर न्यास समिति के पुजारी के प्रयास के बाद रस्सी के सहारे स्थानीय युवक पिंटू भैरवी नदी की तेज धार में दोनों युवकों के पास पहुंचे। फिर एक-एक करके दोनों को रस्सी से बांधकर भैरवी नदी की तेज धार से निकालकर बाहर ले आये। **औरंगा में डूबी चार को बचाया :** लातेहार जिले के मनिका भटको गांव में शनिवार को छह बच्चियां औरंगा नदी में नहाने के क्रम में डूब गयीं। शोर सुन कर स्थानीय लोग मौके पहुंचे और चार लड़कियों को किसी तरह बचा लिया। हालांकि इस दौरान एक लड़की तेज धार में बह गई और उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा है। एक लड़की की नदी में डूबने से मौत हो गयी। उसका शव बरामद कर लिया गया है। मृत बच्ची की पहचान पूर्णिमा कुमारी के रूप में की गयी। एक अन्य बच्ची चांदनी कुमारी का कुछ अता-पता नहीं चल पा रहा है। स्थानीय लोग लापता हुई बच्ची की तलाश कर रहे हैं। नहाने गयी बच्चियों को गहराई का पता नहीं चल सका और वे डूबने लगीं।

### सीएम कल करेंगे...

इसके जरिए पंपिंग के लिए जल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सिकटिया ग्राम के समीप अवस्थित अजय बराज के अपस्ट्रीम से पंप मोटर से जल पाइपलाइन के माध्यम से सिंचित क्षेत्र में चकवार सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा। प्रस्तावित पटवन क्षेत्र में मुख्य रूप से धान के अतिरिक्त सरसों, मूंग, गेहूं एवं मक्का की खेती भी संभव हो सकेगी। खेती एवं पशुओं को पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अधिक वर्षा होने और खेतों में जल की जरूरत सीमित होने की स्थिति में पानी को स्थानांतरित कर नजदीक के तालाबों को भरने का प्रावधान किया है, ताकि ग्रामीणों को तालाबों के माध्यम से हमेशा जल मिल सके।

स्पीड न्यूज

### कनाडा में विमान दुर्घटना, दो भारतीयों सहित तीन की मौत

ओट्टावा। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में शनिवार को एक विमान दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी। मरने वाले तीनों पायलट थे, जिनमें से दो भारतीय प्रशिक्षु पायलट थे। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के चिलिवैक शहर में शनिवार को दो इंजन वाला हल्का विमान, पाइपर पीए-34 सेनेका, तीन पायलटों के साथ उड़ा था। विमान पर दो भारतीय प्रशिक्षु पायलट अभय गडरू और यश विजय रामुगड़े थे। दोनों भारतीय प्रशिक्षु पायलट भारत के महाराष्ट्र से बताए गए हैं।

### अमेरिका के ग्रीन फ्यूनरल होम में 115 शव बरामद

कैनन सिटी। अमेरिका के कोलोराडो में एक ग्रीन फ्यूनरल होम में 115 शव मिलने से हड़कंप मच गया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि शवों के गलत तरीके से रखने की जांच की जा रही है। फ्रेमोंट काउंटी शेरिफ एलन कूपर ने बताया कि जांच में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि क्या यहां कुछ गलत हुआ है या कोई बड़ी लापरवाही की गई है। कोलोराडो के पेनरोज में रिटर्न टू नेचर फ्यूनरल होम में शवों की हरित अंत्येष्टि बिना केमिकल व ताबूत के किया जाता है।

### बेंगलुरु में पटाखे आग लगने से 10 जिंदा जले

बेंगलुरु। तमिलनाडु की सीमा से सटे बेंगलुरु के बाहरी इलाके अट्टीबेले में शनिवार को अपराह्न करीब तीन बजे एक लॉरी से पटाखे उतारने के दौरान अचानक आग लग गई। इस दुर्घटना में 10 लोग जिंदा जल गए पुलिस सूत्रों के अनुसार यह लॉरी तमिलनाडु से आई थी। इसमें लदे पटाखे जब एक गोदाम में उतारे जा रहे थे, उसी दौरान अचानक आग लग गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल पुलिस ने 10 शव मिलने की पुष्टि की है।

### छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने पुलिस जवान को छोड़ा

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में पिछले सप्ताह अगवा किए गए एक पुलिस जवान को नक्सलियों ने रिहा कर दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य पुलिस की नवगठित इकाई बस्तर फाइटर्स का जवान शंकर कुड़ियाम (28) करीब एक सप्ताह से लापता था। गुरुवार को नक्सलियों ने दावा किया था कि उन्होंने 29 सितंबर को कुड़ियाम का अपहरण कर लिया था।

### डोडा : खाई में वाहन गिरने से तीन की मौत

भद्रवाह। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में एक वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरा, जिससे उसमें सवार तीन मजदूरों की मौत हो गई और पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा शुक्रवार रात को करीब 10 बजकर 40 मिनट पर हुमबल गांव के पास हुआ। तीन मजदूरों मणि कुमार (31), करणजीत सिंह (40) और लाल चंद (45) की मौके पर ही मौत हो गई। पांच अन्य मजदूरों को गंभीर रूप से घायलों को बाहर निकाला गया, जिनका इलाज डोडा के सरकारी अस्पताल में किया जा रहा है।

### कांग्रेस में फिर शामिल हुए मसूद

नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व सदस्य इमरान मसूद शनिवार को फिर से कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा, वरिष्ठ नेता राजीव शुक्ला और उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय की मौजूदगी में इमरान मसूद ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्हें मार्च 2014 में भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री पद के तत्कालीन उम्मीदवार नरेन्द्र मोदी के बारे में कथित तौर पर विवादित बयान देने पर भड़काऊ भाषण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

# सिक्किम के लाचेन, लाचुंग में तीन हजार पर्यटक फंसे

एजेंसी

गंगटोक। सिक्किम में अचानक आई बाढ़ और सड़क संपर्क कट जाने के कारण मंगन जिले के लाचेन और लाचुंग में 3,000 से अधिक पर्यटक फंसे हुए हैं और सभी सुरक्षित हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय वायुसेना ने एमआई-17 हेलीकॉप्टर के जरिये बचाव और राहत अभियान चलाने के कई प्रयास किए, लेकिन खराब मौसम, निचले इलाकों में बादल छाए रहने और लाचेन तथा लाचुंग में कम दृश्यता की स्थिति के कारण बागडोगरा के साथ-साथ चाटेन से हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर सके। अधिकारियों ने बताया कि लाचेन और लाचुंग की सड़कें क्षतिग्रस्त हैं। उन्होंने बताया कि बचाव दल को आगे बढ़ने के लिए जोंगू के माध्यम से चुंगथांग तक एक वैकल्पिक मार्ग खोलने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि तीस्ता ऊर्जा ने पर्यटकों के बचाव और चुंगथांग क्षेत्र में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिए एक हेलीकॉप्टर भी प्रदान किया है।

## राहत और बचाव में जुटी आइटीबीपी की टीम



अधिकारियों ने बताया कि इलाके में पहुंची भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की टीम फिलहाल चुंगथांग में राहत और बचाव का काम कर रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगन जिले के संबंध में मौसम पूर्वानुमान में कहा कि अगले पांच दिन में जिले के ज्यादातर स्थानों पर हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने का अनुमान है। आईएमडी ने अगले पांच दिन तक लाचेन और लाचुंग में आमतौर पर बादल छाये रहने का भी अनुमान जताया है। अधिकारियों ने बताया कि एनडीआरएफ के दल राज्य एजेंसियों के साथ सिंगतम, बारदांग और रंगपो जैसे इलाकों में बचाव अभियान में व्यस्त हैं। बचाव दल हालांकि उत्तरी सिक्किम, चुंगथांग, लाचेन और लाचुंग के ऊपरी इलाकों तक नहीं पहुंच पाए हैं। बाढ़ से राज्य में 13 पुल बह गए, जिसमें अकेले मंगन जिले के आठ पुल शामिल हैं। गंगटोक में तीन और नामची में दो पुल बह गए। बाढ़ ने सबसे ज्यादा तबाही चुंगथांग में मचायी है और 80 फीसदी हिस्सा प्रभावित हुआ है।

## मरने वालों की संख्या 30 पहुंची

सिक्किम में तीस्ता नदी में आई बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 30 हो गई है। सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि शनिवार शाम 6 बजे तक हादसे में मरने वालों की संख्या 30 तक पहुंच गई है। 81 लोग अभी भी लापता हैं। बाढ़ से 1320 घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और 2563 लोगों को सुरक्षित बचाया गया। 26 लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक अब तक मंगन जिले में 4 और गंगटोक जिले में 6 लोगों की मौत हुई है। पाकिम जिले में 19 लोगों की मौत हुई, जिनमें सेना के 9 जवान भी शामिल हैं। नामची जिले में अभी तक किसी की मौत की पुष्टि नहीं हुई थी, लेकिन आज एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि हुई है।

### अफगानिस्तान में भूकंप से 320 लोगों की मौत, कई घायल

काबुल। अफगानिस्तान शनिवार को 6.3 तीव्रता के दो भूकंप के झटकों से दहल उठा। इसमें 320 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। अफगानिस्तान के आपदा प्रबंधन टीम के प्रवक्ता मोहम्मद अब्दुल्ला जान ने कहा कि भूकंप की चपेट में आकर कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए। इसका केंद्र हेरात शहर से 40 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में था।

संयुक्त राष्ट्र ने बताया कि अफगानिस्तान में आए भूकंप से अबतक 320 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, हेरात निवासी अब्दुल शकोर समदी ने कहा कि दोपहर के आसपास भूकंप के कम से कम पांच झटके महसूस किए गए। समदी ने कहा कि सभी अपने घरों से बाहर आ गए।

## गगनयान मिशन के लिए मानवरहित उड़ान की परीक्षण तैयारियां अंतिम चरण में

# इस महीने के अंत तक हो सकता है प्रक्षेपण

### इससे जुड़े सभी वाहन श्रीहरिकोटा पहुंचे

एजेंसी

नयी दिल्ली। चंद्रयान, आदित्य एल वन के बाद अब अंतरिक्ष में गगनयान मिशन भेजने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को गगनयान यान के संबंध में सोशल मीडिया एक्स पर जानकारी और तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि इसरो गगनयान मिशन के लिए मानवरहित उड़ान परीक्षण शुरू करेगा। फ्लाइट टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी1) की तैयारी चल रही है, जिसमें क्रू एस्केप सिस्टम के प्रदर्शन शामिल है।

मिशन के बारे में विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीवीएसएससी ) के निदेशक एस उन्नीकृष्णन नायर ने गुरुवार को बताया था कि इससे जुड़े सभी वाहन प्रणालियां प्रक्षेपण के लिए श्रीहरिकोटा पहुंच चुकी हैं।




इसके पहले चरण के तहत मानवरहित परीक्षण अक्टूबर के अंत तक किया जा सकता है। क्रू एस्केप सिस्टम यानी विकसित यान से अंतरिक्ष यात्रियों को निकालने की प्रणाली है, जिसका परीक्षण जल्दी ही किया जाएगा।

गगनयान मिशन के तहत चार महत्वपूर्ण परीक्षण किए जाने हैं। जिसमें इस महीने परीक्षण यान टीवी-डी1 का परीक्षण किया जाएगा।

इसके बाद दूसरे परीक्षण यान टीवी-डी2 और पहले मानव रहित गगनयान (एलवीएम3-जी1) का परीक्षण किया जाएगा। उसके बाद परीक्षण यान मिशन (टीवी-डी3 और डी4) और एलवीएम3-जी2 को रोबोटिक पेलोड के साथ भेजने की योजना है। अंतिम चरण मानवयुक्त परीक्षण यान को लॉन्च करने का है।

### भारत का पहला मिशन है गगनयान

इसरो का गगनयान मिशन भारत का पहला और दुनिया का चौथा अंतरिक्ष मानव मिशन है। इसके रॉकेट को जीएसएलवी मार्क-III में कुछ बदलाव करके बनाया गया है, जिसे एचएलवीएम-III नाम दिया गया है। इसमें इंसानों को ले जाने वाले कैप्स्यूल और आपात स्थिति में इजेक्शन सिस्टम जोड़ा गया है। गगनयान में 3,735 किलोग्राम वजन का एक स्पेसक्राफ्ट भी है, जो अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भ्रमण करने में मदद करेगा। इसे ऑर्बिटर मॉड्यूल भी कहा जाता है। गगनयान मिशन को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया जाएगा। फिर यह करीब 3 दिनों तक पृथ्वी का परिक्रमा करेगा। इसके बाद इसके कैप्सूल (क्रू मॉड्यूल) को पैराशूट के माध्यम से समुद्र में उतारा जाएगा। गगनयान मिशन की सफलता से भारत, पूर्ववर्ती यूएसएसआर, अमेरिका और चीन के बाद अंतरिक्ष में मानव भेजने वाला चौथा देश बन जाएगा।

## एयर इंडिया ने जारी किया ए350 विमान का पहला लुक




**नयी दिल्ली। टाटा समूह के मालिकाना हक वाली एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने शनिवार को लोगो और लिवरी (आउटफिट) बदलने के बाद अपने विमान ए350 का पहला लुक जारी कर दिया है। एयर इंडिया ने एक्स हैंडल से विमान की तस्वीरें पोस्ट की और लिखा कि यहां टूलूज में पेंट की शॉप पर हमारी नई पोशाक (न्यू लिवरी) में राजसी ए350 का पहला लुक है। हमारे विमान ए350 विंटर सीजन में घर आने शुरू हो जाएंगे। फ्रांस के टूलूज में एयर इंडिया की वर्कशॉप की पेंट शॉप में लेटेस्ट तस्वीरें ली गई।**


## नौसेना ने शुरू किया 360 डिग्री मूल्यांकन तंत्र

एजेंयी

नयी दिल्ली। भारतीय नौसेना ने शनिवार को मूल्यांकन तंत्र को शुरू किया। नौसेना ने कहा कि एक चुस्त, अनुकूल और उन्नत मानव संसाधन प्रबंधन अनिवार्य है और इस संबंध में विभिन्न पदोन्नति बोर्डों के लिए 360 डिग्री मूल्यांकन प्रणाली की एक नयी परिवर्तनकारी पहल को संस्थागत रूप दिया गया है। सफेद वर्दी में महिलाएं और पुरुष भारतीय नौसेना के शिप फर्स्ट दृष्टिकोण के केंद्र में हैं और निकट भविष्य में भी इसकी सबसे बड़ी परिसंपत्ति बने रहेंगे। गोपनीय रिपोर्टों के वर्तमान मूल्यांकन तंत्र में टॉप-डाउनदृष्टिकोण की अंतर्निहित सीमा है। नए मूल्यांकन तंत्र का उद्देश्य पदोन्नति की खातिर विचार किए जा रहे प्रत्येक अधिकारी के लिए उनके साथियों और अधीनस्थों से बड़े पैमाने पर सर्वेक्षण करना है। नौसेना ने कहा कि सर्वेक्षण में कई प्रकार के सवाल पूछे जाते हैं, जिसमें व्यवसायिक ज्ञान, नेतृत्व की विशेषताएं, युद्ध/संकट में उपयुक्तता और उच्च पद धारण करने की क्षमता जैसे पहलू शामिल होते हैं। इसी तरह की मूल्यांकन प्रणाली विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शिक्षण संगठनों में प्रचलन में है।

# फिल्म जवान ने 1103 करोड़ की कमाई की

मुंबई। अभिनेता शाहरुख खान की थ्रिलर फिल्म जवान ने दुनियाभर में 1103.27 करोड़ रुपये की कमाई की है। फिल्म के निर्माताओं ने यह जानकारी दी। फिल्म निर्माण कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट ने शुक्रवार शाम को एक्स पर फिल्म की कमाई के बारे में जानकारी साझा की। पोस्ट में फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर कमाई के एक पोस्टर के साथ लिखा गया कि हर गुजरते दिन के साथ जवान बॉक्स ऑफिस पर नया रिकॉर्ड बना रही है ल्ह एटली द्वारा निर्देशित फिल्म सात सितंबर को हिंदी, तमिल और तेलुगू भाषा में दुनियाभर में रिलीज हुई थी। निर्माताओं ने बताया कि भारतीय सिनेमा के इतिहास में जवान दुनियाभर में 1100 करोड़ रुपये से



अधिक की कमाई करने वाली पहली फिल्म बन गई है। निर्माताओं के मुताबिक, फिल्म ने भारत में 733.37 करोड़ रुपये और विदेशी सिनेमाघरों से 369.90 करोड़ रुपये की कमाई की है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने की लाल किले से की गयी घोषणाओं की समीक्षा



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले के भाषण में की गई घोषणाओं की समीक्षा के लिए शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक की। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से इसकी जानकारी दी गई। पीएमओ के अनुसार अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में प्रधानमंत्री ने गरीबों और मध्यम वर्ग के आवास के लिए किफायती ऋण सुनिश्चित करने का उल्लेख किया था। इसी घोषणा के अनुरूप प्रधानमंत्री ने इस घोषणा को क्रियान्वित करने की तैयारियों की समीक्षा की। स्वतंत्रता दिवस के भाषण में प्रधान मंत्री ने घरों के लिए सौर ऊर्जा सुनिश्चित करने का उल्लेख किया था।

## महिला चालकों को नौकरी की श्रेणी बदलने का विकल्प देने पर विचार कर रहा रेलवे बोर्ड

नयी दिल्ली। रेलवे बोर्ड महिला चालकों और रेल पटरी का रखरखाव करने वाली कर्मियों को अपनी नौकरी की श्रेणी बदलने का विकल्प देने की मांग पर विचार कर रहा है तथा इसने सभी जोन को ऐसे कर्मचारियों और लंबित आवेदनों की संख्या साझा करने को कहा है। बोर्ड ने चार अक्टूबर को सभी रेलवे जोन को भेजे एक पत्र में कहा कि नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवेमेन (एनएफआईआर) ने वुमन ट्रैक मेंटेनर्स (पटरी की देखरेख करने वाली महिला कर्मी) और रनिंग स्टाफ को अपनी नौकरी की श्रेणी बदलने के लिए एक बार का विकल्प देने का अनुरोध किया है। रनिंग स्टाफ में सवारी गाड़ियों और माल गाड़ियों के चालक व गुड्स गार्डआदि कर्मचारी आते हैं।

### इन कर्मचारियों और लंबित आवेदनों को दे सभी जोन



मामला बोर्ड के कार्यालय में विचाराधीन है। इस संबंध में सभी जोनल रेलवे को महिला ट्रैक मेंटेनर्स, एएलपी (सहायक लोको पायलट) की संख्या और अन्य श्रेणियों में काम करने वाली महिला रनिंग स्टाफ या महिला कर्मचारियों से उनकी निर्धारित श्रेणियों में बदलाव के लिए लंबित अनुरोधों की संख्या बताने का अनुरोध किया गया है। सहायक ट्रेन चालकों को सहायक लोको पायलट के रूप में भी जाना जाता है। पटरी की देखरेख करने वाली महिला कर्मियों और सहायक लोको पायलट के संगठनों ने उनके काम की परिस्थितियों को बहुत कठिन और असुरक्षित बताया है, इसलिए वे अपनी नौकरी की श्रेणी को बदलना चाहती हैं। इंडियन रेलवे लोको रनिंगमेन ऑर्गनाइजेशन के कार्यकारी अध्यक्ष संजय पांधी ने इस कदम का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे का हल करने के लिए यह सही कदम नहीं है। उन्होंने कहा कि हालांकि, कुछ महिला सहायक लोको पायलट और लोको पायलट को उनकी नौकरी की श्रेणी बदले बगैर कार्यालयों में काम करने की अनुमति दी गई है।

### वायु सेना को आज मिलेगा नया ध्वज

नयी दिल्ली। वायु सेना को उसके 91 वें स्थापना दिवस पर रविवार को नया ध्वज मिलेगा। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी स्थापना दिवस के मौके पर उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित समारोह में नये वायु सेना ध्वज का अनावरण करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि नया ध्वज भारतीय वायु सेना के मूल्यों को बेहतर ढंग से प्रकट करने के लिए बनाया गया है। इसके लिए ध्वज के ऊपरी दाएं कोने में फ्लाई साइड की ओर वायु सेना क्रेस्ट को शामिल किया जा रहा है। इस क्रेस्ट में रअशोक स्तंभ और उसके नीचे देवनागरी में सत्यमेव जयते लिखा है। नीचे एक हिमालयी ईगल है जिसके पंख फैले हुए हैं, जो वायुसेना के रणकौशल को दर्शाता है। हल्के नीले रंग की अंगूठी जैसी आकृति हिमालयी ईगल को घेरे हुए है जिस पर वायु सेना लिखा है।

# एयर इंडिया ने रद्द की तेल अवीव की फ्लाइट

## इजरायल हमला : दूतावास ने भारतीयों से सतर्क रहने का किया आग्रह

एजेंसी

नयी दिल्ली। इजराइल के तेल अवीव पर शनिवार को हमास आतंकवादियों के हमला करने के बाद एयर इंडिया ने नयी दिल्ली से वहां जाने वाली उड़ान रद्द कर दी। एयरलाइन तेल अवीव के लिए पांच साप्ताहिक उड़ानें संचालित करती है। ये उड़ानें- सोमवार, मंगलवार, गुरुवार, शनिवार और रविवार को होती हैं। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शनिवार को नयी दिल्ली से तेल अवीव के लिए उड़ान संख्या एआई 139 और वापसी की उड़ान एआई 140 को रद्द कर दिया गया है। उड़ान एआई 139 भारतीय समय अनुसार शनिवार दोपहर 3.35 बजे रवाना होनी थी और तेल अवीव से वापसी की उड़ान इजराइल के समय अनुसार रात 10.10 बजे थी। दिल्ली और तेल अवीव में लगभग 2.30 घंटे का अंतर है। एयर इंडिया के प्रवक्ता के अनुसार, यात्रियों को उनकी जरूरत के अनुसार पूरा सहयोग किया जा रहा है।

### इजराइल में करीब 18,000 भारतीय और भारतीय मूल के 85,000 यहूदी हैं

इजराइल के दक्षिण में अभूतपूर्व युद्ध जैसे हालात को देखते हुए शनिवार को भारतीय दूतावास ने सभी भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने और सुरक्षा नियमों का पालन करने की सलाह दी है। दूतावास ने अपने परामर्श में कहा के इजराइल में वर्तमान स्थिति को देखते हुए, इजराइल में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों से अनुरोध किया जाता है कि वे सतर्क रहें और स्थानीय अधिकारियों की सलाह के अनुसार सुरक्षा नियमों का पालन करें।

कृपया सावधानी बरतें, अनावश्यक आवाजाही से बचें और सुरक्षित स्थलों के करीब रहें। परामर्श अंग्रेजी, हिंदी, मराठी, तमिल, तेलुगु, मलयाली और कन्नड़ भाषाओं में जारी किया गया है। दूतावास की वेबसाइट पर दिए गए विवरण के अनुसार, इजराइल में लगभग 18,000 भारतीय नागरिक हैं, जिनमें मुख्य रूप से इजराइली बुजुर्गों, हीरा व्यापारियों, आईटी पेशेवरों और छात्रों की देखभाल करने के लिए नियुक्त लोग शामिल हैं। इजराइल में भारतीय मूल के लगभग 85,000 यहूदी भी हैं जो पचास और साठ के दशक में भारत से इजराइल गए थे।

### मोदी ने की आतंकवादी हमले की निंदा

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमास उग्रवादियों के हमले के मद्देनजर शनिवार को इजराइल के प्रति एकजुटता व्यक्त की। मोदी ने इजराइल पर हुए हमास के हमले को आतंकवादी हमला करार देते हुए इसकी निंदा की। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने स्थिति को लेकर कहा कि उनका देश युद्धरत है। मोदी ने कहा कि इजराइल में आतंकवादी हमलों की खबर से स्तब्ध हूं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं निर्दोष पीड़ित परिवारों के साथ हैं। इस कठिन घड़ी में हम इजराइल के साथ एकजुटता से खड़े हैं।

### राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में मुख्य यजमान होंगे प्रधानमंत्री : शंकराचार्य

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती ने बताया कि श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य यजमान होंगे। जगदगुरू शंकराचार्य कहा कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के लिए काशी के विद्वान अयोध्या आऐंगे। रामलला की मूर्ति तैयार की जा रही हैं। समारोह के लिए 22 जनवरी की तिथि पर अमृत सिद्धि योग और सर्वाधिक सिद्धि योग मिल रहा है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की शनिवार को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा से पहले श्री मणिराम दास छावनी में दो दिवसीय महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में ट्रस्ट अध्यक्ष एवं श्री मणिराम दास छावनी महन्त नृत्य गोपाल दास के साथ ट्रस्ट के 15 सदस्यों में 12 सदस्य उपस्थित रहे ।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# सिंह गर्जना, शौर्य और पराक्रम का पर्याय भारतीय वायुसेना

**आर.के. सिन्हा**

**भारतीय** वायुसेना के शौर्य पर हम भारतीय नागरिक जितना चाहें गर्व कर सकते हैं। देश आठ अक्टूबर को वायुसेना स्थापना दिवस के रूप में मनाता है। इसकी स्थापना 1932 में आठ अक्टूबर को हुई थी। तब तो अंग्रेजी हुकूमत के दिनों में इसे रायल इंडियन एयरफोर्स कहा जाता था। भारतीय वायुसेना को उसके कार्यों और देश की मजबूत सुरक्षा में योगदान के लिए हमेशा याद रखा ही जाना चाहिए। भारतीय वायुसेना की शक्ति सारे देश और देशवासियों को आश्वस्त करती रहती है। जब भी दुश्मन ने भारत पर हमला किया तो वायुसेना ने सेना के बाकी अंगों के साथ मिलकर शत्रु की गर्दन में ऐसा अंगूठा डाला है जिससे उसकी जान निकल गई है ।भारतीय वायुसेना के गौरवमयी इतिहास से सारा देश परिचित है। अगर बात 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध से शुरू करें तो फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों की याद आना स्वाभाविक है। वे उस वक्त राजधानी के रेस कोर्स स्थित एयर फोर्स स्टेशन में ही रहते थे, जब 1971 की जंग छिड़ी थी। वे भारत की जंग में विजय के नायकों में से थे। उस जंग के लिए 14 दिसम्बर 1971 का दिन खास था। उस दिन फ्लाइंग ऑफिसर सेखों ने पाकिस्तान के दो लड़ाकू सेबर जेट विमानों को ध्वस्त कर दिया था। उन्हें उस जंग में अदम्य साहस के लिए मरणोपरांत परमवीर चक्र से नवाजा गया था। फ्लाइंग अफसर निर्मलजीत सिंह सेखों का जन्म पंजाब के लुधियाना जिले में 1946 में हुआ था। 1967 में बतौर पायलट वायुसेना में शामिल हुए। 1971 में पाकिस्तानी वायुसेना ने जब श्रीनगर हवाई अड्डे पर हमला किया तब सेखों ने एक जेट से चार पाकिस्तानी सेबर जेट का मुकाबला कर दो को नेस्तनाबूद कर भारत की जीत सुनिश्चित कर दी थी। उसी दौरान मात्र 26 वर्ष की उम्र में वीरगति को प्राप्त हुए। जिन्होंने अपनी शादी का जश्न मनाने के लिए मैदान-ए-जंग को चुना।

यदि भारत ने 1971 की जंग में पाकिस्तान की कमर तोड़ डाली थी, तो इसका कहीं न कहीं श्रेय एयर चीफ मार्शल इदरीस हसन लतीफ को भी जाता है। वे 1971 के युद्ध के दौरान एयर वाइस मार्शल के पद पर थे। वे जंग के समय शत्रु से लोहा लेने की रणनीति बनाने के अहम कार्य को अंजाम दे रहे थे। लतीफ लड़ाकू विमानों के उड़ान भरने, युद्ध की प्रगति तथा यूनिटों की आवश्यकताओं पर भी नजर रख रहे थे। लतीफ शिलांग स्थित पूर्वी सेक्टर में थे जब पाकिस्तान ने हथियार डाले थे। दिल्ली कैंट में उस महान योद्धा के नाम पर एक सड़क भी है।





**(वायुसेना स्थापना दिवस/ 08 अक्टूबर/विशेष)**

एयर चीफ मार्शल इदरीस हसन लतीफ का देश के पहले गणतंत्र दिवस से एक अलग और खास संबंध रहा। दरअसल उन्हीं के नेतृत्व में उस गणतंत्र दिवस पर फ्लाई पास्ट हुआ था जिसे देखकर देश मंत्रमुग्ध हो गया था। देश ने पहले कभी लड़ाकू विमानों को अपने सामने कलाबाजियां खाते नहीं देखा था। लतीफ तब स्क्कवाड्रन लीडर थे। वे और उनके साथ हॉक्स टैम्पेस्ट लड़ाकू विमान उड़ा रहे थे। तब लड़ाकू विमानों ने वायुसेना के अंबाला स्टेशन से उड़ान भरी थी। लतीफ ने 1948 और 1965 की जंग में भी सक्रिय रूप से भाग लिया था। लतीफ के एयर फोर्स चीफ के पद पर रहते हुए वायुसेना का बड़े स्तर पर आधुनिकीकरण हुआ। उन्होंने जगुआर लड़ाकू विमान की खरीद करने के लिए सरकार को मनाया था।

एयर चीफ मार्शल सुब्रतो मुखर्जी का स्मरण करना भी आवश्यक है। उनको फादर ऑफ द इंडियन एयर फोर्स कहा जाता है। सुब्रतो मुखर्जी के पिता सतीश चंद्र मुखर्जी आईसीएस अफसर थे। सुब्रत मुखर्जी 1932 में वायुसेना में शामिल हुए। उन्होंने दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान भाग लिया। भारत की आजादी के बाद वे भारतीय वायुसेना के आधुनिकीरण में अहम रोल अदा किया। वे एक जाबांज पायलट थे। एयर चीफ मार्शल सुब्रतो मुखर्जी का आठ नवंबर, 1960 को टोक्यो में खाना खाते समय निधन हो गया था। उनके शव को दिल्ली लाया गया और पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उसके बाद ही उनके नाम पर आज का सुब्रतो पार्क बना। यहां पर एयरफोर्स से जुड़े विभिन्न स्कूल, दफ्तर और आवास हैं। उनके जीवनकाल में ही राजधानी में एयरफोर्स स्कूल 1955 में खुल गया था। इसका उदघाटन भी एयर चीफ मार्शल सुब्रत मुखर्जी ने ही किया था।

इस तरह, भारतीय वायुसेना के लिए 23 अकबर रोड का भी अत्यंत खास स्थान है। भारतीय वायुसेना के एयर चीफ मार्शल राजधानी के 23 अकबर रोड के बंगले में रहते हैं। देश की स्वंतत्रता से पहले ही 23 अकबर रोड को वायुसेना प्रमुख का आवास बना दिया गया था। इसमें अंतिम रायल इंडियन एयर फोर्स के एयर वाइस मार्शल मेरिडिथ थामस भी रहे थे। 23 अकबर रोड को एयर फोर्स हाउस भी कहते हैं। इस लुटियन बंगले में सन 1947 के बाद अर्जन सिंह, सुब्रतो मुखर्जी, इदरीस हसन लतीफ, पीसी लाल, एनएके ब्राउन जैसे वायुसेना के प्रमुखों का निवास स्थान रहा । अर्जन सिंह बताते थे कि वे एयरफोर्स हाउस में पहली मर्तबा जनवरी,1945 को गए थे। वे दूसरे विश्व युद्ध से लौटे थे। वे तब इस बंगले में एयर वाइस मार्शल मेरिडिथ थामस से मुलाकात करने के लिए गए थे। अर्जन सिंह इसमें 1964 से 1969 तक रहे।

वे इस दौरान भारतीय वायुसेना के प्रमुख थे। एयरफोर्स हाउस में वायुसेना प्रमुख हर साल आठ अक्टूबर को वायुसेना दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित होता है। जिसमें देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री वगैरह भाग लेते हैं। एयर हाउस में ही रहने का सौभाग्य 1971 की जंग के एक नायक एयर चीफ मार्शल पीसी लाल को भी मिला। दूसरे विश्वयुद्ध से लेकर 1971 की जंग को पीसी लाल ने देखा था।

वर्ष 1969 में वायुसेना प्रमुख का दायित्व संभालने के बाद उन्होंने वायुसेना को भविष्य के युद्ध के लिए तैयार करने पर ध्यान लगाया और इसका फायदा 1971 के युद्ध में मिला। उन्हें पद्म भूषण और पद्म विभूषण से भी सम्मानित किया गया। कारगिल युद्ध और अनेक कठिन अवसरों पर भारतीय वायुसेना ने उल्लेखनीय कार्य करके देशवासियों का दिल जीता है। वायुसेना दिवस पर देश के जांबाज वायु सैनिकों को सलाम !

**1962 में भारत और चीन के बीच एक युद्ध छिड़ गया। जहां विवादित हिमालय सीमा युद्ध का मुख्य बहाना थी, अन्य मूल विषयों ने भी इसमें एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। 1959 के तिब्बत विद्रोह के बाद जब भारत ने दलाई लामा को शरण दी, सीमा पर लगातार कई सशस्त्र झड़पें होती रहीं। इसके साथ हिमालय की सीमा से लगे 3225 कि.मी. लंबे विवादित क्षेत्र के बारे में इन दो देशों द्वारा किसी राजनीतिक सहमति पर न पहुंच पाने से चीन को भारतीय क्षेत्र पर हमला करने का बहाना मिल गया।**

**अक्तूबर 1962 में तृतीय कमांडिंग अफसर स्क्वॉड्रन ई डीसूजा की कमान में स्कॉर्पियो तेजपुर से दसॉ औरागन (तूफानी) ऑपरेट कर रहे थे। महीने के आरंभ में स्क्वॉड्रन ने अपनी तैयारी का स्तर बढ़ाया और वायुयान की सेवायोज्यता अवस्था बेहतर करने के लिए कुछ दिन अनुरक्षण के काम में लगाए। चीन के साथ आसन्न दुश्मनी को देखते हुए स्कॉर्पियो ने जब भी समय मिला अभ्यास डाइव और सामरिक सॉर्टी करते हुए अपने सामरिक कौशल की धार बनाए रखी। जब संघर्ष अवश्यंभावी दिख रहा था, स्कॉर्पियो हमेशा सशस्त्र और पलक झपकते ही आक्रमण के लिए तैयार रूप में आपात उपयोग के लिए रखे गए।**

## 1965 के ऑपरेशन जब पाकिस्तान को धूल चटा दी

समय के साथ भारत और पाकिस्तान के बीच लगातार बढ़ते तनाव की परिणति 01 सितंबर 1965 को पाकिस्तानी बलों द्वारा छंब सेक्टर में एक बड़े हमले के रूप में हुई। हमला करने का समय और स्थान चुनने में पहल करने और हथियारों तथा सैन्यदलों दोनों ही क्षेत्रों में भारत के मुकाबले में संख्या की अधिकता के आधार पर पाकिस्तान ने भारतीय बलों के लिए जमीन पर गंभीर खतरा उत्पन्न कर दिया। इसलिए छंब-जौरियां सेक्टर में आगे बढ़ रही पाकिस्तानी बख्तरबंद सेना के विरुद्ध तत्काल हवाई हमले का आग्रह किए जाने पर उस समय एक अग्रवर्ती बेस पर संक्रियात्मक प्रशिक्षण में भाग ले रही नं. 45 स्क्वॉड्रन ने संघर्ष के पहले दिन 1745 बजे अपने वैम्पायर एफबीएमके 52 वायुयानों में पहली सॉर्टी भरी और इनके पीछे-पीछे पठानकोट से ऑपरेट कर रही नं. 3 और 31 स्क्वाड्रनों के मिस्टेयर वायुयानों ने भी हमला कर दिया। इस हमले से पाकिस्तानी बख्तरबंद सेना लड़खड़ा गई। भारतीय वायु सेना के नैट वायुयानों ने इस सेक्टर में पी ए एफ के सेबर वायुयानों को मार गिराकर अपना वर्चस्व सिद्ध कर दिया और नं. 23 और 9 स्क्वॉड्रनों ने पहली हवाई जीत हासिल की। तेजी से बढ़ते हुए 6 सितंबर को पश्चिमी पाकिस्तान और भारत के बीच लगी समूची अंतरराष्ट्रीय सारी सीमा पर पूरे स्तर पर युद्ध छिड़ गया।



आने वाले दिनों में भारतीय वायु सेना के कैनबरा वायुयानों ने सरगोधा और चकलाला स्थित प्रमुख पी ए एफ बेसों पर रात में धावा बोला और इनके साथ-साथ अकवाल, पेशावर, कोहट, चकझुमरा और रिसालवाला समेत अन्य पाकिस्तानी बेसों के विरुद्ध 200 जवाबी हवाई और इंटरडिक्शन मिशनों के लिए उड़ान भरी। हंटर वायुयानों की क्षमता का भरपूर प्रदर्शन देखने को मिला और नं. 7, 20 तथा 27 स्क्वॉड्रनों को पश्चिमी क्षेत्र में जवाबी हवाई हमलों के साथ-साथ इंटरडिक्शन और निकट सहयोग मिशनों पर लगाया गया जबकि नं. 14 स्क्वॉड्रन के हंटर वायुयानों ने पूर्व में कलाइकुंडा स्थित भारतीय वायु सेना बेस पर धावा बोलने वाले पी ए एफ के नं. 14 स्क्वॉड्रन के सेबर वायुयानों के साथ लड़ाई लड़ी। मिस्टेयर वायुयानों को मुख्यतः जमीनी आक्रमण का काम सौंपा गया जिसमें वे अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुए और 5 मि मी की स्वॉथ के साथ ये रॉकेट बख्तरबंद वाहनों के विरुद्ध सबसे असरदार सिद्ध हुए। संभवतः सबसे शानदार संक्रियात्मक सफलता नैट वायुयानों को मिली जिनसे लैस तीन स्क्वॉड्रनों ने अधिकांश संक्रियात्मक भारतीय वायु सेना बेसों के ऊपर उड़ान भरते हुए हवाई रक्षा का आधार मुहैया कराने के साथ-साथ एस्कॉर्ट मिशनों को भी अंजाम दिया। वास्तव में इसकी सफलता खास तौर पर एफ-86 के विरुद्ध ऐसी थी कि इसने "सेबर स्लेयर" की उपाधि हासिल की। सितंबर का संघर्ष पहला पूर्ण-स्तरीय युद्ध था जिसमें स्वतंत्रता के बाद के समय की भारतीय वायु सेना इसमें शामिल हुई और परिणाम के तौर पर इसने कई सबक सीखे। बाद में किए गए विश्लेषणों में कुछ आवश्यकताओं का खुलासा हुआ और सबक सीखने की दिशा में विस्तार की गति थोड़ी धीमी पड़ गई। यह महसूस किया गया कि भारत-चीन युद्ध के बाद शुरू किए गए भारतीय वायु सेना के विस्तार की अत्यंत तेज गति के मद्?देनजर गुणवत्ता की अपेक्षा सैनिकों

## 1971 का वायु सेना ऑपरेशन

अत्यधिक विस्तार कर चुकी वायु सेना के व्यावसायिक स्तर, क्षमता और लचीलेपन की कठिन परीक्षा का समय शीघ्र सामने आने वाला था। 1970 के शुरू से ही उपमहाद्वीप की राजनीतिक स्थिति बिगड़ने लगी और भारतीय वायु सेना को एक और संभावित सशस्त्र संघर्ष के लिए सतर्क किया गया। नवंबर में कुछ सप्ताह तक भारत और पाकिस्तान दोनों की सरकारों ने पश्चिमी सीमा से लगे क्षेत्रों में राष्ट्रीय हवाई क्षेत्र के अतिक्रमण पर विरोध जताया लेकिन दोनों देशों की वायु सेनाओं के बीच हवाई संघर्ष सही मायने में 22 नवंबर को शुरू हुआ जो भारत और पाकिस्तान के बीच 12दिनों तक चलने वाले पूर्ण-स्तरीय युद्ध का पहला कदम था। 1449 बजे चार पाकिस्तानी सेबर वायुयानों ने चौगाचा मोड़ क्षेत्र में भारतीय और मुक्ति बाहिनी मोर्चे पर गोलाबारी की और 10 मिनट बाद तीसरे गोलाबारी हमले में लगे सेबर वायुयानों को नं. 22 स्क्वॉड्रन के चार नैट वायुयानों ने इंटरसेप्ट किया जिसकी एक टुकड़ी दमदम हवाई अड्?डे, कलकत्ता से ऑपरेट कर रही थी। बाद की घमासान लड़ाई के दौरान तीन सेबर वायुयानों को मार गिराया गया और सभी नैट वायुयान सही-सलामत अपने बेस पर लौट आए। भारत-पाकिस्तान के एक नए हवाई युद्ध में पहली बढ़त

हासिल कर ली गई थी। 3 दिसंबर को पूर्ण स्तरीय युद्ध आरंभ होने से पहले भारत और पाकिस्तान दोनों के हवाई क्षेत्रों के भीतर अगले 10 दिनों के दौरान अन्य लड़ाइयां होने वाली थीं। पाकिस्तानी वायु सेना द्वारा पहले भारतीय वायु सेना के श्रीनगर, अमृतसर और पठानकोट स्थित बेसों पर पूर्व-नियोजित हमला किया गया और बाद में अंबाला, आगरा, जोधपुर, उत्तरलई, अवंतीपुर, फरीदकोट, हलवाड़ा और सिरसा पर भी हमले किए गए। भारतीय वायु सेना के बेसों के अतिरिक्त पाकिस्तानी वायु सेना ने रेलवे स्टेशनों, भारतीय अस्त्र-शस्त्र केन्द्रों और अन्य लक्ष्यों पर भी हमले किए। जवाब में आगामी दो सप्ताह के दौरान भारतीय वायु सेना ने पश्चिमी क्षेत्र में जम्मू, कश्मीर, पंजाब और राजस्थान स्थित प्रमुख एवं अग्रवर्ती बेसों से कोई 4000 तथा पूर्वी क्षेत्र में 1978 और सॉर्टियां भरीं।

भारतीय वायु सेना के पास दिसंबर 1971 के संघर्ष के दौरान अपने प्रदर्शन से संतुष्ट होने का उचित कारण था। यद्यपि पाकिस्तानी वायु सेना ने प्रमुख अग्रवर्ती बेसों पर पूर्व-नियोजित हवाई हमलों के माध्यम से युद्ध की शुरूआत की थी, भारतीय वायु सेना ने शीघ्र बढ़त हासिल कर ली और इसके बाद दोनों सीमाओं पर हवाई प्रभुत्व स्थापित कर लिया। युद्ध में नुकसान तो होना ही था परंतु भारतीय वायु सेना ने अपने दुश्मन के मुकाबले कहीं ज्यादा सॉर्टियां भरीं जिनमें मुख्यतः इंटरडिक्शन मिशन सॉर्टियां अधिक थीं और इससे हुआ अधिकतर नुकसान गहन वायुयान रोधी गोलाबारी का परिणाम था। भारतीय वायु सेना ने हवाई युद्ध में निश्चित तौर पर अपनी श्रेष्ठता साबित की। पहला दौर एक बार फिर नैट वायुयानों के नाम रहा परंतु इसके बाद के साथी मिग-21 वायुयान शीघ्र ही व्यावसायिक पायलटों द्वारा उड़ाए जा रहे इस सुपरसोनिक लड़ाकू वायुयान की श्रेष्ठता प्रदर्शित करने वाले थे। मिग-21 एफएल वायुयानों से लैस छह स्क्वॉड्रनें भारतीय वायु सेना के युद्ध-क्रम का हिस्सा थीं और पूर्वी तथा पश्चिमी दोनों सेक्टरों में ऑपरेशनों में भाग ले रही थीं। बांग्लादेश में तूफानी हवाई हमले के दौरान तीन मिग-21 स्क्वॉड्रनें जवाबी हवाई कार्रवाई, एस्कॉर्ट और निकट सहयोग कार्यों में गुवाहाटी और तेजपुर से ऑपरेट कर रही थीं। छोटी रेंज में मिग-२१ की अत्यंत प्रभावशाली मारक क्षमता का सटीक हमलों में बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिला जब 500 किग्रा के बमों से तेजगांव और कुमीर्तोला स्थित पाकिस्तानी वायु सेना के हवाई बेसों पर हमले किए गए और खुद राजधानी ढाका स्थित महत्वपूर्ण कमान केन्द्रों पर 57 मि. मी. रॉकेटों से अचूक हमले किए गए।

मिग 21 को पश्चिमी क्षेत्र में हवाई रक्षा, एस्कॉर्ट और इंटरसेप्शन के प्रमुख कार्यों में तैनात किया गया। उत्तर में पठानकोट से लेकर दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र में जामनगर तक सभी प्रमुख हवाई बेसों पर तैनात किए गए मिग-21 एफएल वायुयानों ने महत्वपूर्ण ठिकानों (वीपी) और महत्वूपर्ण क्षेत्रों (वी ए) के ऊपर सैकड़ों समाघाती हवाई गश्त सॉर्टियां भरीं, बमवर्षक और स्ट्राइक फाइटर वायुयानों के लिए एस्कॉर्ट मिशनों को अंजाम दिया और दुश्मन के खतरनाक घुसपैठियों को रोकने के लिए लगातार चक्कर लगाए। मिग-21 को अंततः दिसंबर 1971 की लड़ाई के दौरान उपमहाद्वीप के ऊपर हवाई संघर्ष में अपना असली प्रतिद्वंद्वी एफ-104 स्टारफाइटर मिला और घमासान लड़ाई के रूप में दर्ज चारों मुकाबलों में मिग-21 वायुयानों ने एफ-104 वायुयानों को पछाड़ते हुए उन्हें धूल चटाई। 12 दिसंबर 1971 को पहली हवाई जीत हासिल हुई जब नं. 47 स्क्वॉड्रन की मिग-21 एफएल ने कच्छ की खाड़ी के ऊपर पाकिस्तानी वायु सेना के एक एफ-104 को मार गिराया और इसके बाद शीघ्र ही 17 दिसंबर को लगातार तीन और जीत हासिल करते हुए एचएफ-24 मारुत को एस्कॉर्ट कर रहे नं. 29 स्क्वॉड्रन के मिग-21 एफएल ने इंटरसेप्ट कर रहे एफ-104 वायुयान को राजस्थान के रेगिस्तान में उत्तरलाई के निकट बंदूक-मिसाइल मुठभेड़ में मार गिराया, जबकि घुसपैठ मिशन में लगे तीसरे एफ-104 को नं. 29 स्क्वॉड्रन के एक और मिग-21 एफएल ने मार गिराया।

दिसंबर 1971 के युद्ध में भारतीय वायु सेना को भारत का सर्वोच्च शौर्य पुरस्कार प्राप्त करने का गौरव हासिल हुआ। श्रीनगर से नं. 18 स्क्वॉड्रन के साथ नैट वायुयान उड़ा रहे फ्लाइंग अफसर निर्मल जीत सिंह सेखों को

**सामग्री और फोटो वायु सेना के वेबसाइट से ली गयी है।**




## भारतीय वायु सेना के हवाई आक्रमण : सटीक और अचूक परिणाम

**भारतीय** वायु सेना द्वारा दुःद्ममन के आपूर्ति कैम्पों और अन्य टागेटों पर किए गए हवाई आक्रमणों से बेहतर परिणाम सामने आए। उल्लेखनीय तथ्य यह है कि ग्राउंड पर कोई भी एक ऐसा ओपरेशन नहीं था जो हवाई हमले के बिना संभव हुआ। इनमें से प्रत्येक आपरेशन 15 कोर और जम्मू एवं कद्गमीर के ए ओ सी के समन्वित नियोजन का परिणाम था। तथापि, इन ऑपरेशन से जो बात उभरकर सामने आई वह यह थी कि आरंभ से ही सेना वायु सेना के संयुक्त नियोजन और परामर्द्गा की आवश्यकता थी जहां वायु सेना उन टागेटों के लिए सुझाव देती जिन्हें सेना की ग्राउंड ओपरेशन योजना में सबसे पहले शामिल किया जा सकता था। यह उस मामले से कहीं अधिक कारगर होता जहां सेना ने पहले अकेले बनायी गयी अपनी निजी योजना के अनुसार कार्रवाई आरंभ की थी और जब उन्होंने इसकी आवश्यकता समझी हवाई सहायता के लिए बुलाया।

सर्वप्रथम, शुगमन की आपूर्तियों को बाधित करने वाले क्षेत्रों में, पिछले कुछ सप्ताह से शुगमन की संभारिकी मद्गीनों पर लगातार जारी सफलतापूर्वक हमलों से बहुत से क्षेत्रों में शुगमन को वहां बनाए रखने की क्षमता में गंभीर कमी आई। द्रास सेक्टर में पाइंट सं. 4388 पर किए गए श्रृंखलावद्ध हमले इस बात के एक उत्कृषट उदाहरण थे कि समय से की गई टोह और प्राणघातक हमले से इसका पता चला कि कैसे, शुगमन विकल्प आपूर्ति मार्गों पर द्गिफ्ट हुआ और जिन पर पुनः कारगर हमले किए गए। शुगमन के रेडियो इंटर सेप्टरों की जांच से पता चला कि इसमें भा वा से शुगमन के आपूर्ति (सप्लाई) मार्गों को बाधित करने में सफल रही। बैटल फिल्ड एयर स्ट्राइक्स (बी ए एस) टागेटों के विपरीत इंटर डिक्द्गान टागेटों को पहले लेने की आवश्यकता स्पष्ट रूप से सामने आई और यह भी कि हवाई शक्ति को न केवल कम महत्व के टागेटों जैसे मद्गीन गन, चौकियों, ट्रेंचेज जैसे लक्ष्यों पर ही समय लगाना (फोकस करना) था अपितु बड़े परिणामी लक्ष्यों (जैसे मुंथों ढालों में आपूर्ति कैंप और टाइगर हिल की चोटी पर शुगमन की बटालियन के मुखयालय) को भी नेद्गत-नाबूद करना था। डेक लेवल पर चीखें मारने (स्क्रीमिंग करने), एक्सटेंडिंड अर्टिलियरी के पीस के रूप में कार्य करने वाले फाइटरों के दिन लद चुके हैं। आज के युद्ध-क्षेत्र का हवाई रक्षा परिवेद्गा ऐसी वायुद्गाक्ति के नियोजन की अब अनुमति नहीं देता। इस महत्वपूर्ण तथ्य को सैनिक और सिविलियन दोंनों को ही समान रूप से समझने की आवश्यकता है।






इस ओपरेशन में हवाई शक्ति का दूसरा प्रमुख प्रभाव हताहतों के संबंध में था। सामान्यतः शुगमन जो बेहतर किलेबंदी की स्थिति में रक्षित हो, (इस मामले में पाकिस्तान) तो उसके हताहत सैनिकों की संखया आक्रमणकारी फोर्स की तुलना में ३ से ६ गुणा कम होती है। तथापि, इस ओपरेशन में स्थिति विपरीत देखने में आई, शुगमन के हताहत सैनिकों की संखया हमारे हताहत सैनिकों से कहीं अधिक थी। एक महत्वपूर्ण तथ्य जिसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए, युद्ध के दोनों पक्षों में, यह पाकिस्तानी सेना थी जिसने हवाई हमलों को झेला इन हमलों ने उसके हताहतों की संखया में बड़ी मात्रा में वृद्धि की। यह समझा जाता है कि हवाई शक्ति के प्रयोग के बिना, हमारे निजी हताहत सैनिकों की संखया पहुंच सकती थी यदि चार अंकों से अधिक नहीं होती ?

उस हमले का तीसरा पहलु, अटैक चापर ओपरेशन था। एम आई-३५ जैसे भा वा से के समर्पित अटैक चापर उस ऊंचाई पर ऑपरेट करने में अक्षम थे जिससे इस भूमिका के लिए सद्गास्त्र और माडिफाइड एम आई-१७ प्रयोग में लाए गए। स्वयं मद्गीन की क्षमता के साथ-साथ और ओपरेशन क्षेत्र सही हवाई रक्षा परिवेद्गा तैयार करना ऐसे निर्णायक कारक थे जो इस प्लेटफार्म पर नियोजन (हवाई शक्ति के नियोजन) का निर्धारण करते। प्रभावकारिता बनाम सुभेदता के परीक्षण की आवश्यकता थी। आपरेशन सफेदसागर के दौरान, खाली पड़े शुगमन द्वारा कब्जाए क्षेत्रों में मैन पोर्टेबल सैम, अटैक चापरों के कारगर रूप से नियोजन में बाधा थे। तथापि भा वा से के चीता फ्रंट लाइन ने भूमिका का निषपादन करने में, जैसे एयरबार्न फारवर्ड एयर कंट्रोलर (एफ ए सी) को प्लेटफार्म उपलब्ध कराने जैसे भूमिका का निषपादन करने में सहायक थे, इसमें एक फाइटर पायलट जो जमीनी लक्ष्यों पर आक्रमण करने के संबंध में फाइटरों को दिशा-निर्देद्गा देता है।

हवाई शक्ति का चौथा प्रमुख प्रभाव ग्राउंड पर किए गए आक्रमणों (की गई गोलावारी) से इसने व्यापक अंतर (ग्राउंड तहस-नहस कर दिया) ला दिया। इसका उदाहरण एक फील्ड आर्मी यूनिट के मुखयालय से प्राप्त संदेद्गा से बेहतर कोई उदाहरण नहीं हो सकता (जो ऊपर तिरछे शब्दों में दिया गया है) जिसमें कहा गया है कि "टाइगर हिल पर किए गए लगातार घातक हवाई हमलों से हमारे सैन्यबलों ने पूरे टाइगर हिल क्षेत्र पर कब्जा कर लिया, शुगमन भाग खड़ा हुआ"।

पांचवा , कुशाग्र बुद्धि और कल्पना का सहारा लेकर नाइट आपरेशन संचालित किए गए। कई बार मिग-२१ जैसे एयरक्राफ्ट द्वारा स्टाप वॉच और जी पी एस रिसीवर का कम प्रयोग करने पर भी बेहतर परिणाम हासिल किए गए। इन आपरेद्गानों ने शुगमन की साहस जुटाने की क्षमता और शारीरिक शक्ति और युद्ध करने की इच्छा पर बुरा प्रभाव डाला।

छठवां, एयर डिफेंस एस्कोर्ट और युद्ध क्षेत्र में दिन और रात गद्गत लगाने में किए गए प्रयासों से कई बार पाकिस्तानी टागेटों पर अटैक कर रहे हमारे स्ट्राइक फार्मेद्गानों से 15 किमी (एल ओ सी पार उनकी अपनी साइड में) दूर पाकिस्तानी वायु सेना के एफ-16 कुछ समय के लिए घूमते नजर आए, जिन्हें स्ट्राइक लेवल से ऊपर बचावकारी पैटर्न में उड़ान भर रहे हमारे निजी एयर डिफेंस फाइटरों ने उन्हें दूर ही रखा।